निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या 01 **पटना, बुधवार,** 11 पौष 1946 (श0)
1 जनवरी 2025 (ई0)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग-1—नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।	02-26
भाग-1-क—स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश।	---
भाग-1-ख—मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि।	---
भाग-1-ग—शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि	---
भाग-2—बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।	27-27
भाग-3—भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण।	---
भाग-4—बिहार अधिनियम	---
भाग-5—बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक,उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-7—संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की ज्येष्ठ अनुमति मिल चुकी है।	---
भाग-8—भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-9—विज्ञापन	---
भाग-9-क—वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं	---
भाग-9-ख—निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।	28-161
पूरक	---
पूरक-क	---

भाग–1

नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।

श्रम संसाधन विभाग

अधिसूचनाएं

20 दिसम्बर 2024

एस०ओ० 01 दिनांक 1 जनवरी 2025––कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 66 की उपधारा (1)(b) के परन्तुक के प्रयोजनार्थ श्रम संसाधन विभाग को राज्य सरकार के रूप में प्राधिकृत किया जाता है।

(सं0सं0 1/एफ1–117/2016, श्र0सं0––15)
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
दीपक आनन्द, सचिव।

20 दिसम्बर 2024

एस०ओ० 02, एस०ओ० 01 दिनांक 1 जनवरी 2025 का अँग्रेजी भाषा में निम्नलिखित अनुवाद बिहार–राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड(3) के अधीन अँग्रेजी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

(सं0सं0 1/एफ1–117/2016, श्र0सं0––16)
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
दीपक आनन्द, सचिव।

The 20th December 2024

S.O. 01 dated 1st January 2025---For the purpose of proviso of sub section (1)(b) of section 66 of the Factories Act, 1948 Labour Resources Department is authorized as State Government.

(File No.-1/F1-117/2016, LRD- -15)
By the Order of Governor of Bihar,
Deepak Anand, Secretary.

पथ निर्माण विभाग

अधिसूचनाएं

21 नवम्बर 2024

सं० निग/सारा (एन०एच०) आरोप–42/2017–5793(S)––श्री देवकान्त कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, छपरा सम्प्रति कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, छपरा के पदस्थापन काल मे राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–101 के कि०मी० 45.00 से 65.00 पथांश में (Job No.-101-BR-2016-17-1547) करायें गये BC कार्य एवं कि०मी० 1.10.से 1.11 में ROB के निर्माण कार्य में बरती गयी अनियमितता एवं विलम्ब के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–418 (एस) अनु० दिनांक–19.01.2021 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित किया गया। उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही में आरोप पत्र के तहत कुल–02 (दो) आरोप निम्नवत गठित किये गये :–

(i) राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–101 के कि०मी० 45.00 से 65.00 पथांश में Job No.-101-BR-2016-17-1547 के तहत स्वीकृत PR कार्य जून 2017 में पूर्ण कराया गया। परन्तु इस पथांश में कराया गया BC कार्य जून 2017 में ही अधिकांश भागों में क्षतिग्रस्त हो गया। BC का कार्य तुरन्त उखड़ जाना काफी खराब गुणवत्ता का साक्ष्य है। Centre Line Marking का कार्य भी विशिष्टियों के अनुरूप नहीं कराया गया।

(ii) राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–101 के कि०मी० 1.10 से 1.11 पथांश में स्वीकृत RoB के निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक–25.05.2017 को कर लिया गया, परन्तु जमीन के अभाव में निरीक्षण की तिथि दिनांक–19.09.2017 तक Appointed Date नहीं दिया गया, जिसके कारण कार्य अत्यधिक Delayed हुआ, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं जिम्मेदारी के बोध की कमी है।

2. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण)–सह–संचालन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–32 अनु० दिनांक–04.04.2022 द्वारा उक्त संचालित विभागीय कार्यवाही से संबंधित जाँच प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा जाँच प्रतिवेदन के तहत निष्कर्ष के रूप में श्री कुमार के विरूद्ध प्रपत्र 'क' के तहत गठित दोनों आरोपों को अप्रमाणित पाये जाने का मंतव्य दिया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराये गये जाँच प्रतिवेदन की विभागीय समीक्षा के उपरान्त आरोप संख्या–(ii) के संबंध में संचालन पदाधिकारी का निष्कर्ष सहमति योग्य पाया गया एवं आरोप संख्या–(i) के संबंध में संचालन पदाधिकारी का निष्कर्ष असहमति योग्य पाया गया। इस प्रकार आरोप संख्या–01 के संबंध में उत्पन्न असहमति के बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में श्री कुमार से विभागीय पत्रांक–5392(एस) अनु० दिनांक–26.10.2022 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी।

3. श्री देवकान्त कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता सम्प्रति कार्यपालक अभियंता के द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–11.11.2022 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर के तहत् मुख्य रूप से निम्नलिखित तथ्य/तर्क अंकित किये गये :–

(i) जून, 2017 में प्री मॉनसून मूसलाधार वर्षा होने के कारण घनी बसावट वाले गाँवों के पास ग्रामीणों द्वारा अपने घर का नाला सीधे सड़क पर लाकर छोड़ देने के कारण तत्कालिक दो तीन पॉट हो गये थे, जिसे मरम्मति करा दिया गया था। ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे चापाकल लगाने से उसका पानी सड़क पर आ जा रहा था, जिसे फ्लैंक किनारे कच्चा नाला बनाकर जल–जमाव की समस्या को दूर किया गया था।

(ii) यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त आलोच्य पथांश का उड़नदस्ता द्वारा दो बार जाँच किया गया था उनके द्वारा पथ की भौतिक स्थिति के बारे में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई तथा उपयोग में लाई गई निर्माण सामग्रियों को मानक के अनुरूप बताया गया।

4. श्री देवकान्त कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता सम्प्रति कार्यपालक अभियंता के द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि आरोप संख्या–(i) के संबंध में उत्पन्न असहमति के बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में श्री कुमार द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर के तहत् BC कार्य के क्षतिग्रस्त होने के लिए पथ परत पर बरसात के पानी का जमाव होना एवं स्थानीय लोगों द्वारा चापाकल का पानी पथ परत पर गिराने का कारण बताया गया है, जिसे अधीक्षण अभियंता के निरीक्षण के बाद संवेदक के व्यय पर ठीक करा दिया गया। इनके द्वारा विभागीय कार्यवाही के दौरान संचालन पदाधिकारी के समक्ष दिये गये बचाव–बयान से ही इस बात की पुष्टि होती है कि बाढ़ अगस्त, 2017 में आया था, जबकि इससे पूर्व ही अधीक्षण अभियंता के द्वारा जून–जुलाई माह में पथ के निरीक्षण के समय ही BC कार्य में काफी पॉट्स पाये गये। इससे स्पष्ट होता है कि जून माह में कराये गये BC कार्य जून माह में ही क्षतिग्रस्त हो गया। हालाँकि कालांतर में क्षतिग्रस्त पथांश को संवेदक के व्यय पर ठीक कराया गया है , परन्तु इससे आरोप की गंभीरता को कम करके आंका नहीं जा सकता है। इस प्रकार विभाग द्वारा इनके विरूद्ध गठित किये गये आरोप इस हद तक प्रमाणित होता है।

5. उपर्युक्त के आलोक में समीक्षोपरान्त पाया गया है कि **श्री देवकान्त कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, छपरा सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, शेखपुरा** के द्वारा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में अनियमितता एवं चूक बरती गयी है, जो कदाचार के श्रेणी में आता है। इनके द्वारा समर्पित द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए सम्यक विचारोपरान्त उनके विहित समानुपातिक दायित्व को दृष्टिपथ में रखते हुए सरकार के निर्णयानुसार बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(v) के तहत विभागीय अधिसूचना संख्या–5393(एस) सहपठित ज्ञापांक–5394(एस) दिनांक–05.09.2023 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया :–

(i) **"दो (02) वार्षिक वेतन वृद्धि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक"**

6. उक्त दण्डादेश के विरूद्ध श्री कुमार के द्वारा पुनर्विचार अभ्यावेदन–शून्य दिनांक–21.09.2023 समर्पित किया गया, जिसके तहत मुख्य रूप से निम्नलिखित तथ्य एवं तर्क अंकित किये गये :–

(i) श्री कुमार द्वारा विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान बचाव–बयान एवं द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर में यह तथ्य समर्पित किया था कि जून माह में प्रीमॉनसून भारी वर्षा के कारण घनी वसावट वाले एक गाँव में जल–जमाव तथा ग्रामीणों द्वारा घर का नाला सड़क तक लाकर छोड़ने एवं सड़क किनारे समुदायिक चापाकल का पानी सीधे सड़क पर आने के कारण एक–दो जगहों पर पॉट्स हो गये थे, जिसे ससमय मरम्मति करा दिया गया था एवं चापाकल के पानी को फ्लैंक किनारे कच्चा ड्रेन बनाकर हटाया गया। पथांश DLP में होने के कारण संवेदक द्वारा उनके खर्च पर ही मरम्मति कार्य कराया गया जो कि DLP का असल मतलब है। साथ ही संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप को अप्रमाणित प्रतिवेदित किये जाने का भी संदर्भ दिया गया है।

(ii) साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि आलोच्य पथांश का कार्य के दौरान दो बार उड़नदस्ता प्रमण्डल द्वारा जाँच की गयी थी, जिसमें कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गयी थी।

7. इसके अतिरिक्त, श्री कुमार द्वारा पुनर्विचार अभ्यावेदन के रूप में एक अन्य अभ्यावेदन–शून्य दिनांक–03.04.2024 भी समर्पित किया गया, जिसके तहत मुख्य रूप से विषयांकित मामले के संवेदक द्वारा दायर CWJC No.-7782/2021 मे पारित आदेश एवं इसके विरूद्ध विभाग द्वारा दायर LPA No.-108/2022 में पारित आदेश के आलोक में विभागीय आदेश ज्ञापांक–1196 दिनांक–01.03.2024 के द्वारा संवेदक को आरोप मुक्त कर दिये जाने का संदर्भ देते हुए उन्हें भी आरोप मुक्त करने का अनुरोध किया गया।

8. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में श्री देवकान्त कुमार के द्वारा समर्पित पुनर्विचार अभ्यावेदन की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री कुमार द्वारा विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान समर्पित बचाव–बयान में मुख्य रूप से यह उल्लेख किया गया था कि वर्ष, 2017 में प्रीमॉनसून की लगातार भारी वारिस होने के कारण गोपालगंज जिला अन्तर्गत गंडकी बाँध माह अगस्त, 2017 में क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके फलस्वरूप आलोच्य पथांश में दिनांक–18.08.2017 से 23.08.2017 तक भीषण बाढ़ आ गया था, और कई जगह पर पथ परत के उपर छः इंच से डेढ़ फीट तक पानी का बहाव हो रहा था, जिसकी पुष्टि संचालन प्रतिवेदन से होती है। इस प्रकार, श्री कुमार पूर्व में बचाव–बयान के दौरान आलोच्य पथ के क्षतिग्रस्त होने का मुख्य कारण अगस्त, 2017 में आये बाढ़ को बताया गया था, जबकि वर्त्तमान पुनर्विचार अभ्यावेदन में पथ के क्षतिग्रस्त होने का मुख्य कारण जून माह में भारी वर्षा के कारण घनी बसावट वाले एक गाँव में जल–जमाव तथा ग्रामीणों द्वारा घर का नाला सड़क तक लाकर छोड़ने, चापालकल का पानी सड़क पर छोड़ने आदि को बताया गया। इस प्रकार, श्री कुमार द्वारा पथ के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में भिन्न–भिन्न अवसरों पर भिन्न–भिन्न तर्क दिये गये, जिसे विश्वसनीय नहीं माना जा सकता। बचाव–बयान में श्री कुमार द्वारा अगस्त माह में भारी वर्षा होने की बात कही गयी, जबकि वर्त्तमान पुनर्विचार अभ्यावेदन में जून माह में भारी वर्षा होने की बात कही गयी, जिसे तर्कसंगत नहीं माना जा सकता है, जबकि वास्तविक तथ्य यह है कि अगस्त माह में बाढ़ आयी थी और इससे पूर्व ही अधीक्षण अभियंता के जाँच प्रतिवेदन के अनुसार जून–जुलाई माह में पथ के निरीक्षण के समय ही BC कार्य में काफी पॉट्स पाये गये। इससे स्पष्ट होता है कि जून माह में कराये गये BC कार्य जून माह में ही क्षतिग्रस्त पाया गया था। अतएव श्री कुमार का उक्त तथ्य एवं तर्क संतोषजनक प्रतीत नहीं होता है।

9. जहाँ तक विषयांकित मामले में ही संबंधित संवेदक द्वारा दायर CWJC No.-7782/2021 में पारित आदेश एवं इसके विरूद्ध विभाग द्वारा दायर LPA No.-108/2022 में पारित आदेश के आलोक में विभागीय आदेश ज्ञापांक–1196 दिनांक–01.03.2024 के द्वारा संवेदक को आरोप मुक्त कर दिये जाने का प्रश्न है तो निम्न तथ्यों के आधार पर श्री कुमार का तर्क मानने योग्य प्रतीत नहीं होता है :–

(i) ज्ञात हो कि अभियंता के विरूद्ध Bihar CCA Rules, 2005, में वर्णित प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई की जाती है, जबकि संवेदक के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली के तहत कार्रवाई की जाती है। इस प्रकार, अभियंता एवं संवेदक के विरूद्ध भिन्न–भिन्न नियमों के तहत कार्रवाई की जाती है।

(ii) वर्णित CWJC No.-7782/2021 में पारित आदेश एवं इसके विरूद्ध विभाग द्वारा दायर LPA No.-108/2022 में पारित आदेश के अवलोकन से स्पष्ट होगा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मेरिट के आधार पर संवेदक के विरूद्ध निर्गत दण्डादेश को quashed नहीं किया गया है, बल्कि प्रक्रियात्मक चूक होने के परिस्थितिजन्य कारण से संवेदक के विरूद्ध निर्गत दण्डादेश को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा quashed किया गया है। ऐसी स्थिति में श्री कुमार द्वारा दिये गये तर्क को स्वीकार किये जाने का युक्तिसंगत अवसर प्रतीत नहीं होता है।

(iii) यह भी उल्लेखनीय है कि विभागीय आदेश संख्या–1196 दिनांक–01.03.2024, जिसके द्वारा संवेदक के विरूद्ध निर्गत दण्डादेश को रद्द किया गया है, में स्पष्ट रूप से यह उल्लिखित है कि ''संवेदक द्वारा फर्जी चालान जमा किया जाना एक आपराधिक कृत्य है, जिसके विरूद्ध विधिवत प्राथमिकी दर्ज है'' इससे भी स्पष्ट होता है कि संवेदक के विरूद्ध विषयांकित मामले को पूर्ण रूप से समाप्त नहीं किया गया है। अतएव श्री कुमार का कथन विचारण योग्य प्रतीत नहीं होता है।

10. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में श्री देवकान्त कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, छपरा सम्प्रति कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, शेखपुरा के द्वारा विभागीय दण्डादेश के विरूद्ध समर्पित अपने पुनर्विचार अभ्यावेदन दिनांक–21.09.2023 एवं अभ्यावेदन दिनांक–03.04.2024 को संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में इसे अस्वीकृत किया जाता है।

11. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
पूनम कुमारी, संयुक्त सचिव।

---

29 नवम्बर 2024

सं० निग/सारा–01 (पथ) आरोप–36/2021 –6064(S)––श्री विजय कुमार यादव, तत्कालीन सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण ईकाई, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज, पथ प्रमंडल, अररिया के पथ प्रमंडल, जमुई पदस्थापन काल में नाबार्ड योजनान्तर्गत लक्ष्मीपुर–जिनहारा–धमना–झाझा पथ के निर्माण कार्य में पायी गयी अनियमितता संबंधी एकमात्र आरोप के लिए विभागीय पत्राक–6869 (एस) दिनांक 06.09.2018 के द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उन्होंने पत्रांक–73, दिनांक 06.10.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण उत्तर समर्पित किया, जिसके विभागीय समीक्षोपरांत इसे संतोषजनक नहीं पाते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5048 (एस) दिनांक 06.10.2021 के द्वारा श्री यादव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आरोप का एकमात्र बिन्दु निम्नवत् है :–

" पथ के 10वें एवं 21वें कि०मी० में कराये गये BM Gr.-II कार्य में प्रयुक्त अलकतरा के औसत मान क्रमशः 2.57% एवं 2.54% पायी गयी है। पूरे पथ के लिए अलकतरा की औसत मान BM Gr.-II 2.56% पायी गयी है, जो प्राक्कलन में प्रावधानित अलकतरा की मात्रा 3.3% के लिए विभागीय Tolerance Limit (2.94) से कम है।"

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1410 अनु०, दिनांक 29.06.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री यादव के विरूद्ध गठित आरोप को अप्रमाणित होने संबंधी मंतव्य गठित किया गया। संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमति का बिन्दु सृजित करते हुए विभागीय पत्रांक–6241 (एस) दिनांक 17.10.2023 के द्वारा उनसे लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री यादव ने पत्रांक–197 अनु०, दिनांक 16.12.2023 के द्वारा अपना द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया।

3. श्री यादव ने अपने द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर में पथ की गुणवत्ता जाँच में TRI द्वारा गलत विधि का प्रयोग किये जाने को मुख्य आधार बनाया है, साथ ही उन्होंने अंकित किया है कि अगर TRI द्वारा गुणवत्ता की जाँच सही विधि से की गयी होती तो जाँच प्रतिफल Tolerance Limit से अधिक आता। श्री यादव के उत्तर पर विभागीय तकनीकी समिति के मंतव्य की मांग की गयी, जिसमें उनके Testing के Method संबंधी तर्क को समिति के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि उड़नदस्ता जाँच में स्पष्ट रूप से अलकतरा का औसत मान निर्धारित Tolerance Limit से कम पायी गयी है, जिसके संबंध में श्री यादव ने कोई ठोस साक्ष्यगत बचाव का तर्क प्रस्तुत नहीं किया है। अतः उनके द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को स्वीकृत किये जाने का कोई युक्तिसंगत अवसर प्रतीत नहीं होता है।

4. उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में सम्यक विभागीय समीक्षोपरांत श्री विजय कुमार यादव, तत्कालीन सहायक अभियंता, गुण नियंत्रण ईकाई, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज, पथ प्रमंडल, अररिया के द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध प्रमाणित पाये गये एकमात्र आरोप के संबंध में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम 14 (v) के तहत निम्नलिखित दण्ड संसूचित किया जाता है:–

(i) संचयी प्रभाव के बिना 02 (दो) वेतन वृद्धियों पर रोक।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, संयुक्त सचिव।

---

29 नवम्बर 2024

सं० निग/सारा–01 (पथ) आरोप–36/2021 –6059(S)––श्री सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक शोध पदाधिकारी, गुण नियंत्रण ईकाई, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सहायक निदेशक, गुण नियंत्रण अवर प्रमंडल, पथ प्रमंडल, सुपौल के पथ प्रमंडल, जमुई पदस्थापन काल में नाबार्ड योजनान्तर्गत लक्ष्मीपुर–जिनहारा–धमना–झाझा पथ के निर्माण कार्य में पायी गयी अनियमितता संबंधी एकमात्र आरोप के लिए विभागीय पत्राक–6868 (एस) दिनांक 06.09.2018 के द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उन्होंने पत्रांक–136, दिनांक 29.12.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण उत्तर समर्पित किया, जिसके विभागीय समीक्षोपरांत इसे संतोषजनक नहीं पाते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5056 (एस) दिनांक 06.10.2021 के द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आरोप का एकमात्र बिन्दु निम्नवत् है :–

" पथ के 10वें एवं 21वें कि०मी० में कराये गये BM Gr.-II कार्य में प्रयुक्त अलकतरा के औसत मान क्रमशः 2.57% एवं 2.54% पायी गयी है। पूरे पथ के लिए अलकतरा की औसत मान BM Gr.-II 2.56% पायी गयी है, जो प्राक्कलन में प्रावधानित अलकतरा की मात्रा 3.3% के लिए विभागीय Tolerance Limit (2.94) से कम है।"

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1412 अनु०, दिनांक 29.06.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री कुमार के विरूद्ध गठित आरोप को अप्रमाणित होने संबंधी मंतव्य गठित किया गया। संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमति का बिन्दु सृजित करते हुए विभागीय पत्रांक–6240(एस) दिनांक 17.10.2023 के द्वारा उनसे लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री कुमार ने पत्रांक–शून्य, दिनांक 09.12.2023 के द्वारा अपना द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया।

3. श्री कुमार ने अपने द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर में पथ की गुणवत्ता जाँच में TRI द्वारा गलत विधि का प्रयोग किये जाने को मुख्य आधार बनाया है, साथ ही उन्होंने अंकित किया है कि अगर TRI द्वारा गुणवत्ता की जाँच सही विधि से की गयी होती तो जाँच प्रतिफल Tolerance Limit से अधिक आता। श्री कुमार के उत्तर पर विभागीय तकनीकी समिति के मंतव्य की मांग की गयी, जिसमें उनके Testing के Method संबंधी तर्क को समिति के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि उड़नदस्ता जाँच में स्पष्ट रूप से अलकतरा का औसत मान निर्धारित Tolerance Limit से कम पायी गयी है, जिसके संबंध में श्री कुमार ने कोई ठोस साक्ष्यगत बचाव का तर्क प्रस्तुत नहीं किया है। अतः उनके द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को स्वीकृत किये जाने का कोई युक्तिसंगत अवसर प्रतीत नहीं होता है।

4. उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में सम्यक विभागीय समीक्षोपरांत श्री सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक शोध पदाधिकारी, गुण नियंत्रण ईकाई, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति सहायक निदेशक, गुण नियंत्रण अवर प्रमंडल, पथ प्रमंडल, सुपौल के द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध प्रमाणित पाये गये एकमात्र आरोप के संबंध में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम क्रमशः 14 (v) एवं 14 (i) के तहत निम्नलिखित दण्ड संसूचित किया जाता है :–

(i) संचयी प्रभाव के बिना 01 (एक) वेतन वृद्धि पर रोक।

(ii) आरोप वर्ष 2015 के लिए "निन्दन"।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, संयुक्त सचिव।

---

29 नवम्बर 2024

सं० निग/सारा–01 (पथ) आरोप–36/2021 –6062(S)––श्री अनिल कुमार यादव, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति कार्यपालक अभियंता (निलंबित) के उक्त पदस्थापन काल में नाबार्ड योजनान्तर्गत लक्ष्मीपुर–जिनहारा–धमना–झाझा पथ के निर्माण कार्य में पायी गयी अनियमितता संबंधी एकमात्र आरोप के लिए विभागीय पत्राक–452 (एस) दिनांक 15.01.2018 के द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उन्होंने पत्र दिनांक 21.07.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण उत्तर समर्पित किया, जिसके विभागीय समीक्षोपरांत इसे संतोषजनक नहीं पाते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया। विभागीय संकल्प ज्ञापांक–5071 (एस) दिनांक 07.10.2021 के द्वारा श्री यादव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आरोप का एकमात्र बिन्दु निम्नवत् है :–

" पथ के 10वें एवं 21वें कि०मी० में कराये गये BM Gr.-II कार्य में प्रयुक्त अलकतरा के औसत मान क्रमशः 2.57% एवं 2.54% पायी गयी है। पूरे पथ के लिए अलकतरा की औसत मान BM Gr.-II 2.56% पायी गयी है, जो प्राक्कलन में प्रावधानित अलकतरा की मात्रा 3.3% के लिए विभागीय Tolerance Limit (2.94) से कम है।"

2. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक–1406, दिनांक 29.06.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें श्री यादव के विरूद्ध गठित आरोप को अप्रमाणित होने संबंधी मंतव्य गठित किया गया। संचालन पदाधिकारी के मंतव्य से असहमति का बिन्दु सृजित करते हुए विभागीय पत्रांक–6242 (एस) दिनांक 17.10.2023 के द्वारा उनसे लिखित अभिकथन के रूप में द्वितीय कारण–पृच्छा की मांग की गयी। श्री यादव ने पत्रांक–06, दिनांक 13.12.2023 के द्वारा अपना द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर समर्पित किया।

3. श्री यादव ने अपने द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर में पथ की गुणवत्ता जाँच में TRI द्वारा गलत विधि का प्रयोग किये जाने को मुख्य आधार बनाया है, साथ ही उन्होंने अंकित किया है कि अगर TRI द्वारा गुणवत्ता की जाँच सही विधि से की गयी होती तो जाँच प्रतिफल Tolerance Limit से अधिक आता। श्री यादव के उत्तर पर विभागीय तकनीकी समिति के मंतव्य की मांग की गयी, जिसमें उनके Testing के Method संबंधी तर्क को समिति के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि उड़नदस्ता जाँच में स्पष्ट रूप से अलकतरा का औसत मान निर्धारित Tolerance Limit से कम पायी गयी है, जिसके संबंध में श्री यादव ने कोई ठोस साक्ष्यगत बचाव का तर्क प्रस्तुत नहीं किया है। अतः उनके द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को स्वीकृत किये जाने का कोई युक्तिसंगत अवसर प्रतीत नहीं होता है।

4. उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में सम्यक विभागीय समीक्षोपरांत श्री अनिल कुमार यादव, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, जमुई सम्प्रति कार्यपालक अभियंता (निलंबित) के द्वितीय कारण–पृच्छा उत्तर को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध प्रमाणित पाये गये एकमात्र आरोप के संबंध में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम 14 (v) के तहत निम्नलिखित दण्ड संसूचित किया जाता है :–

(i) संचयी प्रभाव के बिना 02 (दो) वेतन वृद्धियों पर रोक।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, संयुक्त सचिव।

---

11 दिसम्बर 2024

सं० निग/सारा–1 (NH)–47/2014–6274(S)––श्री अजय कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता (योजना अनुश्रवण एवं गुण नियंत्रण)–3, मुख्य अभियंता, उत्तर का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के पदस्थापन काल के दौरान एन0एच0–98 के जसोईया मोड़ से दाउदनगर पथ में कराये गये कार्य की जाँच कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता प्रमंडल संख्या–1 द्वारा की गयी तथा पत्रांक–299 अनु0 दिनांक–22.12.10 द्वारा समर्पित प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन एवं पत्रांक–136 अनु0 दिनांक–28.06.11 द्वारा समर्पित अन्तिम (गुणवत्ता) जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत पाया गया कि पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये SDBC कार्य

का औसत FDD प्रावधानित 2.30gm/cc के विरूद्ध 1.95gm/cc पाया गया। पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 21.23 प्रतिशत ओभर साईज पाया गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा 1.73 प्रतिशत पायी गयी जबकि प्रावधान 1.93 प्रतिशत का है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अंडर साईज पाया गया।

2. उपर्युक्त पायी गयी अनियमितता के लिए श्री कुमार से विभागीय पत्रांक–4479 (ई) अनु0 दिनांक–28.08.11 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

3. श्री कुमार के पत्रांक–112 अनु0 दिनांक–13.10.11 द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उनके द्वारा SDBC कार्य का औसत FDD प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया कि एकरारनामा में कहीं भी यह अंकित नहीं है कि Field Density क्या होना चाहिए तथा कार्य के दौरान मना करने पर भी नये सतह पर गाड़ियों के आवागमन के कारण FDD का औसत कम हो गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट ओभर साईज पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि मजदूरों द्वारा जानकारी के आभाव में कुछ Pots में ओभर साईज मेटेरियल द्वारा कार्य किया गया होगा। इस संबंध में यह भी स्पष्ट किया गया है कि बिहार राज्य में स्टोन मेटल सधारणतः Hand Broken हीं होते हैं जिससे की ओभर साईज पत्थरों की संख्या कुछ अधिक हो जाती है, क्योंकि मजदूरों द्वारा Eye Estimation द्वारा पत्थर तोड़ा जाता है। यह भी उल्लेख किया गया कि कार्य पूर्ण होने के छः माह बाद जाँच कराया गया। BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा प्रावधान से कम पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया कि यह आरोप सही प्रतीत नहीं होता है। पथ के 106 वें कि0मी0 में कराये गये BUSG (in pot repair) कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट औसतन 13.73 प्रतिशत ओभर साईज एवं 7.93 प्रतिशत अन्डर साईज पाये जाने के संबंध में स्पष्ट किया गया कि 106 वें कि0मी0 इनके कार्यक्षेत्र में नहीं पड़ता है।

4. श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत पाया गया कि SDBC कार्य का औसत FDD 2.16gm/cc तक पाये जाने पर टोलरेन्स के रूप में स्वीकार किया गया है। इस मामले में SDBC कार्य का औसत FDD 1.95gm/cc है जो उक्त निर्धारित टोलरेन्स से काफी कम है। इस कारण इस बिन्दु पर प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। BUSG कार्य में प्रयुक्त एग्रीगेट के ग्रेडिंग में भिन्नता 7.50 प्रतिशत तक पाये जाने पर टोलरेन्स के रूप में स्वीकार किया गया है। इस मामले में पायी गयी भिन्नता 12.13 प्रतिशत है जो उक्त निर्धारित टोलरेन्स से अधिक है।

अतएव विभागीय अधिसूचना संख्या–11957 (एस) दिनांक 11.12.2024 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध निम्न दण्ड संसूचित किया गया :–

"असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक"।

5. उक्त दंडादेश के विरूद्ध श्री कुमार ने अपने पुनर्विलोकन अर्जी पत्रांक–04 (अनु0) दिनांक–22.01.15 विभाग को समर्पित किया। अपने पुनर्विलोकन अर्जी में श्री कुमार ने मुख्य रूप से निम्न तथ्यों का उल्लेख किया है :–

(i) TRI ने अपने जाँचफल में अंकित किया है कि 'sample is not sufficient for this work' इससे स्पष्ट हो जाता है कि TRI द्वारा प्रतिवेदित जाँचफल विश्वसनीय नहीं है।

(ii) पथ के 106 वें कि0मी0 तथा 103–120 वें कि0मी0 तक BUSG का कार्य श्री विनय कुमार, सहायक अभियंता द्वारा कराया गया था। इस कार्य से उनका कोई संबंध नहीं रहा है।

(iii) BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की औसत मात्रा 1.73 प्रतिशत पायी गयी है जबकि प्रावधान न्यूनतम 1.4 प्रतिशत से अधिक है।

(iv) कार्य में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्रियों की जाँच गुण नियंत्रण से कराने के पश्चात ही कार्य में लगाया जाता हैं बिहार एवं झारखंड के किसी भी खदान पर सही मानक का पत्थर उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण Aggrigate औसत में विचलन की संभावना बनी रहती है।

6. श्री कुमार के पुनर्विलोकन अर्जी पत्रांक–04 (अनु0) दिनांक–22.01.15 के विभागीय समीक्षोपरांत निम्न कारणों से स्वीकार योग्य नहीं है :–

(क) पथ के 106 वें कि0मी0 प्रथम एच0पी0 पुलिया से 121 मी0 पहले तक संग्रहित जाँचफल से संबंधित है जिसका संबंध श्री कुमार से नहीं रहा है। इसलिए पुनर्विलोकन अर्जी की कंडिका–(i) मान्य नहीं है।

(ख) यह सत्य है कि पथ के 106 वें कि0मी0 एवं 103–120 वें कि0मी0 तक के कार्यों की संबद्धता श्री कुमार से नहीं रही। इन पथांशों में पायी गयी अनियमितताओं के लिए इन्हें नहीं बल्कि पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये कार्यों में पायी गयी अनियमितताओं के लिए इन्हें दंडित किया गया है। क्योंकि पथ के 126 वें कि0मी0 में कराये गये कार्यों की संबद्धता श्री कुमार से रही है। इसलिए पुनर्विलोकन अर्जी की कंडिका–(ii) मान्य नहीं है।

(ग) BUSG कार्य में प्रयुक्त अलकतरा की प्रावधानित मात्रा 1.93 प्रतिशत है न कि 1.4 प्रतिशत। अतः श्री कुमार के पुनर्विलोकन अर्जी की कंडिका–(iii) स्वीकार योग्य नहीं है।

(घ) श्री कुमार ने कार्य में प्रयुक्त होने वाले Aggrigate को मानक के अनुरूप उपलब्ध नहीं होने का उल्लेख किया है। पथ कार्य में प्रयुक्त होने वाले Aggrigate को हर हालत में मानक के अनुरूप व्यवहृत किया जाना है, इसलिए श्री कुमार का पुनर्विलोकन अर्जी की कंडिका–(iv) भी मान्य नहीं है।

7. उक्त दण्डादेश के विरूद्ध श्री कुमार ने अपना पुनर्विलोकन अर्जी पत्रांक–04 अनु० दिनांक 22.01.2015 विभाग को समर्पित किया था, जिसे सम्यक विचारोपरांत सरकार के निर्णयानुसार विभागीय अधिसूचना संख्या–6153 (एस) दिनांक 08.07. 2015 द्वारा पूर्व में अस्वीकृत कर दिया गया था।

8. श्री अजय कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियंता (योजना अनुश्रवण एवं गुण नियंत्रण)–3, मुख्य अभियंता, उत्तर का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा उक्त दण्डादेश के विरूद्ध लगभग 08 वर्ष के अतिशय विलम्ब के पश्चात पत्रांक–शून्य, दिनांक 24.09.2022 द्वारा पुनरीक्षण अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसे सम्यक विचारोपरांत सरकार के निर्णयानुसार अस्वीकृत किया जाता है।

9. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, संयुक्त सचिव।

---

11 दिसम्बर 2024

सं० निग/सारा–(एन०एच०)–आरोप–30/2022–6259 (S)––श्री लोकेश नाथ मिश्र, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर सम्प्रति विभाग में पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत के विरूद्ध राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर के पदस्थापन काल में उमगाँव–बासोपट्टी–कलुआही पथ (एन०एच०–227 L) के कि०मी० 0 से 20.50 के IRQP कार्य की स्वीकृति वर्ष 2020–21 में हो जाने तथा मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर) उपभाग के पत्रांक–2245 अनु० दिनांक–24.09.2020 द्वारा निविदा स्वीकृति से संबंधित पत्र के अनुसार कार्य को कार्यादेश निर्गत की तिथि से 10 माह के अन्दर पूर्ण करने तथा अगले 05 वर्षों के लिए इसके रख–रखाव का आदेश के बावजूद दिनांक–24.06.2022 में कार्य सिर्फ अधूरा ही नहीं बल्कि इस सड़क की स्थिति दयनीय थी। इस संबंध में तस्वीर राष्ट्रीय स्तर पर भी वायरल हुआ है। इससे स्पष्ट है कि तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक अभियंता के रूप में श्री मिश्र के द्वारा कार्य में घोर अकर्मण्यता एवं लापरवाही बरती जाने के लिये इन्हें विभागीय अधिसूचना संख्या–3195(एस) दिनांक–24.06.2022 के द्वारा निलंबित किया गया तथा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील), नियमावली, 2005 के नियम–17 के तहत् विभागीय संकल्प ज्ञापांक–3601(एस) दिनांक– 11. 07.2022 द्वारा इनकें विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गई। संचालित विभागीय कार्यवाही में आरोप पत्र के तहत् गठित कुल–03 (तीन) आरोप निम्नवत् हैः–

(i) राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर अन्तर्गत उमगाँव–बासोपट्टी–कलुआही पथ NH-227 L के कि०मी० 0.00 से 20.50 के IRQP कार्य की स्वीकृति वर्ष 2020–21 में हुयी थी। मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर) उपभाग के पत्रांक–2245 अनु० दिनांक–24.09.2020 द्वारा निर्गत निविदा की स्वीकृति अनुसार संवेदक श्री रविन्द्र कुमार को आलोच्य कार्य को कार्यादेश निर्गत की तिथि से 10 माह के अन्तर्गत पूरा करना था तथा अगले 05 वर्षों के लिए इसका रख–रखाव भी संवेदक को करना था, जो नहीं किया गया। आलोच्य पथ की स्थिति अत्यंत ही खराब रहने के बावजूद श्री लोकेश नाथ मिश्र के द्वारा संवेदक के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया जाना संवेदक के साथ अन्यथा मंशा से मिली–भगत को दर्शाता है।

(ii) आलोच्य कार्य आज की तिथि में सिर्फ अधूरा ही नहीं है बल्कि इस सड़क की बदहाल एवं अत्यन्त दयनीय तस्वीर राष्ट्रीय स्तर पर वायरल है। यह स्पष्ट रूप से श्री मिश्र की अकर्मण्यता तथा घोर लापरवाही का परिचायक है। मुख्य अभियंता, उत्तर राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1002 दिनांक–06.05.2022 द्वारा इस संबंध में दिये गये निदेश के बावजूद भी श्री मिश्र के स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि इसी पत्र में अंकित किया गया कि इस पथ के दयनीय स्थिति के संबंध में माननीय सदस्य बिहार विधान सभा श्री अरूण शंकर प्रसाद के द्वारा भी बिहार विधान सभा के सत्र में प्रश्न किया गया था।

(iii) पथ को मोटेरेवुल बनाये रखने की जिम्मेवारी कार्य अभियंताओं की होती है, जिसमें कार्यपालक अभियंता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आलोच्य योजना कार्य का अनुश्रवण नहीं करने के फलस्वरूप योजना को पूर्ण कराने का कार्य बाधित तो हुआ ही, आलोच्य पथ की बदतर स्थिति के कारण सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। स्पष्टतः श्री मिश्र द्वारा कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गयी है।

2. मुख्य अभियंता–सह–संचालन पदाधिकारी, पथ संधारण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–215 अनु० दिनांक–09.12.2022 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही से संबंधित जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। संचालन पदाधिकारी के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के तहत् गठित तीनों आरोपों की समेकित रूप से समीक्षा करते हुए आरोप को प्रमाणित पाये जाने का निष्कर्ष दिया गया है। संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिवेदित किये गये आरोपों के लिए विभागीय समीक्षोपरान्त संचालन पदाधिकारी के निष्कर्ष से सहमत होते हुए श्री मिश्र से विभागीय पत्रांक–3774(एस) अनु०, दिनांक–06.08.2024 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा के रूप में लिखित अभिकथन की मांग की गयी।

3. श्री लोकेश नाथ मिश्र, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर सम्प्रति विभाग में पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत के द्वारा अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–23.09.2024 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर समर्पित की गयी है, जिसमें अंकित तथ्यों/तर्कों की समीक्षा निम्नवत् है :–

(i) राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर अन्तर्गत उमगाँव–बासोपट्टी–कलुआही पथ एन०एच०–227L के कि०मी० 0.00 से 20.50 के IRQP कार्य की स्वीकृति वर्ष 2020–21 में हुई थी। जिसमे कार्य आरंभ की तिथि–23.11.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–22.09.2021 थी।

(ii) इनके द्वारा दिनांक–05.07.2021 को प्रभारी कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, जयनगर के रूप में पदभार ग्रहण किया गया। श्री मिश्र को यह ज्ञात था की उनके पदभार ग्रहण के पूर्व आलोच्य पथ की स्थिति काफी दयनीय होने एवं संवेदक के द्वारा पथ कार्य कराए जाने में अभिरूचि नहीं लिए जाने को लेकर दिनांक– 09.03.2021 को संवेदक को Debar किए जाने एवं दिनांक–15.04.2021 को 0.05% प्रतिदिन के हिसाब से एकरारनामा के अनुसार LD की कटौती किए जाने के संबंध में निर्णय लिया जा चुका है। इसके बाबजूद श्री मिश्र द्वारा अपने पदस्थापन काल में दिनांक–30.03.2022 तक (लगभग 09 महीने) पथ कार्य करवाने एवं सड़क को मोटेरेबुल बनाने हेतु संवेदक को मात्र पत्राचार/स्मारित किया जाता रहा, दूरभाष पर मात्र संवेदक से लेबर–सामग्री मशीनरी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती रही, जबकि पथ की बदहाल स्थिति एवं इसके Motorable बनाये रखे जाने मे यथोचित प्रगति नहीं लाने की स्थिति में संवेदक के विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए थी, यथा एकरारनामा को विखंडित किए जाने की कार्रवाई की जानी चाहिए थी। जबकि इस बीच संवेदक द्वारा पथ कार्य को कुछ महीने के लिए बंद भी कर दिया गया था।

(iii) दिनांक–05.04.2022 को अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल की परियोजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक में आलोच्य पथ कार्य के संबंध में अपर मुख्य सचिव द्वारा यह निदेश दिया गया कि ''यदि 15 दिनों के अन्दर संवेदक Work Programme के अनुसार कार्य नहीं करता है तो कार्यपालक अभियंता संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई करे।'' उक्त बैठक में श्री मिश्र भी उपस्थित थे, जैसा कि उन्होंने अपने उत्तर में भी स्पष्ट किया है, और यह भी उल्लेख किया है कि बैठक में दिए गए निर्देशो और सहमति देने के वाबजूद संवेदक द्वारा न तो पथ को Motorable बनाने का कार्य किया और न हीं अन्य कार्य में कोई प्रगति की, ऐसी स्थिति में जबकि कार्यपालक अभियंता को निदेश भी था, संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई किया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया। काफी समय बाद अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, दरभंगा के कार्यालय आदेश संख्या–36 सह–पठित ज्ञापांक–255 दिनांक–20.06.2022 द्वारा एकरारनामा को विखंडित किया गया एवं सुरक्षित जमा राशि सहित सभी पावनाओं को जब्त किया गया। उसके बाद कार्यपालक अभियंता के पत्रांक–317 दिनांक–21.06.2022 द्वारा संवेदक के बैंक गारंटी को जब्त किया गया। अगर संवेदक के विरूद्ध आरोपी श्री मिश्र के द्वारा कार्यपालक अभियंता के रूप में इस तरह की कार्रवाई पूर्व में ही कर ली जाती तो ससमय आलोच्य पथ को मोटरेबुल कराया जा सकता है। और इस तरह विभाग की छवि धूमिल नहीं होती।

4. उपर्युक्त के आलोक में समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री मिश्र के द्वारा अपने द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर में कोई नया तथ्य/तर्क अंकित नहीं किया गया, बल्कि विभागीय कार्यवाही के संचालन के दौरान अपने बचाव–बयान के रूप में रखे तथ्यों को ही द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर में लगभग दुहराया गया है। अतः इनके द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा उत्तर को सम्यक् विचारोपरांत अस्वीकृत करते हुए प्रमाणित आरोपों के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 (v) के तहत निम्न दण्ड संसूचित किया जाता है :–

(i) ''दो (02) वार्षिक वेतन वृद्धि पर अंसचयात्मक प्रभाव से रोक।''

(ii) निलंबन अवधि के विनियमन के संबंध में नियमानुसार अलग से कारण पृच्छा कर निर्णय लिया जायेगा।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, संयुक्त सचिव।

श्रम संसाधन विभाग

अधिसूचनाएं
27 दिसम्बर 2024

सं0 1/नियो०नियुक्ति–03/2024–94/श्र०सं०––बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास विभाग (बिपार्ड), गया द्वारा आयोजित 3rd प्रवेशकालीन प्रशिक्षण में दिनांक 01.01.2025 से सम्मिलित होने वाले बिहार नियोजन सेवा के निम्नांकित पदाधिकारियों के प्रशिक्षण अवधि तक उनके द्वारा धारित पद का अतिरिक्त प्रभार उनके नाम के सामने कॉलम–03 में अंकित पदाधिकारी को दिया जाता है :–

क्र०	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	अतिरिक्त प्रभार हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम
1	2	3
1	**सुश्री राजवी प्रभाकर,** नियोजन पदाधिकारी, विश्वविद्यालय नियोजन सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, मुजफ्फरपुर।	**सुश्री श्वेता वशिष्ठ** नियोजन पदाधिकारी, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, मुजफ्फरपुर।
2	**श्रीमती भावना,** नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, अरवल।	**श्री दिनेश तिवारी,** जिला नियोजन पदाधिकारी, औरंगाबाद

2. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

---

26 दिसम्बर 2024

सं0 1/नियो०विविध–09/2023–92––बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास विभाग (बिपार्ड), गया द्वारा आयोजित 2nd Combined Foundation Course/ Combined Induction Training में दिनांक 12.01.2025 से सम्मिलित होने वाले बिहार नियोजन सेवा एवं बिहार श्रम सेवा (सामान्य) के निम्नांकित पदाधिकारियों के प्रशिक्षण अवधि तक उनके द्वारा धारित पद का अतिरिक्त प्रभार उनके नाम के सामने कॉलम 03 में अंकित पदाधिकारी को दिया जाता है :–

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	अतिरिक्त प्रभार हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम
01	02	03
01	श्री सुनील कुमार सुमन, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, नवादा।	श्री अंकित राज–02, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, नालंदा।
02	श्री लरवीन कुमार, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, मधेपुरा।	श्री आकिफ वक्कास, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, अररिया।
03	श्री निशांत रंजन, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, विश्वविद्यालय नियोजन सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, दरभंगा।	श्री सुमित कुमार सिंह, नियोजन/जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला नियोजनालय, समस्तीपुर।
04	श्री रतीश कुमार, श्रम अधीक्षक, जमुई।	श्री सुनील कुमार – 02, श्रम अधीक्षक, नवादा।
05	श्री अमित कुमार, श्रम अधीक्षक, अररिया।	श्री रामविलास राम, श्रम अधीक्षक, किशनगंज।

2. उक्त के प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

---

23 दिसम्बर 2024

सं० 1/श्रम वि०स्था०(1)10–76/2024 श्रं०सं०–91––वित्त विभाग के संकल्प सं०–7566 दिनांक–14.7.2010 द्वारा संसूचित रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना–2010 के प्रावधानों के आलोक में श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के अधीनस्थ बिहार श्रम सेवा (तकनीकी– कारखाना निरीक्षक) के निम्नांकित पदाधिकारी को उनके नाम के समक्ष स्तंभ–4 में अंकित तिथि से वेतनमान वेतनस्तर–11 में प्रथम रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन (एम०ए०सी०पी०) की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

क्र०	पदाधिकारी का नाम/पदनाम एवं वेतनमान	योगदान की तिथि/संपुष्टि की तिथि	प्रथम एम०ए०सी०पी० की स्वीकृति की तिथि एवं वेतनमान
1.	2.	3.	4.
1	श्री मनोज कुमार चौधरी कारखाना निरीक्षक Level-09	04-09-2014 04-09-2016	1st MACP 04-09-2024 Level-11

2. वित्तीय उन्नयन के फलस्वरूप संबंधित पदाधिकारी का वेतन नियतिकरण "रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना–2010" के परिशिष्ट–1 के नियम–4 के अनुसार किया जाएगा।

3. भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारी को प्रदत्त एम०ए०सी०पी० के लाभ से संबंधित आदेश को रद्द/संशोधित कर दिया जाएगा तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि की वसूली/प्रतिपूर्त्ति कर ली जाएगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

श्रम संसाधन विभाग (श्रम पक्ष)

अधिसूचनाएं

10 दिसम्बर 2024

सं0 4/M.w-40-10/2024 श्र०सं०–6870––न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की धारा 27(B) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल, सहायक श्रमायुक्त–सह–अपीलीय प्राधिकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत सहायक श्रमायुक्त,–सह–अपीलीय प्राधिकारी, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत पटना प्रमंडल, पटना में दायर 27 (सताईस) वादों को श्रम न्यायालय, पटना को स्थान्तरित किया जाता हैः–

अनूसूची–1

क्र० सं0	वादी का नाम एवं पता	प्रतिवादी/नियोजक का नाम एवं पता	वाद संख्या	कामगार का नाम एवं पता
01.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री रवि कुमार, (प्रबंधक) मेसर्स–महादेव कैरियर प्राईवेट लिमिटेड, पता–सी0/01, पाटलीपुत्रा कॉलनी पटना–800013	M.W-01/2024	श्री सुकाश कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 ए0पी0 सिन्हा, पता– स्व0 पहाडी. लाल के सामने मीठापुर बी0 एरिया पटना–800001
02.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री रवि कुमार, (प्रबंधक) मेसर्स–महादेव कैरियर प्राईवेट लिमिटेड, पता–सी0/01, पाटलीपुत्रा कॉलनी पटना–800013	M.W-02/2024	श्री रंजीत कुमार, पिता–वीरेन प्रसाद गुप्ता, पता–रोड नं0–03, संजय नगर, बिगरहपुर, पटना–800001
03.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री राजीव शर्मा (मैनेजिंग डायरेक्टर) G4 सिक्योर सोल्यूसन्स (इंडिया) प्रा0 लिमिटेड, ग्राउण्ड फ्लोर, विद्या भवन, बसंत बिहार कॉलनी, बोरिंग रोड, पटना।	M.W-26/2022	श्री विनोद दास, पिता–स्व0 परमेश्वर दास, पता–महादेव नगर, पोस्ट+थाना+जिला–शेखपुरा।
04.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(1.) श्री रंजीत कुमार, पता–आकांक्षा अपार्टमेंट,रोड नं0–वकील लेन,मंदिर मार्ग, महावीर कॉलनी, राजीवनगर, पटना–25 (2.) श्री वरुण कुमार, पता–प्रेमादित्य आर्शीवाद इन्क्लेव के पास, न्यू सरस्वती चंद्र मार्केट, साईकिल फैक्ट्री मोड के नजदीक, कुर्जी,पटना।	M.W-45/2024	श्री रवि रंजन कुमार युनियन द्वारा श्री जय प्रकाश मिश्रा महासचिव, श्री रामलखन यादव, उप महा सचिव, पता–रधुमणी भवन, बी0–17 बैंकमेंस कॉलनी, चित्रगुप्त नगर, कंकडबाग, पटना।

05.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Nikhil Kumar Sinha (Owner/Director) Hip Hop Media House Pvt.Ltd. 2nd Floor, Malit Niwas, Near Sichai Bhawan, Anisabad, p.s-Gardanibag, patna- 800002	M.W-47/2024	मो0 खालिद कमाल, पता–राजीवनगर, रोड नं0–13, जिला–पटना।
06.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री मिथलेश कुमार/मुकूल, प्रसाद ट्रेडस हाथीया मार्केट, खेतान मार्केट के पीछे, गोरिया टोली, पटना।	M.W-50/2024	श्री सिन्धु शर्मा, पिता–मदन शर्मा, ग्राम–ठेरा सराय, पो0–जलालपुर, थाना–वारिसलीगंज, जिला–नवादा।
07.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Sri Vijay Kumar Kashayp, (b)Sri Asutosh Kashyap, (c)Smt. Puja Bharadwaj M/S- Sparkle Life Science Pvt.Ltd.	M.W-55/2024	सुश्री आकृति सिंह, पिता–श्री संजीव कुमार सिंह, ट्रस्ट कॉलनी नियर रेलवे स्टेशन, मालेयपुर, पो0+थाना–मालेयपुर जिला–जमुई।
08.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director) (b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director), IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035	M.W-58/2024	श्री शंकर मंडल, पता–बैण्ड बाजा बारात, महेशनगर, रोड नं0–03 बी0, पटेल चौक, पटना–800024
09.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director) (b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director), IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035	M.W-57/2024	श्री अरुण कुमार, पिता–होरी लाल, पता–28 नारायण डीह, सोहंसा, जॉनपुर, सोहंसा, जिला–उत्तर प्रदेश।
10.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director) (b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director), IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035	M.W-56/2024	श्री मनोज कुमार, पिता–रामचन्द्र यादव, पता–बजौरा, रामपुर, डोभी, जिला–गया।
10.A	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director) (b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director),	M.W-51/2024	श्री वरुण कुमार, C/0- बलराम जी, पता–आकाशवाणी रोड, दूरदर्शन बिहार अपार्टमेंट पटना के पीछे, पटना–14

		IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035		
11.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director)(b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director), IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035	M.W-59/2024	श्री अंकुर प्रकाश, पता–91 सर्कुलर रोड, आनन्द बाजार, दानापुर कैण्ट, पटना।
12.	श्रम अधीक्षक, पटना।	(a) Mr. Rajesh Panday (Director) (b) Mr. umeshchand Chaudhary (Director), IHT NETWORK, LIMITED 3852/9, 2nd Floor, opp-Metro Pillar no.-231 Tri Nagar, Kanhiya Nagar, Delhi-110035	M.W-60/2024	श्री अनिल कुमार पाण्डेय, पता–बैंक कॉलनी, गोला रोड, दानापुर, पटना।
13.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Sri Vineet Kumar Gupta Benchmark infotech Services Pvt. Ltd. P-118, CIT Road Phool bagan, 4th Floor, Schem vi-m Kolkata-700054	M.W-43/2024	श्री शांति प्रसाद सिंह, पिता–शिवमुनी सिंह, ग्राम+पोस्ट–आलमपुर, थाना–शिवसागर, जिला–रोहतास।
14.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Ankesh Ranjan (Director) Nestiva Medicare Pvt. Ltd. Gardanibagh, Road no.- 01 Yarpur Patna-800001	M.W-49/2024	श्रीमती सिम्पल कुमारी, पता–भिखनापहाडी, नियर दादी अम्मा होटल, जिला–पटना।
15.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री रामाशंकर सिंह (निदेशक), श्री विनोद कुमार सिंह (निदेशक) The Frontier Guarding and Facility Service Pvt.Ltd 301-B Bhuvneshwar Plaza, 3rd floor Budh Marg, patna-01	M.W-54/2024	हालिमा खातुन, पति–स्व0 मोहम्मद शरीफ, ग्राम–पुलेन्द्रपुर गुवरटोली, पो0–जी0पी0ओ0, थाना–जक्कनपुर, जिला–पटना।
16.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Sri N.K Singh, S.N.S Security Ambika Market, 2nd Floor Near of Peter England Show Room, opp. of Bikaner Sweets Kankarbagh Main Road, Patna	M.W-52/2024	श्री संतोष कुमार सिंह, पता–ए0एन0कॉलेज, सोनकुंज अपार्टमेन्ट, नार्थ कृष्णापुरी, विवेकानन्द मार्ग, जिला–पटना।
17.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Vikash Kumar (M.D& C.E.O) Fillip Technologies Pvt.Ltd. S.STower, 3rd Floor,	M.W-53/2024	श्री अभिषेक कुमार, पिता–श्री जयदेव प्रसाद, पता–सस्तिाबाद, पश्चिमी टोला, पोस्ट–अनिशाबाद, गर्दनीबाग,

		Opposite-Kankarbagh, Patna-20		जिला–पटना
18.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री अनिल कुमार (प्रबंधन निदेशक) सुपर सिटी बिल्डर्स प्रा0लि0, 101 सुपर सिटी प्लाजा, प्लाट नं0–एम–26 रोड नं0–26 कृष्णानगर, पटना।	M.W-46/2024	श्री धीरज कुमार सिंह, पिता–रौशन सिंह ग्राम–टाउन अनाईठ, अंचल–आरा, जिला–भोजपुर।
19.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Indrajit Kumar, Tour And Travels, House No.-257 Rampur Road Tapoban Colony, Near Ashirwad Nursing Home, mahendru-06	M.W-44/2024	श्री सुरेन्द्र राय, पिता–मल्लिका राय, ग्राम–कुर्जी विकास नगर, रोड़ नं0–04, पोस्ट–सदाकत आश्रम, जिला–पटना
20.	श्रम अधीक्षक, पटना।	ब्याहुत प्लास्टिक एण्ड हार्डवेयर। देवसिद्वि प्लाजा, मेनरोड, कंकडबाग, पटना–20	M.W-79/2017	श्री चंद्रिका सिंह, श्री गोवर्द्धन सिंह, ग्राम+पोस्ट–फुहा, थाना–बड़हरा, जिला–भोजपुर।
21.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री अंकेश रंजन (डायरेक्टर) नेशटिवा मेडिकेयर प्रा0 लिमिटेड गर्दनीबाग, रोड नं0–01, यारपुर, पटना।	M.W-27/2022	Sajina v s, Koovakkada House, Pongamthanam P.O-Vakathanam, Kottyam-686538
22.	श्रम अधीक्षक, पटना।	रजिस्ट्रार, बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल, बी0एम0दास रोड,पटना–80004	M.W-28/2022	श्रीमती मंजु देवी (सहायक) एवं श्रीमती उषा देवी (चपरासी) रजिस्ट्रार, बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल, बी0एम0दास रोड,पटना–80004
23.	श्रम अधीक्षक, पटना।	श्री अंकेश रंजन (डायरेक्टर) नेशटिवा मेडिकेयर प्रा0 लिमिटेड गर्दनीबाग, रोड नं0–01, यारपुर, पटना।	M.W-24/2022	मे0 रफी, एस0आर0 Shejina Manzil punnapra, P.o-Alappuzha, pin- 688004
24.	श्रम अधीक्षक, पटना।	1.श्री पंकज कुमार,(डायरेक्टर) 2.श्रीमती रागिनी कुमारी,(डायरेक्टर) Sri Krishna Pharma, Bhagwatnagar, Near NRL Petrol Pump, Patna-26	M.W-48/2024	सुश्री स्वेता गुप्ता, Icon Apartment Mohini Street, near-Pillar No.-70, Shekhpura, Patna
25.	श्रम अधीक्षक, पटना।	मेजर आषुतोष झा (डायरेक्टर) मेसर्स Orion Security Solution Pvt. Ltd., Plot No.-5 E, First Floor Shahpur Jat New Delhi-110049 1. निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना।	M.W-35/2022	श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य 81 (इक्कासी) कामगार
26.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Intelligents Security India Pvt. Ltd. Add.- Gita menshan Parvati Len Kesri Nagar Patna-800024	-	श्री कृष्णा प्रसाद, पिता–स्व0 राम नारायण प्रसाद, पता–बाँकीपुर गोरख, पो0–फतुहा, जिला–पटना।

26.A	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Karunesh Awasthi (Managing Director) Sahara Credit Cooperative Society Ltd. Regd. Office- Sahara India Bhawan, 1 kapoorthala Complex, Aliganj, Lucknow-226024	-	मो0 अफताब आलम, Sattar, Colony Oposite-Gate No.-97 Bash Kothi Digha, Patna-800011
27.	श्रम अधीक्षक, पटना।	Mr. Dwarka Prasad Singh (Niyojak) S/o-Late radhuraj Singh, Add,- Om Nirmal Apartment, (B) block, flat No,-102, parmanand Path, Boring road, Patna	-	श्री रामानुज सिंह, पता–जमालपुर, पो0–अख्तियारपुर, थाना–बिक्रम, जिला–पटना।

पूर्व में निर्गत अधिसूचना संख्या–5590 दिनांक–08.10.2024 एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

————————

10 दिसम्बर 2024

सं0 4/M.w-40-10/2024 श्र०सं०–6872––उप श्रमायुक्त का कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फपुर के पत्रांक–1751 दिनांक–31.08.2024 के आलोक में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की धारा 27(B) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल, सहायक श्रमायुक्त–सह–प्राधिकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत उप श्रमायुक्त, मुजफ्फपुर के न्यायालय में दायर कुल 03 (तीन) अपील वाद को **श्रम न्यायालय, मुजफ्फरपुर** को स्थान्तरित किया जाता है:–

अनूसूची–1

क्र० सं०	वर्ष	अपील वाद सं०	नियोजक का नाम एवं पता	उत्तरवादीगण का नाम	अभ्युक्ति
1	2022	03/2022	1. उप महाप्रबंधक (प्रशासनिक), राज्य खाद्य निगम, खाद्य भवन दरोगा राय पथ आर0 ब्लॉक, रोड नं0–02, पटना–800001 2. जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर।	1. श्री सुनील कुमार तिवारी (नियोजक), मेसर्स कोबरा इंडस्ट्रीयल सेक्यूरिटी फोर्स (1) लि0, तिवारी मैदान कमला नगर, आकाश ट्रेनिंग के निकट, पटना।	
2		04/2022	1. उप महाप्रबंधक (प्रशासनिक), राज्य खाद्य निगम, खाद्य भवन दरोगा राय पथ आर0 ब्लॉक, रोड नं0–02, पटना–800001 2. जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर।	1. श्री सुनील कुमार तिवारी (नियोजक), मेसर्स कोबरा इंडस्ट्रीयल सेक्यूरिटी फोर्स (1) लि0, तिवारी मैदान कमला नगर, आकाश ट्रेनिंग के निकट, पटना।	

3	2022	10/2022	1. श्री गजेन्द्र पटेल, पिता–स्व0 रामाधार पटेल, ग्राम–गुरमिया, पो0–धरहारा, थाना–करताहाँ, जिला–वैशाली	1. श्री रघु कुमार उर्फ राघवेन्द्र कुमार, पिता–गौरीशंकर पटेल, ग्राम–नोनियडीह, पोस्ट–मईमादा, थाना–बरूराज, जिला–मुजफ्फरपुर। 2. श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, साहेबगंज, मुजफ्फरपुर।	

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

————————

10 दिसम्बर 2024

सं0 4/M.w-40-10/2024 श्र०सं०–6871––उप श्रमायुक्त का कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर उप श्रमायुक्त कापत्रांक–1752 दिनांक–31.08.2024 के आलोक में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 की धारा 27(B) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल, सहायक श्रमायुक्त–सह–प्राधिकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत उप श्रमायुक्त, मुजफ्फरपुर के न्यायालय में दायर कुल नौ (09) अपील वाद को श्रम न्यायालय, मोतिहारी को स्थान्तरित किया जाता हैः–

अनूसूची–1

क्र०सं०	वर्ष	वाद सं०	नियोजक का नाम एवं पता	उत्तरवादीगण का नाम	अभ्युक्ति
1	2023	01/2023	1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण। 2. कार्यपालक अभियंता तिरहुत नहर प्रमंडल 01 बेतिया प0 चम्पारण। 3. कनीय अभियंता तिरहुत नहर प्रमंडल 01 बेतिया प0 चम्पारण।	1. श्री राम प्रवेश प्रसाद, पिता–धनेश प्रसाद, ग्राम+पोस्ट–अवहर शेख, थाना–मझौलिया, जिला–प0 चम्पारण एवं अन्य (03)	
2		02/2023	1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण। 2. कार्यपालक अभियंता तिरहुत नहर प्रमंडल 01 बेतिया प0 चम्पारण। 3. कनिय अभियंता तिरहुत नहर प्रमंडल 01 बेतिया प0 चम्पारण।	1. श्री छबिला यादव, पिता–स्व0 रूदल यादव, ग्राम–फुलवारी, पोस्ट–अमवाझार, थाना–बेतिया मुफ्फसिल, जिला–प0 चम्पारण एवं अन्य (08)	
3	2022	02/2022	1. मुखलाल कुशवाहा, पिता–रामधनी कुशवाहा, ग्राम–आनंद नगर, पोस्ट–मंगलपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण। 2. महनथ शर्मा, पिता–छागलो शर्मा, ग्राम+पोस्ट–मंगलपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण। 3. मुमताज मियां, पिता–स्व0 छेदी	1. सहायक श्रम आयुक्त, बेतिया, पश्चिम चम्पारण। 2. गिरिराज सिंह, पिता–राम नरेश सिंह, ग्राम+पोस्ट–बलकुड़िया, जिला–कुशीनगर (उ0प्र0)	

			मियां, ग्राम–आनंद नगर पोस्ट–मंगलपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण। 4. दिलीप साह, पिता–स्व0 दुर्गा साह, ग्राम–आनंद नगर अवसानी, पोस्ट–मंगलपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण।		
4		05/2022	1. शशि शेखर मिश्र उर्फ लल्लू मिश्र, पिता–स्व0 नन्दकिशोर मिश्र उर्फ दरोगा मिश्र, ग्राम+पोस्ट–गोवरौरा, थाना+अंचल–लौरिया, जिला–प0 चम्पारण।	1. मदन पटेल, पिता–भरम पटेल, ग्राम+पोस्ट–लौरिया, जिला–प0 चम्पारण। 2. शत्रुधन पटेल, पिता–झपसी पटेल, निवासी ग्राम–पुरैनीया, पोस्ट–नरकटियागंज, थाना–शिकारपुर, जिला–प0 चम्पारण एवं अन्य	
5		07/2022	1. श्री शिवेन्दु भूषण सिंह, भेंडर सुक्युरिटी एवं इंटेलिजेंस सर्विस (इंडिया) लिमिटेड, 199बी, प्रथम तल्ला, सहदेव महतो मार्ग, बोरिंग रोड, पटना।	1. श्री अजय कुमार, पिता–स्व0 बच्चा सिंह, ग्राम+पोस्ट–रूपहारा, थाना–शिकारगंज, जिला–पूर्वी चम्पारण एवं अन्य (31)	
6		08/2022	1. श्री करी महतो, पिता–शिव शंकर महतो, ग्राम–मोहची सुगर, पोस्ट–घोघा, थाना–गोपालपुर, जिला–बेतिया, पश्चिम चम्पारण।	1. श्री रविन्द्र महतो, पिता–स्व0 महेन्द्र महतो, ग्राम–मोहची सुगर, पोस्ट–घोघा, थाना–गोपालपुर, जिला–बेतिया, पश्चिम चम्पारण।	
7		09/2022	1. मकसूदन प्रसाद, पिता–स्व0 रामशरण प्रसाद, ग्राम–दिउलिया, पोस्ट+थाना–जगदीशपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण।	1. कान्हा मियां, पिता–स्व0 मुल्तान मियां, ग्राम–वृति टोला, पोस्ट+थाना–जगदीशपुर, जिला–पश्चिम चम्पारण।	
8		11/2022	1. अंगुर अंसारी, वल्द हकीम अंसारी, साकिन–सोहसा फुजवरिया, पोस्ट–मेघवल मठिया, थाना–रामनगर, जिला–पश्चिम चम्पारण।	1. समीर अंसारी, वल्द मुगलेआजम अंसारी, साकिन–सोहसा फुजवरिया, पोस्ट–मेघवल मठिया, थाना–रामनगर, जिला–पश्चिम चम्पारण।	
9		02/2021	1. Shir Manhar Krishna, Director, Aparna Detective and Security Service Pvt. Ltd Janani Mata Mandir, Rajendra Path Primuhani, Patna	1. Md. Alamdi S/O Late Sadik Main, Vill-Pipra Kuti, P.O & P.S-Balmiki Nagar, Dist-West Champaran 2. Shambhu Bhagat S/O Late Sukdeo Bhagat, Vill-Charchharia, P.O & P.S-Balmiki Nagar,	

				Dist-West Champaran 3. Project Manager, Bihar State Hydro-electri power Corporation, Balmiki Nagar Dist- West Champaran 4. Assistant Labour Commissioner, Bettiah Dist-West Champaran.	

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राजीव रंजन, संयुक्त सचिव।

————————

गृह विभाग
अभियोजन निदेशालय
मुख्य सचिवालय, ब्लॉक–2, द्वितीय तल, पटना–15

————————

अधिसूचना
24 दिसम्बर 2024

सं0 अ0नि0 (01) 59/2023 स्था0(खण्ड)–**2900**––सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 में निहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत बिहार अभियोजन सेवा के निम्नांकित पदाधिकारियों को जिला अभियोजन पदाधिकारी/समकक्ष स्तर में उसके विहित वेतनमान (वेतन स्तर–13) सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया जाता है:–

क्रमांक	पदाधिकारी का नाम एवं गृह जिला	वरीयता क्रमांक 2007 के अनुसार	वर्तमान कोटि
1.	2.	3.	4.
1	श्री मनोज सिंह पटना	224	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0
2	श्री सुरेश कुमार भोजपुर (आरा)	227	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0
3	श्री विजय कान्त ठाकुर मुजफ्फरपुर	228	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0
4	श्री उमेश कुमार नालंदा	230	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0
5	श्री रविशंकर दूबे कैमूर(भभुआ)	231	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0

6	श्री सोमांशु शंकर पटना	232	अनु0 अभि0 पदा0, से0ग्रे0/अपर लोक अभियोजक, से0ग्रे0

2. यह अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 में निहित शर्तो के अधीन है।

3. उपर्युक्त पदाधिकारियों द्वारा वर्तमान में धारित पद को अगले आदेश तक जिला अभियोजन पदाधिकारी/समकक्ष स्तर (विहित वेतनमान–वेतन स्तर–13) में उत्क्रमित किया जाता है।

4. उपर्युक्त पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से जिला अभियोजन पदाधिकारी/समकक्ष स्तर के पद पर अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ देय होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सुधांशु कुमार चौबे, अपर सचिव–सह–प्रभारी निदेशक।

———————

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग

———————

अधिसूचनाएं
20 दिसम्बर 2024

सं0 कारा/प्रो0(स्था0)–10–40/14–457––श्री अरूण कुमार–1, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, हाजीपुर की नियुक्ति 53–55वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से विभागीय अधिसूचना संख्या–219 दिनांक–29.10.2013 द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा के अंतर्गत परीक्ष्यमान प्रोबेशन पदाधिकारी के पद पर की गई थी तथा उनकी सेवा सम्पुष्टि विभागीय अधिसूचना संख्या–84 दिनांक–23.03.2018 द्वारा की गयी है।

2. श्री कुमार को बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन सं0–AP-GEOG-12/20-21, अंतर्गत आयोग द्वारा निर्गत चयनित अभ्यार्थियों की सूचना सं0–B.S.U.S.c/ विज्ञा0–17/2023 (खण्ड–11)–1981 दिनांक–28.10.2024 (क्रम सं0–13 पर) द्वारा श्री अरूण कुमार–1, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, हाजीपुर को भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक (L-10) के पद पर अंतिम रूप से चयन के उपरांत वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा आवंटित किया गया है। उक्त के आलोक में श्री कुमार द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा से विरमित करने का अनुरोध किया गया है।

3. विभागीय आदेश ज्ञापांक–289 दिनांक–24.12.2020 द्वारा श्री अरूण कुमार–1 को बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गयी है।

4. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में श्री अरूण कुमार–1, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, हाजीपुर को बिहार सेवा संहिता में वर्णित प्रावधानों के आलोक में सहायक प्राध्यापक (L-10) के पद पर योगदान करने हेतु पदभार त्याग की तिथि से विरमित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव सह–निदेशक (प्र0)।

———————

10 दिसम्बर 2024

सं0 कारा/स्था0(प्रो0)–01–07/2024–432––श्री निशांत, प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, बेतिया की नियुक्ति 64वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से विभागीय अधिसूचना संख्या–10333 दिनांक–16.12.2021 द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा के अंतर्गत परीक्ष्यमान प्रोबेशन पदाधिकारी के पद पर की गई थी तथा उनकी सेवा सम्पुष्टि विभागीय अधिसूचना संख्या–276 दिनांक–30.07.2024 द्वारा की गयी है।

2. श्री निशांत को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी के पद हेतु अनुशंसित किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना सं0–1000 दिनांक–07.02.2024 द्वारा औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए नगर कार्यपालक पदाधिकारी (वेतन स्तर–7) के पद पर अधिसूचना निर्गत की तिथि से 05 कार्य दिवसों के अन्दर पदस्थापन स्थल पर योगदान समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया है। उक्त के आलोक में श्री निशांत द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा से विरमित करने का अनुरोध किया गया है।

3. विभागीय आदेश ज्ञापांक–356 दिनांक–06.12.2022 द्वारा श्री निशांत को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गयी है।

4. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में श्री निशांत, प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, बेतिया को बिहार सेवा संहिता में वर्णित प्रावधानों के आलोक में नगर कार्यपालक पदाधिकारी (वेतन स्तर–7) के पद पर योगदान करने हेतु पदभार त्याग की तिथि से विरमित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव सह–निदेशक (प्र0)।

27 नवम्बर 2024

सं0 कारा/स्था0(प्रो0)–01–09/2023–417––बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 66वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सुश्री अल्पना पाण्डेय, प्रशिक्षु प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, मोतिहारी को विभागीय अधिसूचना संख्या–13258 दिनांक–08.12.2022 द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा अंतर्गत परीक्ष्यमान प्रोबेशन पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति किया गया।

2. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षण और विभागाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, लखनऊ के वनादेश संख्या–ई–128/10–4–4(2021), लखनऊ दिनांक–09.03.2023 द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी परीक्षा–2021 के अन्तर्गत क्षेत्रीय वन अधिकारी के पद (वेतनमान रूपये 47,600–1,51,100/– पे लेवल–08) पर योगदान समर्पित करने हेतु सुश्री अल्पना पाण्डेय दिनांक–11.03.2023 के प्रभाव से प्रशिक्षण अवधि में त्याग–पत्र स्वीकृत करने का अनुरोध कर प्रस्थान कर गई।

3. तदोपरान्त सुश्री पाण्डेय द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि वे बिना किसी दवाब में स्वेच्छा से त्याग पत्र समर्पित कर रही है तथा भविष्य में प्रोबेशन पदाधिकारी के पद पर किसी तरह का दावा नहीं करेगी और विभाग के सभी नियमों का पालन करेगी।

4. अतः सुश्री अल्पना पाण्डेय, तत्कालीन प्रशिक्षु प्रोबेशन पदाधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, मोतिहारी से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में उनके द्वारा समर्पित त्याग पत्र दिनांक– 11.03.2023 के प्रभाव से स्वीकृत किया जाता है। भविष्य में इस पद पर नियुक्ति हेतु इनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव।

———

20 नवम्बर 2024

सं0 कारा/स्था0(प्रो0)–01–16/2021(पार्ट–3)–405––बिहार प्रोबेशन सेवा के निम्नांकित प्रोबेशन पदाधिकारियों को निर्धारित अहर्त्ता पूर्ण करने के फलस्वरुप उनके नाम के सामने स्तम्भ–5 (पाँच) में अंकित तिथि से सेवा संपुष्ट की जाती है:–

क्र	पदाधिकारी का नाम	प्रोबेशन पदाधिकारी के पद पर योगदान की तिथि	नियुक्ति का श्रोत	सेवा सम्पुष्टि की तिथि
1	2	3	4	5
1	श्री सौरभ सेतु	19.12.2022	सीधी भर्त्ती	27.07.2024
2	श्री श्याम कमार	10.10.2020	सीधी भर्त्ती	01.07.2023
3	सुश्री रूचि कुमारी	20.12.2022	सीधी भर्त्ती	23.02.2024
4	श्री अतुल रंजन	02.07.2019	सीधी भर्त्ती	26.06.2023
5	सुश्री श्रेया सुमन	16.12.2022	सीधी भर्त्ती	18.07.2024
6	श्री आदित्य सौरभ	21.12.2022	सीधी भर्त्ती	21.12.2023
7	श्री अविनाश कुमार चौधरी	26.12.2021	सीधी भर्त्ती	20.05.2024
8	मो0 सद्दाम हुसैन	09.01.2023	सीधी भर्त्ती	30.07.2024
9	सुश्री श्रेयसी	16.12.2022	सीधी भर्त्ती	30.07.2024
10	श्री अमरदीप कुमार	21.01.2023	सीधी भर्त्ती	21.01.2024
11	श्री ऐश्वर्य रंजन	16.12.2022	सीधी भर्त्ती	16.12.2023
12	श्रीमती स्मृति कुमारी	22.12.2021	सीधी भर्त्ती	18.07.2024
13	श्रीमती श्रद्धा सुमन	15.12.2022	सीधी भर्त्ती	27.04.2024
14	श्रीमती सीमा कुमारी,	15.12.2022	सीधी भर्त्ती	15.12.2023
15	सुश्री स्नेहा साल्वी	19.12.2022	सीधी भर्त्ती	19.12.2023
16	श्री चन्द्रशेखर सिंह	19.12.2022	सीधी भर्त्ती	22.06.2024
17	श्री शोभित श्रीवास्तव	27.01.2023	सीधी भर्त्ती	27.01.2024

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव।

परिवहन विभाग

अधिसूचना
26 दिसम्बर 2024

सं0 02/शमन–03/2016, परि0–14783––पटना शहरी क्षेत्र में तिपहिया वाहनों का अव्यवस्थित परिचालन एवं शहर के मुख्य मार्गों पर जहाँ–तहाँ वाहनों के ठहराव के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण सुचारु रुप से वाहनों के परिचालन एवं पैदल यात्रियों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है तथा ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। इस हेतु आवश्यक है कि तिपहिया वाहनों के परिचालन को नियंत्रित करने हेतु परमिट की जाँच की जाय, ताकि सभी तिपहिया वाहन अपने निर्धारित मार्ग पर ही परिचालित हों, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाया जा सके।

उपर्युक्त पर सम्यक् विचारोपरांत पटना नगर निगम क्षेत्र में पदस्थापित सभी पुलिस अवर निरीक्षकों एवं उनसे वरीय पुलिस पदाधिकारियों को बिना वैध परमिट के तिपहिया वाहनों का परिचालन किये जाने की जाँच करने एवं तद्नुरुप नियमानुसार उनपर शास्ति अधिरोपित करने हेतु **मोटरयान अधिनियम, 1988–सहपठित–मोटरयान (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा–192A** के तहत् विनिर्दिष्ट दण्डनीय अपराधों के लिए शमन की शक्ति प्रदान की जाती है।

2. यह अधिसूचना इसके निर्गमन की तिथि से अगले आदेश तक के लिए प्रभावी होगी।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से,
संजय कुमार अग्रवाल, **सचिव।**

योजना एवं विकास विभाग

अधिसूचना
27 दिसम्बर 2024

सं0 यो0स्था04/2–09/2021 7278 /यो0वि0––श्री कृष्णनन्दन प्रसाद सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सुपौल के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 180–1/गो0 दिनांक 18.06.2021 द्वारा विहित प्रपत्र में आरोप पत्र विभाग को उपलब्ध कराया गया। श्री सिंह के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा मुख्यतः बिना अवकाश आवेदन दिये एवं बिना जिला पदाधिकारी की पूर्वानुमति के मुख्यालय से बाहर रहने, सरकारी मोबाईल बंद रखने एवं विभागीय कार्यों के प्रति अभिरूचि नहीं लेने से संबंधित आरोप प्रतिवेदित किये गये, जिसके आलोक में श्री सिंह, कार्यपालक अभियंता को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम 9(1)(क) के तहत विभागीय अधिसूचना संख्या– 2047 दिनांक 02.07.2021 द्वारा निलंबित करते हुए नियम–17(3) के तहत आरोप पत्र गठित किया गया तथा इन आरोपों के लिए समर्पित स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं पाये जाने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या–772 दिनांक–21.02.2022 द्वारा श्री सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सुपौल सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) निमयावली, 2005 के नियम–14(i) के तहत **निन्दन** एवं 14(v) के तहत संचयी प्रभाव के बिना तीन वेतन वृद्धियों पर रोक का लघु दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया गया है।

2. ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–5760 दिनांक–26.09.2024 द्वारा श्री सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता की सेवानिवृति की तिथि दिनांक–31.10.2023 होने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या–772 दिनांक–21.02.2022 द्वारा दिये गये दंड असंचयी प्रभाव से 03 वेतन वृद्धि पर रोक का अनुपालन नहीं होने की सूचना देते हुए स्पष्ट मंतव्य की अपेक्षा की गयी तथा मंतव्य से सीधे महालेखाकार, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया है।

चूँकि श्री सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता के सेवानिवृति की तिथि–31.10.2023 होने के कारण उक्त दण्ड के आलोक में उनके वेतन वृद्धि से दो वेतन वृद्धि की कटौती ही संभव हो पायी और तीसरे की कटौती संभव नहीं हो पायी।

उक्त के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य प्राप्त किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा उल्लेख किया गया है कि उक्त दण्ड के फलस्वरूप श्री सिंह के वेतन वृद्धि रोके जाने की अवधि (दिनांक–21.02.2022 से दिनांक–30.06.2024) के पूर्व ही दिनांक–31.10.2023 को सेवानिवृत होने के कारण असंचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोके जाने के लघु दण्ड का श्री सिंह पर दुष्प्रभाव संचयी प्रभाव से वेतन वृद्धि रोके जाने के वृहद दण्ड के समान हो रहा है। अतएव बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–28 में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा दंड के पुनरीक्षण का प्रावधान है तथा नियम–29 के प्रावधान के तहत पुनरीक्षण हेतु निर्धारित समय–सीमा को शिथिल करने तथा विलंब को माफ करने की शक्ति भी अनुशासनिक प्राधिकार में है, वर्णित प्रावधानों का उपयोग करते हुए दंडादेश का पुनरीक्षण कर प्रतिस्थानी (Substituted) दंडादेश निर्गत किये जाने का परामर्श दिया गया है। निर्गत प्रतिस्थानी (Substituted) दंडादेश उसी तिथि से प्रभावी होगा जिस तिथि को मूल दंडादेश निर्गत किया गया है।

अतएव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये परामर्श के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–28 एवं 29 में वर्णित प्रावधानों के तहत विलंब को माफ

कर विभागीय अधिसूचना संख्या–772 दिनांक–21.02.2022 द्वारा अधिरोपित एवं संसूचित दण्ड को शिथिल एवं पुनरीक्षित करते हुए श्री सिंह के विरूद्ध एक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का दण्ड में परिवर्तित किया जाता है।

3. इस पुनरीक्षण का प्रभाव पूर्व में अधिसूचित दंड की तिथि से प्रभावी होगा।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रणजीत कुमार, अपर सचिव ।

———

Office of The Commissioner, Magadh Division, Gaya

———

Office Order

The 17th December 2024

No. XI-K-रा0-02/2024-301---In the light of proposal received from District Magistrate, Gaya vide letter no.-1085, dated- 13.12.2024 the power of certificate officer has been delegated to following officers for disposal of certificate cases u/s 3(3) of Bihar & Orrisa Public Demand Recovery Act. 1914.

Sl. No.	Officers Name	Designation	Remarks
01	Sri Ajay Kumar Singh	DAO, Gaya	District Level
02	Sri Rajeev Kumar Singh	DMSFC, Gaya	District Level
03	Sri Avneet kumar Sinha	ADPRO, Gaya	District Level
04	Smt Rashmi Verma	DPO, (ICDS), Gaya	District Level
05	Sri Shivnath Thakur	Deputy Muncipal Commissioner, Gaya	District Level
06	Sri Sanjay Kumar	DWO, Gaya	District Level
07	Sri Abhay Kumar Singh	District Planning Officer, Gaya	District Level
08	Sri Jitendra Kumar	DSO, Gaya	District LeveL
09	Sri Nikesh Kumar	DCO, Gaya	District LeveL
10	Sri Avinash Kumar	Incharge Assistant Director Social Security Cell, Gaya	District LeveL
11	Sri Ravi Kumar	District Provident Fund Officer, Gaya	District LeveL
12	Sri Rajnikant Kumar	District National Saving Officer, Gaya	District LeveL
13	Sri Naresh Kumar Chauhan	District Sports Officer, Gaya	District LeveL
14	Smt Priya Bharti	DPO, Education, Gaya	District LeveL
15	Sri Mahesh Chandra Jha	Lebour Suprintendent, Gaya	District LeveL
16	Sri Rahul Kumar	Assistant Director, Minirioty Welfare, Gaya	District LeveL

17	Sri Kartik Kumar	Mining Development Officer, Gaya	District LeveL
18	Miss Bandana Kumari	GM, DIC, Gaya	District LeveL
19	Smt Bandana Kumari	State tax Assistant Commissioner, Gaya	District Level
20	Sri (Dr.) Om Prakash	DEO, Gaya	District Level
21	Sri Durga Yadav	DPO, SSA, Gaya	District Level
22	Sri Mukesh Kumar	District Settlement Officer, Gaya	District Level
23	Smt. Aakriti Dev	District Employment Officer, Gaya	District LeveL
24	Sri Dipak Chandra Dev	DPRO, Gaya	Sub Divisional Level
25	Sri Santosh Kumar	Sub Planning Officer, Gaya	Sub Divisional Level
26	Sri Abhishek Kumar	Sub Planning Officer, Gaya	Sub Divisional Level
27	Sri Sambhu Mandal	Executive Magistrate, Sadar	Sub Divisional Level
28	Sri Ranjit Kumar Ranjan	DCLR, Sherghati	Sherghati Sub Divisional Level
29	Sri Amit Vikram Bainami	DCLR, Tikari	Tikari Sub Divisional Level
30	Sri Pravin Chandan	DCLR, Neemchak Bathani	Neemchak Bathani Sub Divisional Level
31	Sri Nirmal Kumar	Executive Magistrate, Sherghati	Sherghati Sub Divisional Level
32	Sri Abhishek Anand	Executive Officer, Nagar Prishad, Bodhgaya	Sadar Sub Divisional Level
33	Sri Suraj Prakash	Block Panchayat Raj Officer	Amas Block Level
34	Sri Aditya Anand	Block Panchayat Raj Officer	Atri Block Level
35	Sri Naresh Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Barachati Block Level
36	Smita Verma	Block Panchayat Raj Officer	Belaganj Block Level
37	Sri Nikhil Raj	Block Panchayat Raj Officer	Bankebazar Block Level
38	Smt Anju Kumari	Block Panchayat Raj Officer	Bodhgaya Block Level
39	Sobha Kumari	Block Panchayat Raj Officer	Dumariya Block Level
40	Sri Amitesh Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Dobhi Block Level
41	Sri Pramod Kumar Saw	Block Panchayat Raj Officer	Fatehpur Block Level

42	Sri Ranjit Swastha	Block Panchayat Raj Officer	Nagar Block Level
43	Sri Agrasar Raj	Block Panchayat Raj Officer	Guraru Block Level
44	Sri Agrasar Raj	Block Panchayat Raj Officer	Gurua Block Level
45	Sobha Kumari	Block Panchayat Raj Officer	Imamganj Block Level
46	Sri Amardeep Chaudhary	Block Panchayat Raj Officer	Khizarsarai Block Level
47	Sri Lucky Singh	Block Panchayat Raj Officer	Konch Block Level
48	Sri Ranjit Swastha	Block Panchayat Raj Officer	Manpur Block Level
49	Sri Vijay Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Mohanpur Block Level
50	Sri Vikash Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Mohara Block Level
51	Sri Vikash Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Neemchak Bathani Block Level
52	Sri Vijay Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Paraiya Block Level
53	Sri Vijay Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Sherghati Block Level
54	Sri Pramod Kumar Saw	Block Panchayat Raj Officer	Tankuppa Block Level
55	Sri Saurabh Kumar	Block Panchayat Raj Officer	Tikari Block Level
56	Sri Kumar Gaurav	Block Panchayat Raj Officer	Wazirganj Block Level
57	Smt Khusboo Shri	Block Co-oprative Officer	Paraiya Block Level
58	Sri Raju Sharma	Block Co-oprative Officer	Atri Block Level
59	Sri Priyeranjan Kumar	Block Co-oprative Officer	Belaganj Block Level
60	Sri Lalmani	Block Co-oprative Officer	Bodhgaya Block Level
61	Sri Dilip Joshi	Block Co-oprative Officer	Fatehpur Block Level
62	Sri Vikash Kumar	Block Co-oprative Officer	Manpur Block Level
63	Sri Suraj Kumar	Block Co-oprative Officer	Tankuppa Block Level
64	Sri Shashikant Kumar	Block Co-oprative Officer	Neemchak Bathani Block Level
65	Sri Amit Kumar	Block Co-oprative Officer	Konch Block Level
66	Sri Raj Raushan	Block Co-oprative Officer	Nagar Block Level

67	Sri Amit Ranjan	Block Co-oprative Officer	Konch Block Level
68	Sri Vicky Kumar	Block Co-oprative Officer	Wazirganj Block Level
69	Sri Munindra kumar	Block Co-oprative Officer	Amas Block Level
70	Sri Mrityunjay Pandey	Block Co-oprative Officer	Barachati Block Level
71	Sri Kunal Kumar	Block Co-oprative Officer	Bankebajar Block Level
72	Sri Vipin Kumar	Block Co-oprative Officer	Dobhi Block Level
73	Md. Sajid	Block Co-oprative Officer	Dumriya Block Level
74	Sri Shankar Kumar	Block Co-oprative Officer	Mohanpur Block Level
75	Sri Vikash Singh	Block Co-oprative Officer	Sherghati Block Level
76	Tushar Anal Chandra	Block Co-oprative Officer	Sherghati Block Level
77	Sri Mahesh Kumar Gupta	Block Co-oprative Officer	Dumriya Block Level

Order of Commissioner, Magadh Division, Gaya dt. 17.12.2024

Sd/-Illegible, Secretary to Commissioner.
Magadh Division, Gaya

———

The 17th December 2024

No. XI-K-रा0-03/2024-302---In the light of proposal received from District Magistrate, Jehanabad vide letter no.-471, dated- 27.11.2024 the power of certificate officer has been delegated to following officers for disposal of certificate cases u/s 3(3) of Bihar & Orrisa Public Demand Recovery Act. 1914.

Sl. No.	Officers Name	Designation	Remarks
1	Sri Sharad Chandra Jhunjhunwala	ATO, Jehanabad	District Level
2	Sri Dinanath Singh	Executive Officer, Nagar Parishad, Jehanabad	District Level
3	Sri Nityanand Kumar	Excise Suprintendent, Jehanabad	District Level
4	Sri Ahmad Ali Raza	District Fishries Officer, Jehanabad	District Level
5	Sri Yaduwans	Joint Commissioner, State Tax, Jehanabad	District Level
6	Miss. Puja Kumari	GM-cum-Project Manager DIC, Jahanabad	District Level

7	Sri Rajendra Kumar Das	DM SFC, Jehanabad	District Level
8	Smt Rachana	DPO, ICDS, Jehanabad	District Level
9	Smt Rashmi Rekha	DEO, Jehanabad	District Level
10	Smt Srishti Singh	District Planning Officer, Jehanabad	District Level
11	Smt Sweta Priya	Assistant Director (Chem.), Soil Testing Laboratory, Jehanabad	District Level
12	Sri Rakesh Kumar	Deputy Project Director (ATMA), Jehanabad	District Level
13	Sri Rajanikant	Subdivisional Welfare Officer, Jehanabad	Jehanabad Subdivisional Level
14	Sri Mukesh Kumar	Assistant Supply Officer, Subdivision, Jehanabad	Jehanabad Subdivisional Level
15	Smt. Neha	Subdivisional Agriculture Officer, Jehanabad	Jehanabad Subdivisional Level
16	Sri Vinit Kumar	Subdivisional Welfare Officer (SC/ST), Jehanabad	Jehanabad Subdivisional Level
17	Sri Rahul Kumar	Sub Election Officer, Jehanabad	Jehanabad Subdivisional Level

Order of Commissioner, Magadh Division, Gaya dt. 17.12.2024

Sd/-Illegible, Secretary to Commissioner.
Magadh Division, Gaya

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 41—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-2

बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग

अधिसूचना
(शुद्धि पत्र)
3 दिसम्बर 2024

सं0 कारा/स्था0(प्रो0)–01–16/2021(पार्ट–3)–423––अधिसूचना संख्या कारा/स्था0(प्रो0)–01–16/2021 (पार्ट–3) –405 दिनांक–20.11.2024 द्वारा बिहार प्रोबेशन सेवा के प्रोबेशन पदाधिकारियों की सेवा संपुष्टि की गई है। उक्त अधिसूचना के क्रमांक–02 के कॉलम–02 में अंकित नाम श्री श्याम कमार के स्थान पर श्री श्याम कुमार एवं क्रमांक–07 के कॉलम–03 में अंकित योगदान की तिथि दिनांक–26.12.2021 के स्थान पर 26.12.2022 पढ़ा जाये।

2. शेष सभी यथावत् समझा जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 41—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-9-ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि ।

सूचना

————————

No. 1210––I, Ravi Ranjan Kumar S/o Sri Bhagwat Bhagat, R/o Village Maina Mahpura, P.S.-Mahishi. Distt.-Saharsa, Bihar do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No.-17060 dt. 18.07.24 that I have passed the examination for degree of Doctor of Philosophy in law faculty from Patna University in the year 2017 As per guideline 2009 Degree arwarded to me the title of Doctor to be written before my name. Now I will be known as Dr. Ravi Ranjan Kumar for all future pruposes.

Ravi Ranjan Kumar.

————————

No. 1215––I, Sanyukta Kumari W/o Ajay Kumar R/o D.S. Central Shcool, Son Nagar Barun, Aurangabad Bihar 824112 do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No. 10823 dt. 14.11.24 that my name is written in my Son's Aditya Prakash 10th educational documents as Sanyukta Devi which is wrong. As per Aadhar Card my correct name is Sanyukta Kumari. Sanyukta Devi and Sanyukta Kumari both are same and one person. From now I will be konwn as Sanyukta Kumari for all purposes.

Sanyukta Kumari.

————————

No. 1216––I, Shachi W/o Ramit Gunjan R/o Flat No.-203 Parvati Anand Apartment Road No.-01, Near Pani Tanki, West Shivpuri, Boring Road, Phulwari, Patna, Bihar-800023, do hereby solemnly affirm and declare as per aff. No.-696 dt. 5.10.24 that my name is written in my son Divyansh Gunjan's Class Xth all educational documents as Shachi Gunjan which is worng. As per aadhar Card my correct name is Shachi, Shachi Gunjan and Shachi both are same and one person. From now I will be known as Shachi for all purposes.

Shachi.

————————

सं0 1217––मैं विश्वजीत कुमार सिंह, पिता–सन्त प्रसाद सिंह, ग्राम–माधोपुर, अमनार, पो0–नारायणपुर, थाना–एकंगरसराय, जिला–नालंदा, बिहार शपथ पत्र संख्या 3057 दिनांक 10.09.2024 के द्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र अमित कुमार सिंह अब अमित कुमार के नाम से जाना जायेगा।

विश्वजीत कुमार सिंह।

No. 1217––I, VISHVAJIT Kumar Singh S/o Sant Prasad Singh R/o Vill.-Madhopur Amnar, PO-Narayanpur, PS-Ekanagarsarai Dist.-Nalanda, Bihar declare vide affidavit no. 3057 dated 10.9.24 my son Amit Kumar Singh will be known as Amit Kumar.

VISHVAJIT Kumar Singh.

बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

अधिसूचना

1 अगस्त 2024

बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (सामान्य) विनियमावली, 2024

सं0 01–बिहार रेरा, सामान्य विनियमावली, 2024 भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 85 के अधीन, प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, एतद् द्वारा निम्नलिखित विनियमावली बनाती हैः–

1. संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार, प्रारंभ और अनुप्रयोगः

(1) यह विनियमावली बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (सामान्य) विनियमावली, 2024 कही जा सकेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह विनियमावली तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

(4) यह विनियमावली बिहार राज्य में भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी मामलों के संबंध में लागू होगी।

2. परिभाषाएँ–

(1) इस विनियमावली में, जबतक कि संदर्भ में अन्यथा आवश्यक न हो–

(i) ''अधिनियम''से तात्पर्य है भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016(समय–समय पर यथा संशोधित);

(ii) ''आवेदन पत्र'' प्राधिकरण के समक्ष भू–सम्पदा परियोजना के पंजीकरण के लिए आवेदन–पत्र का अर्थ है रेरा अधिनियम, 2016 बिहार रेरा नियमावली, 2017 के अनुसार और इसके अधीन बनाए गये विनियम तथा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर इस संबंध में निर्गत आदेश/निदेश के अनुसार सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन तथा सभी अपेक्षित दस्तावेज एवं निर्धारित शुल्क/विलम्ब प्रभार या अतिरिक्त शुल्क के साथ आवेदन करना।

(iii) ''न्याय निर्णय' से तात्पर्य है, अधिनियम की धारा 31 के अन्तर्गत या अधिनियम की धारा 71 के साथ पठित धारा 31 के अन्तर्गत, प्राधिकरण द्वारा प्राप्त शिकायतों पर न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्णय लेने की प्रक्रिया।

(iv) ''प्राधिकार" से तात्पर्य है बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।

(v) ''अध्यक्ष'' से अभिप्रेत है प्राधिकरण का अध्यक्ष।

(vi) ''परामर्शी'' से अभिप्रेत है, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा निपटाए जाने वाले अपेक्षित मामलों पर प्राधिकरण को अल्पकालिक आधार पर सहायता प्रदान करना। इसमें कोई भी व्यक्ति या कोई संगठन शामिल है (जो प्राधिकरण के नियमित रोजगार में नहीं है) नियुक्त हो सकता है,

(vii) ''प्रपत्र'' इसका तात्पर्य रेरा अधिनियम, 2016 के नियमों और विनियमों में विनिर्दिष्ट प्रपत्र और प्रपत्रों से है।;

(viii) ''सदस्य'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत अधिसूचित सदस्य, जिन्हें अधिनियम या नियमों के तहत किसी भी जिम्मेवारी या अधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से नियुक्त किया गया हो;

(ix) ''अधिकारी'' से अभिप्रेत है प्राधिकरण का कोई अधिकारी;

(x) ''कार्यवाही'' से तात्पर्य है अधिनियम एवं नियमों तथा विनियमों के तहत प्राधिकरण द्वारा बनाये गये अपने कार्यों के निर्वहन के क्रम में सभी प्रकार की कार्यवाहियों से है।

(xi) ''विनियमन'' से तात्पर्य है बिहार भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (सामान्य) विनियमावली, 2024

(xii) ''नियम'' सेतात्पर्य है बिहार सरकार द्वारा भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के अंतर्गत बनाई गई बिहार भू–सम्पदा (विनियमन एवं विकास) नियमावली, 2017 (समय समय पर संशोधित)।

(xiii) ''सचिव'' से अभिप्रेत है प्राधिकरण का सचिव।

(xiv) ''धारा'' से तात्पर्य है भू–सम्पदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा।

(xv) ''संपति'' से तात्पर्य है किसी भी प्रकार की संपति, चाहे वह चल या अचल हो और ऐसी संपति में जिसमें कोई अधिकार या हित शामिल हो।

(xvi) ''विलम्ब शुल्क'':– यथास्थिति, संप्रवर्तक या एजेंट को प्राधिकरण को विलम्ब शुल्क उन दरों पर देना होगा, जैसा कि प्राधिकरण के विनियमों, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जा सकता है, जिसे समय–समय पर प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

(xvii) ''अतिरिक्त प्रभार'':– यथास्थिति, संप्रवर्तक या एजेंट को प्राधिकरण को उन दरों पर अतिरिक्त प्रभार का भुगतान करना होगा, जैसा कि प्राधिकरण के सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्धारित किया जा सकता है तथा समय–समय पर प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

(xviii) ''बुकिंग राशि'' का अर्थ है फ्लैट/भू–खंड/घर खरीद्दार द्वारा फ्लैट/भू–खंड/घर की बुकिंग के समय प्रोमोटर को रेरा अधिनियम की धारा– 13(1) के अनुसार तय कीमत पर इसे खरीदने के उद्देश्य से अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क या किसी भी नाम की कोई राशि के रूप में भुगतान की गयी हो।

(2) इन विनियमों में आने वाले तथा इसमें परिभाषित नहीं किये गये किन्तु अधिनियम या नियमों में परिभाषित शब्दों या अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों में दिया गया है।

3. वास्तुविद, अभियंता और चार्टर्ड एकाउन्टेंट के प्रमाण–पत्रों के प्रपत्र–धारा 4(2)(एल)(डी) के तहत संधारित किये गये खाते से पैसे निकालने के लिए परियोजना वास्तुकार, परियोजना अभियंता और चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र क्रमशः प्रपत्र 1, 2 और 3 में होंगे और साथ ही चल रही परियोजनाओं के पंजीकरण के आवेदन के साथ और विनियमन 9(3) के तहत निर्दिष्ट प्रपत्र–7 के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्पष्टीकरण 1. भू–सम्पदा परियोजना हेतु खोले गये खाते से राशि की निकासी हेतु परियोजना की प्रगति को सत्यापित करने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा वह चार्टर्ड अकाउंटेंट जो प्रोमोटर के उद्यम का सांविधिक लेखा परीक्षक हो दोनों भिन्न होने चाहिए।

स्पष्टीकरण 2. यदि व्यवसायरत् चार्टर्ड अकाउंटेंट, जो प्रोमोटर के उद्यम का सांविधिक लेखा परीक्षक नहीं है, द्वारा जारी प्रपत्र संख्या 4 से पता चलता है कि परियोजना वास्तुकार, इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा पृथक बैंक खाते से निधियों की निकासी के लिए जारी किए गए किसी प्रमाण पत्र में गलत या असत्य है और किसी विशेष परियोजना के लिए एकत्रित राशि का उपयोग उसी परियोजना के लिए नहीं किया गया है और राशि की निकासी परियोजना कार्य के पूरा होने के प्रतिशत के अनुपात के अनुपालन में नहीं की गई है, तो प्राधिकरण अधिनियम और नियमों में विनिहित दंडात्मक कार्रवाई करने के अतिरिक्त, अपने विवेकानुसार, वास्तुकार, इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट, जैसा भी मामला हो, से संबंधित नियामक निकाय के पास उक्त पेशेवरों के विरूद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई के लिए मामला उठा सकता है, जिसमें व्यवसाय के लिए सदस्यता का पंजीकरण रद्द करना भी शामिल हो सकता है।

4. भू–खंड विकास परियोजनाओं में विभिन्न प्रमाण पत्रों के प्रपत्र–भू–खंड विकास परियोजनाओं के मामले में धारा 4(2)(एल)(डी) के तहत बनाए गए अलग खाते से पैसे निकालने के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र भू–खंड विकास परियोजना के विवरण के अनुसार लागू संदर्भ संशोधन के साथ प्रपत्र 1, 2 और 3 में होंगे।

5. अधिनियम की धारा 4 या धारा 6 या धारा 9 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रत्येक आवेदन को सभी विवरण, प्रासंगिक दस्तावेजों और निर्धारित शुल्क के साथ–साथ अतिरिक्त प्रभार, विलंब प्रभार, यदि कोई हो, के साथ प्राधिकरण को ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा।

(1) प्रोमोटर को पंजीकरण के लिए आवेदन–पत्र एक शपथ–पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि फ्लैटों, दुकानों, अपार्टमेंटों, पार्किंग/गैरेज सहित टावरों, अन्य यदि कोई हो, और भूखंडों का शेयर विशेष रूप से विपणन के लिए इसके हिस्से में उपलब्ध है और इसका उल्लेख प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाने वाले पंजीकरण प्रमाण–पत्र में किया जाएगा।

(2) यदि कोई प्रोमोटर या एजेंट, जैसा भी मामला हो, योग्यता के आधार पर प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर उनके द्वारा समर्पित आवेदन में पाई गई कमी को दूर करने का अवसर दिए जाने के बाद भी अधिनियम, नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार सभी अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफलरहता है या पंजीकरण की अन्य आवश्यकताओं का पालन नहीं करता है, तो उसे अपूर्ण माना जाएगा और ऐसे आवेदन अस्वीकार करने योग्य होंगे।

(3)यदि आवेदन में त्रुटि बनी रहती है और आवेदन अधिनियम एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार पूर्ण नहीं है, तो आवेदक को नोटिस जारी करने की तिथि से 7 दिनों की अवधि का अग्रिम नोटिस दिए जाने के पष्चात् तथा मामले में सुनवाई का अवसर देने के प्श्चात् अधिनियम की धारा 5(1)(ख) के प्रावधानों के अनुसार इसे अस्वीकार किया जा सकेगा।

(4) यदि उपर्युक्त विनियमन 5(3) के अन्तर्गत, प्रोमोटर या एजेंट, जैसा भी मामला हो यदि किसी आवेदन को नियमानुसार अस्वीकृत कर दिया जाता है तो वह शुल्क/विलंब शुल्क/अतिरिक्त शुल्क, जैसा भी मामला हो, के साथ प्राधिकरण को नया आवेदन कर सकता है, मानो यह पंजीकरण प्राप्ति के लिए एक नया आवेदन है।

(5) परियोजना के पूर्ण होने की चरणबद्ध समय–सारिणी, निर्माण कार्य के विकास की विभिन्न चरणों का माइल स्टोन चार्ट के रूप में विवरण देते हुए परियोजना के भवन/टावर/ब्लॉक–वार प्रमोटर द्वारा रेरा, बिहार के वेबसाइट पर परियोजना के वेबपेज पर पंजीकरण के 30 दिनों के अन्दर अपलोड किया जाएगा।

(6) प्रोमोटर को बिहार भू–सम्पदा (विनियमन और विकास) नियमावली 2017 में विनिर्दिष्ट प्रपत्र 'इ' में परियोजना के पंजीकरण के विस्तार के लिए आवेदन के साथ संशोधित समापन तिथि के भीतर पूरा किए जाने वाले परियोजना के विकास कार्यों के विभिन्न चरणों का संशोधित माईल स्टोन चार्ट का विवरण प्रस्तुत करना होगा और इसे रेरा, बिहार पर उपलब्ध परियोजना के वेबसाइट पर परियोजना के वेबपेज पर अपलोड करना होगा।

6. भू–स्वामी को प्रोमोटर या आवंटी माना जाएगा–(1) प्राधिकरण या न्याय निर्णायक अधिकारी, अधिनियम की धारा 31(1) के तहत उसके समक्ष रखी गयी शिकायत के निष्पादन के क्रम में तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर यह तय करेगा कि भू–स्वामी, जिसने प्रोमोटर के साथ विकास समझौता किया है, उसे आवंटी या प्रोमोटर के रूप में माना जायेगा।

स्पष्टीकरण 1 अधिनियम की धारा–2 (जेड के) में उल्लिखित परिभाषा के अनुसार चूँकि भूमि मालिक ''उस परियोजना के निर्माण कराने का कारक है।'' अतः वह भी प्रोमोटर के साथ बिक्री हेतु किये गये एकरारनामें में आवंटियों हेतु उल्लिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित सभी रीति से संयुक्त रूप से जिम्मेवार होगा।

(क) विकास समझौते में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया हो कि भूमि मालिक को प्रोमोटर के साथ परियोजना के निर्माण या विकास में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

(ख) विकास समझौता में प्रोमोटर एवं भू–स्वामी के मध्य फ्लैटों या विकसित के हिस्से के अतिरिक्त लाभ और राजस्व के हिस्से का वितरण बताया गया हो।

(ग) भू–स्वामी परियोजना पूरी होने से पहले अपने हिस्से के अपार्टमेंट का विपणन, विज्ञापन या बिक्री करता हो।

स्पष्टीकरण 2. अधिनियम की धारा 18(2) में उल्लिखित भूमि, जिस पर परियोजना विकसित की जा रही है, उस भूमि के त्रुटिपूर्ण स्वामित्व के मुआवजे के लिए दायर मामलों में न्याय निर्णायक पदाधिकारी द्वारा तय किए गये मुआवजे के लिए भू–स्वामी भी संयुक्त रूप से जिम्मेवार होगा।

7. अन्य शुल्क–

(1) यथास्थिति, प्रोमोटर या एजेंट, जैसा भी हो, को निम्नलिखित मामलों में प्राधिकरण के सामान्य या विशेष आदेश द्वारा विनिर्धारित दरों पर अतिरिक्त शुल्क/विलम्ब शुल्क, जिसे समय–समय पर प्राधिकरण के वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, के अनुसार, राशि का भुगतान प्राधिकरण को करना होगा :–

(i) वेबसाइट के आवधिक अद्यतन के लिए शुल्क/विलंब शुल्क/अतिरिक्त शुल्क

(ii) विलम्ब से प्रस्तुत किए गए आवेदनों के लिए तथा पंजीकरण से पहले या बाद में पंजीकरण के लिए आवेदन में किए जाने वाले आवश्यक संशोधनों की अनुमति के लिएशुल्क/विलंब शुल्क/अतिरिक्त शुल्क।

(iii) किसी अन्य मामले के लिए,शुल्क/विलंब शुल्क/अतिरिक्त शुल्क।

8. डिस्प्ले बोर्ड–(1) प्रोमोटर को परियोजना स्थल पर न्यूनतम 5'X4' आकार का पर्यावरण रोधी जियो टैग्ड (परियोजना के अक्षांश और देशांतर का उल्लेख करते हुए) डिस्प्ले बोर्ड लगाना होगा जिस पर परियोजना का नाम और पंजीकरण संख्या के साथ प्राधिकरण द्वारा जारी क्यूआर कोड, पंजीकरण की तिथि, परियोजना के चरण, टावरों की संख्या, मंजिलों की संख्या (टावर के अनुसार) आदि की जानकारी मोटे अक्षरों और सुपाठ्य भाषा में लिखी होगी, ताकि परियोजना के पूरा होने तक सभी ऋतुओं/पूरे वर्ष के दौरान जानकारी दिखाई दे सके।

(2) भूखंड विकास के मामले में, प्रोमोटर अनुमोदित साइट प्लान के संबंध में उप–विनियमन (1) में उल्लिखित के अनुसार डिस्प्ले बोर्ड लगाएगा, जिसमें परियोजनाओं का संपूर्ण क्षेत्र अर्थात् सड़कें, जलापूर्ति, बाहरी सेवाएं, परियोजना की भूमि का राजस्व विवरण अर्थात प्लॉट संख्या, खाता संख्या, थाना संख्या और ले–आऊट योजना राजस्व मानचित्र पर मोटे और सुपाठ्य अक्षरों में अंकित होगी ताकि परियोजना के पूरा होने तक जानकारी प्रदर्शित रहे।

(3) जैसा कि उप विनियमन (1) में उल्लिखित है प्रोमोटर की वेबसाइट सहित प्रोमोटर के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम और संपर्क विवरण भी बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।

9. प्रोमोटर द्वारा परियोजना के वेब पेज पर अपलोड की जाने वाली सूचना/दस्तावेज जो प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे–

(1) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर उत्तरवर्ती वर्ष का लेखा चार्टर्ड एकाउन्टेट द्वारा प्रमाणित होकर छः माह के बाद प्रोमोटर को प्राप्त हो जाता है, जिसे रेरा नियमावली के नियम 4(2)(एल)(डी) के प्रावधानों के अनुसार रेरा बिहार के वेबसाइट पर 31 अक्टूबर तक अपलोड किया जाना है और जो प्रोमोटर के संस्थान में कार्यरत अंकेक्षक का नहीं हो, प्रोमोटर उत्तरवर्त्ती वित्तीय वर्ष का लेखा जो चार्टर्ड एकाउटेंट के हस्ताक्षर के बाद प्राप्त होता है, उसे वैधानिक लेखा परीक्षा के रूप में रेरा नियमावली के नियम 4(2)(एल)(डी) के निमित्त निर्गत फारम–4 में रेरा वेबसाइट पर 31 अक्टूबर तक अपलोड करेंगे।

(2) भू–सम्पदा परियोजना के सभी प्रोमोटर/डेवलपर्स को रेरा, बिहार की वेबसाइट पर परियोजना की कंपनी के निदेशक मंडल/फर्म के साझेदारों में किसी भी परिवर्तन (जोड़ना/हटाना) के बारे में घटना के एक महीने के भीतर अपलोड करना होगा।

(3) प्रोमोटर को अपनी परियोजना का त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति के पन्द्रह दिनों के अंदर प्राधिकरण की वेबसाइट पर परियोजना के वेबपेज पर फॉर्म 7 के साथ फॉर्म 1, 2 एवं 3 विनियम 8(1) के अनुसार डिस्प्ले बोर्ड फोटो जिसमें उसके लेने की तिथि अंकित हो तथा परियोजना का QR कोड अपलोड करना होगा।

(4) प्रोमोटर को प्राधिकरण की वेबसाइट पर परियोजना के वेबपेज पर निम्न भी अपलोड करना होगा कि निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध हैः–

(क) किसी सिविल इंजीनियर, वास्तुकार और चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र की त्रैमास के अंत तक बैंक से निकासी की गई राशि परियोजना की भौतिक प्रगति के अनुरूप है।

(ख) वास्तुविद एवं असैनिक अभियंता द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र कि परियोजना की प्रगति प्रोमोटर द्वारा समर्पित माइलस्टोन चार्ट के अनुरूप है।

(ग) माइलस्टोन चार्ट/बार चार्ट/गैन्ट चार्ट जिसमें भवन ब्लॉक/टावर/भवन वार निर्माण कार्य के विभिन्न चरणों की प्रगति को दर्शाया गया होतथा जिसमें यह इंगित किया गया हो कि परियोजना का कार्य समय सारणी के अनुसार चल रहा है या पीछे है।

(5). यदि कोई प्रोमोटर विनियम–9 के उप–विनियमन (3) एवं (4) में निर्धारित तिमाही विवरण/रिपोर्ट अपलोड करने में विफल रहता है या निर्धारित समय के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो उसे जुर्माना देना होगा जो अधिनियम की धारा 61 के प्रावधान के तहत प्राधिकरण द्वारा निर्धारित भू–सम्पदा परियोजना की अनुमानित लागत का 5%तक हो सकता है। हालाँकि वह नीचे दिए गए विलंब शुल्क का भुगतान करने के बाद तिमाही विवरण और रिपोर्ट अपलोड करने का विकल्प चुन सकता है:–

क्रम संख्या	विलम्ब	विलम्ब से भुगतान का शुल्क
1	1 दिन से 15 दिन तक के विलम्ब के लिए	रू0 25,000/– (पच्चीस हजार रूपये)
2	16 दिन से 30 दिन तक के विलंब के लिए	रू0 50,000/– (पचास हजार रूपये)
3	31 दिन से 60 दिन तक के विलंब के लिए	रू0 1,25,000/– (एक लाख पच्चीस हजार रूपये)
4	60 दिनों से अधिक विलंब के लिए	रू0 3,00,000/– (तीन लाख रूपये)

(6) यदि प्रोमोटर विनियम 9 के उप–विनियमन (3) एवं (4) के अनुसार त्रैमासिक विवरण/त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट में अपूर्ण जानकारी या तथ्य प्रदान करता है या प्रस्तुत करता है तो वह 50,000– रूपये (पचास हजार रूपये) का शुल्क देने के लिए उत्तरदायी होगा।

(7) यदि प्रोमोटर विनियम 9 के उप–विनियम (3)एवं (4) में गलत जानकारी और या गलत तथ्यों के साथ त्रैमासिक विवरण/त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट प्रदान करता है तो वह अतिरिक्त शुल्क के रूप में रू01,00,000/–रूपये (एक लाख रूपये) का भुगतान करने हेतु उत्तरदायी होगा।

(8) यदि प्रोमोटर निर्धारित समय के भीतर त्रैमासिक विवरण/त्रैमासिक प्रगति में विनियम 8(1) के अनुसार डिस्प्ले बोर्ड की जियो टैग दिनांकित तस्वीर अपलोड करने में विफल रहता है तो वह निम्नांकित निर्धारित विलंब शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगाः–

क्र0 सं0	विलम्ब	विलम्ब भुगतान का शुल्क
1	1 दिन से 15 दिन तक के विलम्ब के लिए	रू0 10,000/– (दस हजार रूपये)
2	16 दिन से 30 दिन तक के विलम्ब के लिए	रू0 30,000/– (तीस हजार रूपये)
3	31 दिन से 60 दिन तक के विलम्ब के लिए	रू0 75,000/– (पचहत्तर हजार रूपये)
4	60 दिनों से अधिक का विलंब के लिए	रू0 2,00,000/– (दो लाख रूपये)

10. **धारा 6 के तहत पंजीकरण के विस्तार के लिए आवेदन शुल्क**–बिहार रेरा, नियमावली, 2017 के नियम 6 (2) के साथ पठित रेरा, अधिनियम, 2016 की धारा 6 के अनुसार प्रोमोटर द्वारा परियोजना के पंजीकरण के विस्तार हेतु समर्पित आवेदन के साथ निम्नांकित रूप से विनिर्धारित अतिरिक्त शुल्क आवेदन के साथ भी भुगतान करना होगा।

क्र0 सं0	**विस्तार की अवधि**	**अतिरिक्त प्रभार**
1	**6 महीने तक का विस्तार**	**रू0 4,00,000/– (चार लाख रूपये)**
2	**6 महीने से अधिक किन्तु 12 महीने तक का विस्तार**	**रू0 10,00,000/– (दस लाख रूपये)**
3	**विशेष मामलों में यदि 12 महीने से अधिक हो**	**रू0 20,00,000/– (बीस लाख रूपये)**

11. **धारा 6 के तहत विलम्ब शुल्क के साथ पंजीकरण विस्तार के लिए आवेदनः**–पंजीकृत भू–सम्पदा परियोजना के पंजीकरण के विस्तार हेतु पंजीकरण समाप्ति के 3 (तीन) महीना पहले रेरा अधिनियम की धारा 6 सहपठित बिहार रेरा नियमावली, 2017 के नियम 6(2) के अनुसार पूर्ण आवेदन के साथ बहुमत आवंटियों की सहमति एवं उनके आवंटन पत्रों के साथ आवेदन समर्पित करना आवश्यक है। इसमें उक्त निर्धारित समय के बाद पंजीकरण विस्तार हेतु आवेदन जमा करने पर नीचे निर्धारित विलम्ब शुल्क का भुगतान करना होगाः–

क्र0 सं0	**विलम्ब के दिन**	**विलम्ब भुगतान का शुल्क**
1	पंजीकरण की समाप्ति के बाद 3 महीने तक।	रू0 2,00,000/– (दो लाख रूपये)
2	पंजीकरण की समाप्ति के 3 महीने बाद लेकिन 6 महीने तक।	रू0 5,00,000/– (पाँच लाख रूपये)

3	पंजीकरण की समाप्ति के 6 महीने के बाद	रू0 10,00,000/– (दस लाख रूपये)

12. प्रोमोटर को अधिनियम की धारा 4(2)(एल)(डी) में अपेक्षित वार्षिक लेखा परीक्षित खाते का विवरण विलम्ब से प्रस्तुत करने पर देरी के प्रत्येक माह या उसके भाग के लिए 50,000/– रूपये का विलम्ब शुल्क देना होगा।

13. प्रोमोटर को रेरा अधिनियम की धारा–4 सहपठित बिहार रेरा नियमावली 2017 के नियम 3 और 4 के तहत विनिहित दस्तावेजों के अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगेः–

(क) परियोजना की प्रारंभिक लागत को पूरा करने के निमित्त परियोजना की अनुमानित विकास लागत के कम से कम दस प्रतिशत को पूरा करने हेतु प्रोमोटर की वितीय सक्षमता को दर्शाने के लिए आवेदन जमा करने की तिथि पर प्रोमोटर के संगठन और उनके निदेशक(ओं)/साझेदार(ओं)/मालिक(ओ)/अन्य इकाई जैसे की संपत्ति और देनदारियों का विवरण, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत् प्रमाणितहो, को समर्पित करना होगा।

(ख) पिछले पाँच वर्षो के दौरान कंपनी के निदेशकों/भागीदारों/मालिकों/फर्म/एलएलपी/अन्य इकाई द्वारा व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य संस्थाओं के भाग के रूप में या अन्य क्षमता में गत् पांच वर्षों में ली गई सभी परियोजनाओं के विवरण के साथ परियोजनाओं में दर्ज वादों का ब्यौरा तथा पारित आदेशों का ब्यौरा समर्पित करना होगा।

(ग) प्रोमोटर और भूमि मालिक के बीच विपणन और बिक्री के लिए उपलब्ध शेयर के विभाजन का ज्ञापन, निर्धारित प्रारूप में प्रोमोटर और भूमि मालिक(ओं) द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित कर शपथ पत्र सह घोषणा के रूप में समर्पित करना होगा।

(घ) प्रोमोटर को अपनी संस्था तथा उसके निदेशक/साझेदार/मालिक/अन्य जो भी हो, के अपनी संपत्तियों के विवरण के साथ चल एवं अचल संपत्ति का पूर्ण विवरण शपथ पत्र के रूप में देना होगा।

14. परियोजना के बैंक खाते में परिवर्त्तन हेतु आवेदन शुल्क–प्रोमोटर द्वारा परियोजना के निबंधन के समय खोले गये बैंक खाते में परिवर्त्तन हेतु प्राप्त आवेदन को प्रोमोटर के द्वारा रू0 50,000/–(रूपये पचास हजार) मात्र के आवेदन शुल्क एवं अन्य वांछित दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों के समर्पित करने पर बशर्त्ते कि धारा 4(2)(एल)(डी), धारा 11(4)(जी) एवं धारा 11(4)(एच) के प्रावधानों का पालन हो रहा हो, स्वीकृत किया जा सकेगा।

15. प्रोमोटर को प्रोमोटर और आवंटी के बीच निष्पादित बिक्री समझौते के बुकिंग राशि का विशिष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

16. प्राधिकरण का कार्यालय, कार्यालय समय और बैठक।

(1) प्राधिकरण का मुख्यालय पटना में होगा।

(2) प्राधिकरण, आदेश द्वारा राज्य में अन्य स्थानों पर पीठ और अपने कार्यालय स्थापित कर सकेगा।

(3) प्राधिकरण अपनी कार्यवाहियों का संचालन मुख्यालय अथवा अध्यक्ष द्वारा यथा निदेशित किसी अन्य स्थान पर जो उसके अधिकारिता क्षेत्र में हो, किसी निश्चित दिन एवं समय पर कर सकेगा।

17. प्राधिकरण की भाषा –(1) प्राधिकरण की कार्यवाही अंग्रेजी या हिंदी में संचालित की जाएगी।

(2) प्राधिकरण अपने विवेकानुसार अंग्रेजी या हिन्दी में की गई शिकायत याचिकाएं स्वीकार कर सकेगा।

(3) प्राधिकरण, समुचित मामलों में याचिकाओं तथा संलग्न दस्तावेजों का अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवाद कराने का निर्देश दे सकेगा।

18. प्राधिकरण की मुहर–कोई दस्तावेज, जिस पर प्राधिकरण द्वारा प्रमाणीकरण की आवश्यकता है, सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी या प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत अन्य पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा और प्राधिकरण के मुहर के अधीन जारी किया जाएगा।

19. **सचिव के कार्यः–**

(1) सचिव प्राधिकरण का प्रधान कार्यपालक अधिकारी होंगे और प्राधिकरण के नियंत्रण के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग तथा अपने कर्तव्यों का निर्वह्न करेंगे।

(2) विशेषतः, इस विनियम के उप–विनियम (3) के प्रावधानों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सचिव को निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वह्न करने के लिए शक्तियां होंगी, यथाः–

(क) वह प्राधिकरण के अभिलेखों और मुहर का अभिरक्षक होगा।

(ख) वह प्राधिकरण से संबंधित सभी दस्तावेजों को अन्य बातों के साथ–साथ सभी शिकायतों, आवेदनों या प्राधिकरण से संबंधित संदर्भों को प्राप्त करेगा या प्राप्त करवायेगा।

(ग) वह शिकायतों, आवेदनों अथवा निर्देशों सहित अन्य बातों के साथ– साथ दस्तावेजों की समीक्षा करेगा और उस पर स्पष्टीकरण या सुधार की मांग तथा ऐसे दस्तावेजों की स्वीकृति या अस्वीकृति के संबंध में उचित निर्देश जारी करने का हकदार होगा।

(घ) वह प्राधिकरण के समक्ष दायर मामलों में विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गये अभिवचनों का संक्षिप्त विवरण तथा सारांश तैयार करेगा या तैयार करवाएगा।

(ङ) वह अधिनियम तथा नियमावली के अधीन वैसे कृत्यों को क्रियान्वित करेगा, जो उसे प्राधिकरण द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्रत्यायोजित किये जाएं।

(च) वह अध्यक्ष द्वारा यथानिदेशित प्राधिकरण में प्रयोग की जाने वाली शक्तियों से संबंधित कार्यवाहियों में प्राधिकरण की सहायता करेगा।

(छ) वह प्राधिकरण की बैठकों के लिए सूचना उपलब्ध कराएगा, बैठकों के लिए कार्यावली तैयार करेगा, तथा कार्यवाहियों का कार्यवृत्त अभिलिखित करेगा।

(ज) वह प्राधिकरण द्वारा पारित आदेशों को अभिप्रमाणित करेगा।

(झ) वह, जहां तक संभव हो, प्राधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन का अनुश्रवण करेगा एवं किसी भी तरह के गैर–अनुपालन को तुरंत प्राधिकरण के संज्ञान में लाएगा।

(ञ) जैसा कि प्राधिकरण द्वारा आदेश दिया जाए उसे राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकारों अथवा अन्य कार्यालयों, कम्पनियों एवं फर्मों या किसी अन्य पक्षकार से वैसी जानकारी एवं अभिलेख प्रतिवेदन या दस्तावेजों इत्यादि को प्राप्त करने का अधिकार होगा, जो अधिनियम या नियमावली के अधीन प्राधिकरण के कृत्यों की दक्षतापूर्ण निर्वहन के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझा जाए तथा उसे प्राधिकरण के समक्ष रखेगा।

(3) सचिव की अनुपस्थिति में, इस निमित्त अध्यक्ष द्वारा अभिहित प्राधिकरण का कोई अधिकारी सचिव की शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का निर्वहन करेगा।

(4) अधिनियम की धारा 25 और नियम 21 के तहत प्रदत शक्तियों के अतिरिक्त, अध्यक्ष को किसी भी समय, किसी भी हितबद्ध या प्रभावित पक्ष द्वारा किए गए आवेदन पर या स्वप्रेरणा से प्राधिकरण के किसी भी अधिकारी द्वारा जारी किए गए किसी भी आदेश या की गई कार्रवाई की समीक्षा करने, उसे रद्द करने, संशोधित करने, पुनरीक्षित करने, संशोधित करने या अन्यथा बदलने की शक्ति होगी, यदि वह उचित समझे।

(5) सदस्य, अध्यक्ष के लिखित अनुमोदन से, प्राधिकरण के किसी अधिकारी को इन विनियमों द्वारा अपेक्षित या अन्यथा सचिव द्वारा निष्पादित किए जाने वाले किसी कार्य को सौंप सकते हैं।

20. **प्राधिकरण की बैठकें**–(1) नीचे उप–विनियम (2), (3), (4), (5), (6), (7) और (8) में निहित प्रावधान प्राधिकरण की न्यायिक कार्यवाहियों के अलावा प्राधिकरण की बैठकों पर लागू होंगे।

(2) प्राधिकरण की बैठकों के लिए गणपूर्ति दो सदस्यों की होगी।

(3) यदि प्राधिकरण की विधिवत् बुलाई गई किसी बैठक में गणपूर्ति पूरी नहीं होती है तो बैठक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अगली उपयुक्त तिथि, समय और स्थान के लिए स्थगित कर दी जाएगी।

(4) अध्यक्ष बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और कार्यवाही का संचालन करेंगे। पटना के बाहर पीठ में बैठे सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकों में भाग ले सकते हैं। यदि अध्यक्ष किसी कारण से बैठकों में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, या जहां कोई अध्यक्ष नहीं है, तो उपस्थित वरिष्ठ सदस्य बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

(5) प्राधिकरण की किसी भी बैठक में आने वाले सभी प्रश्नों का निर्णय उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जाएगा। मतों के बराबर होने की स्थिति में, अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में अध्यक्षता करने वाले सदस्य को दूसरा या निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।

(6) इन विनियमों में अन्यथा प्रावधान के सिवाय, प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होगा।

(7) सचिव या उनकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामित प्राधिकरण का कोई अधिकारी बैठकों के कार्यवृत रिकॉर्ड करेगा और एक रजिस्टर बनाए रखेगा जिसमें अन्य बातों के अलावा बैठक में उपस्थित सदस्यों और आमंत्रित व्यक्तियों के नाम और पदनाम, कार्यवाही का रिकार्ड और असहमति के नोट, यदि कोई हो, दर्ज होंगे। असहमति की स्थिति में, कार्यवृत यथाशीघ्र अध्यक्ष को भेजा जाएगा।

(8) प्राधिकरण की बैठक में लिए गए निर्णय को कारणों सहित स्पष्ट और संक्षिप्त तरीके से कार्यवृत में दर्ज किया जाएगा और अनुमोदित कार्यवृत की एक प्रति सभी सदस्यों को भेजी जाएगी। यदि कार्यवृत में किसी आमंत्रित व्यक्ति द्वारा दिया गया कोई कथन/प्रस्तुति दर्ज है, तो कार्यवृत की एक प्रति ऐसे आमंत्रित व्यक्ति को भेजी जाएगी।

21. प्राधिकरण के समक्ष न्याय निर्णयन कार्यवाही :– अधिनियम की धारा 31 के तहत प्राधिकरण में दायर शिकायतों के संबंध में न्याय निर्णयन कार्यवाही के लिए, बिहार रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियमावली, 2017 के नियम 36 के साथ पठित और अधिनियम की धारा 3 के तहत स्वप्रेरणा मामलों के लिए, अध्यक्ष सामान्य आदेश या विशिष्ट आदेश द्वारा निर्देश दे सकते हैं कि विशिष्ट मामले या मुद्दों की सुनवाई और निर्णय अध्यक्ष या सदस्य की एकल पीठ या अध्यक्ष या प्राधिकरण के किसी सदस्य या सदस्यों की डबल बेंच द्वारा किया जाएगा।

22. **प्राधिकृत प्रतिनिधि**– कोई व्यक्ति जो प्राधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही में पक्षकार है, वह प्राधिकरण के समक्ष अपना मामला प्रस्तुत करने तथा इस प्रयोजन के लिए सभी या कोई कार्य करने के लिए या तो स्वयं उपस्थित हो सकेगा या अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत निर्दिष्ट किसी अन्य व्यक्ति को प्राधिकृत कर सकेगा।

बशर्ते कि प्राधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही में किसी व्यक्ति की ओर से उपस्थित होने वाला व्यक्ति यहां (प्रपत्र 5) में प्राधिकरण ज्ञापन/वकालतनामा दाखिल करेगा।

बशर्ते कि प्राधिकरण समय–समय पर उन नियमों और शर्तो को निर्धारित कर सकता है जिनके अधीन आवंटी अपने प्रतिनिधि(यों) को उनकी ओर से दलील देने के लिए अधिकृत कर सकते हैं। ऐसे मामलों में प्राधिकरण के पास रियल एस्टेट परियोजना से संबंधित सभी व्यक्तियों को बुलाने और उनकी उपस्थिति को लागू करने का अधिकार होगा, जिसमें संयुक्त उद्यम या विकास समझौते के मामले में ऋणदाता, भू–स्वामी और साथ ही रियल एस्टेट परियोजना को अनुमति देने वाले व्यक्ति शामिल हैं, जो सक्षम प्राधिकारी हैं।

23. प्राधिकरण के आदेशः– (1) प्राधिकरण, अध्यक्ष, सदस्यगण, न्यायनिर्णयन अधिकारी और प्राधिकरण के कोई अधिकारी, जिसे प्राधिकरण द्वारा शक्तियों का प्रत्यायोजन किया गया हो, जैसा भी मामला हो, किसी कार्यवाही की सुनवाई के बाद ससमय ऐसी कार्यवाहियों में आदेश पारित करेगा और ऐसे आदेशों पर या यथास्थिति, प्राधिकरण के अध्यक्ष, सदस्यगण, न्याय निर्णायक पदाधिकारी या किसी अधिकारी या ऐसी कार्यवाही की सुनवाई करने वाले प्राधिकरण के अधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(2) सभी आदेश और निर्णय अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणित किए जाएंगे तथा उन पर प्राधिकरण की आधिकारिक मुहर के साथ उन्हें प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

24. प्राधिकरण के अभिलेख :–

(1) प्राधिकरण अपने अभिलेखों का एक अनुक्रमित डाटाबेस बनाए रखेगा, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ दायर की गई शिकायतें, आयोजित की गई सुनवाई का विवरण, समय–समय पर जारी किए गए आदेश/दस्तावेज शामिल होंगे।

संसोधित अधिसूचना
5 अप्रील 2024

सं0 66––श्री आदिशक्ति शुंगल महामाया देवी ओरियप मन्दिर, ग्राम– ओरियप, थाना– अन्तिचक, भाया–कहलगाँव, जिला–भागलपुर, पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या–3993 है।

इस न्यास की सुव्यवस्था हेतु पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक– 3563, दिनांक– 26.03.2021 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, कहलगाँव की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय न्यास समित का गठन 01 वर्ष के लिये किया गया, तथा चरित्र सत्यापन की मांग थाना से की गयी। जिसपर थाना द्वारा 05 व्यक्ति क्रमशः प्रकाश मंडल, बद्री मंडल, अम्भो मंडल, सरयूग मंडल एवं गीता प्रसाद मंडल के विरूद्ध आपराधिक मामले की रिपोर्ट की गयी। जिसपर उपरोक्त पाचों व्यक्तियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिनके द्वारा पर्षद में उपस्थित होकर यह स्वीकार किया गया कि उनके विरूद्ध आपराधिक मामले लम्बित है और पर्षद की सुनवाई दिनांक–10.02.2022 में आपस में भी एक–दुसरे के विरूद्ध काफी अभद्रता का व्यवहार करते हुए अपने चरित्र का परिचय दिया। जो स्पष्ट करता था कि उक्त व्यक्तियों को न्यास समिति में रखे जाने पर मन्दिर का विकास और पूजा–पाठ प्रभावित हो सकता है और उनके विरूद्ध आपराधिक मामले भी विचाराधीन होने के कारण उन्हें समिति से विरमित कर दिया गया तथा 05 व्यक्तियों के नामों की मांग अनुमण्डल पदाधिकारी से की गयी।

पर्षद के उपरोक्त आदेश एवं पत्र दिनांक–09.02.2023 के आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी द्वरा अपने पत्रांक–163, दिनांक–10.02.2023 द्वारा 05 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया, जिनका चरित्र सत्यापन थाना से दिनांक–30.01.2024 को प्राप्त हुआ, जिसमें प्रस्तावित नामों के विरूद्ध थाना ने अपनी रिपोर्ट दिनांक–30.01.2024 में उनके आचरण के सही संबंधी रिपोर्ट दी।

तद्नुसार पर्षद की सूनवाई दिनांक– 21.02.2024 में प्रस्तावित 05 व्यक्तियों क्रमशः (1. श्री प्रदीप मंडल, 2. श्री उत्तम कुमार, 3. श्री पवन कुमार मंडल, 4. श्री गौतम कुमार एवं 5. श्री अनुज कुमार) को न्यास समिति में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया, **साथ हीं न्यास समिति का गठन की तिथि से 05 वर्ष तक के लिए कार्यकाल विस्तार करने का निर्णय लिया गया** यदि इस बीच में उनका कार्य संतोषजनक और मन्दिर के विकास हित में पाया जाता है।

तदनुसार उक्त प्रस्तावित 05 व्यक्तियों को पर्षदीय ज्ञापांक– 3563, दिनांक– 26.03.2021 द्वारा गठित न्यास समिति में सम्मलित किया जाता है, एवं साथ हीं न्यास समिति का गठन की तिथि से 05 वर्ष तक के लिए कार्यकाल विस्तार किया जाता है, यदि इस बीच में उनका कार्य संतोषजनक और मन्दिर के विकास हित में पाया जाता है। न्यास समिति को यह निर्देश दिया जाता है कि न्यास समिति की बैठक कर सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन कर पर्षद से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करें तथा अबतक न्यास में किये गये विकासात्मक कार्यो एवं आय–व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत करें।

यह संशोधित अधिसूचना पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

अधिसूचनाएं
9 अप्रील 2024

सं0 92––श्री राम जानकी मठ, नारेपुर, जिला–बेगुसराय, पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0– 982 है।

मन्दिर की भूमि के संबंध में दिनांक–26.05.1987 को भी अपर समाहर्त्ता द्वारा अपनी रिपोर्ट दी गयी थी तथा दिनांक–01.09.1986 को न्यास समिति का गठन भी किया गया था और उस समिति के द्वारा (एक फर्जी व्यक्ति बलदेव दास द्वारा भूमि को बिक्रय किये जाने के संबंध में) स्वत्व वाद 61/88 दाखिल किया था, जो अभी तक विचाराधीन है। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी कि थाना नं0–43, खाता नं0–1434, 19, 357 पर सीयाराम दास द्वारा अवैध रूप से निर्माण

कार्य जारी है और मकान बनाकर कुछ अवैध व्यक्तियों को दिया जा रहा है। उक्त सियाराम दास का न तो कोई मान्यता पर्षद से दी गयी और न उनके द्वारा अपने दावे के संबंध में कोई दस्तावेज दाखिल किया गया है। ग्रामीणों द्वारा एक आमसभा करके कमिटी बनाये जाने के संबंध में 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिये तथा कथन किया कि लगभग 11–12 बी0 जमीन अभी स्वयं–भू समिति के पास है, जो अभी मन्दिर की व्यवस्था कर रहे है। एक न्यास समिति बनायी जाए। उपरोक्त प्रस्ताव अंचलाधिकारी को उनके मंतव्य व कुछ अन्य व्यक्तियों के नामों को जोड़ने हटाने के संबंध में दिनांक–11.07.2023 एवं 03.10.2023 को दिया गया है। जिस आलोक में अंचलाधिकारी द्वारा 10 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा कथन किया गया कि अंचलाधिकारी द्वारा भेजे गये नाम (1) श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने मिलकर अपने रिस्तेदार के नाम ठाकुरबाड़ी की जमीन खरीदा है और (2) श्री सिकन्दर कुमार क्रम संख्या–5 मन्दिर की भूमि पर व्यवसाय करते है और लगभग 2.5 वर्षो से कोई किराया नहीं देते है तथा प्रस्तावित नाम (3) अर्जून प्रसाद गुप्ता बार–बार सारी ठाकुरबाड़ी की सम्पत्ति पर अपना दावा करते रहते है। उक्त तीनों व्यक्तियों को न्यास समिति में सामिल नहीं किया जाए। उक्त तथ्यों पर विचारोपरान्त तथा ग्रामीणों द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि धमेन्द्र कुमार दानदाता परिवार से आते हैं। उन्हें शामिल किया जाए।

उपरोक्त पर विचारोपरान्त एक योजना का निरूपण करते हुए अधिनियम की धारा–32, 83 और उपविधि 45 (ZB) में दिये प्रावधानों के तहत निम्न न्यास समिति का गठन **अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है –**

अतः मैं, अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 32 एवं 83 एवं **बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0–43 (द)** का प्रयोग करते हुए ''**श्री राम जानकी मठ, नारेपुर, जिला–बेगुसराय,**'' के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1. बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री राम जानकी मठ, नारेपुर, जिला–बेगुसराय,**'' होगा और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री राम जानकी मठ, नारेपुर, जिला–बेगुसराय,**'' होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा। खाते का संचालन अध्यक्ष/सचिव में से कोई एक व्यक्ति तथा कोषाध्यक्ष अर्थात 02 व्यक्तियों के संयुक्त हस्ताक्षर से हीं किया जायेगा।
4. मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
5. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
6. मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
7. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
8. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
9. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की जायेगी एवं बैठक के उपरान्त बैठक में लिए गये निर्णय से न्यास समिति के अध्यक्ष को भी अवगत कराया जायेगा।
13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्त्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

1. अंचलाधिकारी, बछवाड़ा, बेगुसराय।	– अध्यक्ष
2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, पिता– स्व0 विरेन्द्र कुमार शर्मा।	– उपाध्यक्ष
3. श्री शशी शेखर राय, पिता – श्री भुवनेश्वर राय	– सचिव
4. श्री उमेश यादव, पिता– स्व0 दोरिक राय।	– कोषाध्यक्ष
5. श्री उदय कुमार राय, पिता– श्री शर्मानंद राय।	– सदस्य
6. मुखिया, नारेपुर पंचायत, राज, रानी–1	– पदेन सदस्य
7. श्री अरूण कुमार राय, स्व0 रामकृपाल राय।	– सदस्य
8. श्री श्याम किशोर राय, स्व0 शत्रधुन राय।	– सदस्य
9. थानाध्यक्ष, बछवाड़ा, बेगुसराय	– पदेन सदस्य

सभी का पता– ग्राम+पो0– नारेपुर पश्चिम, थाना– बछवाड़ा, जिला– बेगुसराय।

न्यास समिति को ही मठ की सम्पूर्ण भूमि को बंदोबस्ती करने का अधिकार रहेगा तथा जो अतिक्रमण में भूमि है उसको मुक्त कराने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों और न्यायालयों में प्रार्थना–पत्र और मुकदमा दाखिल करने के लिए अधिकृत किया जाता हैं।

न्यास समिति को पूर्ण रूप से अधिकार होगा की नये सिरे से मठ/मंदिर की भूमि की बन्दोबस्ती करें तथा पुराना बकाया राशि की बसूली करें। **समिति का संचालन कर रहे श्री शशी शेखर राय को पिछले 05 वर्षो की मंदिर की बन्दोबस्ती आदि से होनेवाली आय–व्यय विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।**

उपरोक्त वर्णित न्यास समिति का कार्य–काल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 01 वर्ष का होगा। न्यास समिति का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगे विचार किया जायेगा।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि "श्री राम जानकी मठ, नारेपुर, जिला–बेगुसराय," के नाम से ही रहेगा, इसमें किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–1) न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/ बदलैन/विक्रय/ पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

(2) यह अधिसूचना पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

4 अप्रील 2024

सं0 34––पंचवटी धाम पतनेश्वर महादेव मन्दिर, मलयपुर, जिला–जमुई, पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या–3587 है।

उक्त मन्दिर में 4.66 ए0 भूमि है जो पहाड़ पर स्थित है। संचिका में फोटो से स्पष्ट होता है कि लगभग 05 मन्दिर गुम्बजनुमा है, जिसमें जनसामान्य की काफी भीड़ समय–समय पर धार्मिक अवसरों पर रहता है। पूर्व में उक्त मन्दिर की व्यवस्था हेतु पर्षद के पत्रांक–2617, दिनांक–12.09.2003 द्वारा 13 सदस्यीय न्यास समिति का गठन किया गया था, परन्तु वह समिति पुर्ण रूप से कार्य के प्रति असफल रही है और पर्षद द्वारा स्पष्टीकरण की मांग किये जाने पर कोई प्रत्योत्तर नहीं दाखिल किया है और न कभी उपस्थित हुए। इसी बीच कृष्णानंद भारती द्वारा प्रार्थना–पत्र दिया गया कि उनकी अध्यक्षता में एक स्वयं–भू समिति कार्यरत है, जिसे मान्यता दी जाए। इस संबंध में उनसे भी उनकी कार्यावधि 2015 से वर्त्तमान समय तक की आय–व्यय विवरणी, बजट, विकासात्मक कार्य आदि के संबंध में प्रत्योत्तर की मांग की गयी, परन्तु उनके द्वारा भी कभी कोई प्रत्योत्तर नहीं दिया गया। इसी बीच दिनांक–21.09.2022 को बिक्रम कुमार ने प्रार्थना–पत्र देकर यह कथन किया कि निबंधन कार्यालय के द्वारा एक न्यास समिति का गठन कर निबंधन किया जा चुका है, जिसकी मान्यता दी जाए। उक्त प्रार्थना–पत्र पर कोई निर्णय लेने के पूर्व पुनः पूर्व के न्यास समिति को अंतिम अवसर देते हुए पत्र लिखा गया, परन्तु उस पत्र के उत्तर में भी कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुए, जबकि स्थानीय कुछ व्यक्तियों के द्वारा उपस्थित होकर एक अन्य न्यास समिति बनाये जाने के संबंध में मांग की तथा मन्दिर के कुछ फोटो भी दाखिल किया। पूर्व न्यास समिति सीमा समाप्त होने के

कारण अनुमण्डल पदाधिकारी से जो न्यास विलेख में प्रस्तावित नाम पर उनका मंतव्य तथा कुछ अन्य नामों को जोड़ना घटाना का पत्र पर्षद के पत्रांक–4283, दिनांक–17.03.2023 को लिखा गया। पर्षद के पत्र के आलोक में अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा अपने पत्रांक–562, दिनांक–11.11.2023 द्वारा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया। इसी बीच अशोक कुमार पाण्डे द्वारा डाक के माध्यम से एक प्रार्थना–पत्र दिया गया कि अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा पूर्व में दिनांक–21.09.2023 को बैठक करके प्रार्थी को भी न्यास समिति में स्थान दिया गया था, परन्तु पर्षद में जो पत्र भेजा गया है, उसमें प्रार्थी के नाम को बिना किसी कारण से षडयंत्र के तहत विलोपित कर दिया है। आगे उल्लेख किया है कि पहाड़ पर स्थित उक्त मन्दिर का पूजा–पाठ, विकास कार्य पूर्व में जोगा पाण्डे और उनके वंशजों द्वारा किया जाता था जो प्रार्थी के पूर्वज थे तथा इस संबंध में उनके द्वारा खतियान की प्रति भी दाखिल की गयी है तथा दिनांक–07.07.1967 एवं 02.11.1973 का केवाला वयकलामी का मात्र प्रथम पेज दाखिल किया है, उससे स्पष्ट नहीं हो रहा है कि दस्तावेज दाखिल करने का क्या आधार है और उद्देश्य क्या है, क्योकि उक्त पृष्ठ पर न तो किसी प्रकार की भूमि का खाता, खेसरा का उल्लेख है सिवाय क्रेता–बिक्रेता के नामों का। परन्तु आज वह व्यक्तिगत रूप से पर्षद में उपस्थित नहीं है। प्रस्तावित नाम अधिकांशतः वहीं है, जिनके द्वारा निबंधित न्यास विलेख बनाया गया था, जिससे स्पष्ट होता है कि उक्त लोग वर्ष 2021 से मन्दिर की देख–भाल, व्यवस्था का कार्य कर रहे थे।

अतः उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 में मन्दिर से होने वाली आय तथा किस मद में खर्च किया गया और इतनी अवधि में कितने विकास का कार्य किया गया, उनका फोटो तथा उसकी अनुमानित राशि के संबंध में जानकारी पर्षद को एक माह के अन्दर अवश्य दाखिल करें।

तबतक मन्दिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए प्रस्तावित नामों में से 02 स्थानों को सुरक्षित रखते हुए 09 सदस्यीय न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है, उनका चरित्र सत्यापन तथा कार्य संतोषजनक होने पर आगे विचार किया जायेगा।

अतः मैं, अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 32 एवं 83 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो **बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है**, का प्रयोग करते हुए ''**पंचवटी धाम पतनेश्वर महादेव मन्दिर, मलयपुर, जिला– जमुई,''**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1. बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम '' **पंचवटी धाम पतनेश्वर महादेव मन्दिर, मलयपुर, जिला– जमुई,''** होगा और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**पंचवटी धाम पतनेश्वर महादेव मन्दिर, मलयपुर, जिला– जमुई,''** होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा। खाते का संचालन अध्यक्ष/सचिव में से कोई एक व्यक्ति तथा कोषाध्यक्ष अर्थात 02 व्यक्तियों के संयुक्त हस्ताक्षर से हीं किया जायेगा।
4. मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
5. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
6. मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
7. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
8. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
9. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

:4:

12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा बैठक की जायेगी एवं बैठक के उपरान्त बैठक में लिए गये निर्णय से न्यास समिति के अध्यक्ष को भी अवगत कराया जायेगा।
13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्त्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

1. अनुमण्डल पदाधिकारी, जमुई – अध्यक्ष
2. श्री प्रशांत सिन्हा, – उपाध्यक्ष
   पिता– श्री मुनेश्वर प्रसाद सिन्हा, ग्राम– मनियडा।
3. श्री राजीव कुमार पाण्डे – सचिव
   पिता–श्री श्याम देव पाण्डे, ग्राम+पो0+थाना– मलयपुर।
4. श्री प्रदीप कुमार सिंह – कोषाध्यक्ष
   पिता– स्व0 छत्रधारी प्र0 सिंह, ग्राम– टेंगहरा।
5. श्री विकास प्रसाद सिंह – सदस्य
   पिता – श्री दशरथ सिंह, ग्राम– अन्नपूर्णा निवास (काली मंदिर) सिरचंदनवादा।
6. श्री नारायण सिंह – सदस्य
   पिता– स्व0 भगवान सिंह, ग्राम– बिहारी, थाना– जमुई।
7. श्री रामानंद सिंह – सदस्य
   पिता – स्व0 भुवनेश्वर सिंह, ग्राम– नुमर वरहट।
8. श्री पंकज सिंह – सदस्य
   पिता– श्री जगरनाथ सिंह, ग्राम– मिसिर मनियडा।
9. श्री रवि सिंह – सदस्य
   पिता– श्री अभिनाष चन्द्र सिंह, ग्राम– नयाटोला बिहारी।

सभी का जिला– जमुई।

न्यास समिति को ही मठ की सम्पूर्ण भूमि को बंदोबस्ती करने का अधिकार रहेगा तथा जो अतिक्रमण में भूमि है उसको मुक्त कराने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों और न्यायालयों में प्रार्थना–पत्र और मुकदमा दाखिल करने के लिए अधिकृत किया जाता हैं।

न्यास समिति को पूर्ण रूप से अधिकार होगा की नये सिरे से मठ/मंदिर की भूमि की बन्दोबस्ती करें तथा पुराना बकाया राशि की बसूली करें। समिति का संचालन कर रहे श्री शशी शेखर राय को पिछले 05 वर्षों की मंदिर की बन्दोबस्ती आदि से होनेवाली आय–व्यय विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

उपरोक्त वर्णित न्यास समिति का कार्य–काल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 01 वर्ष का होगा। न्यास समिति का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगे विचार किया जायेगा।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि ''पंचवटी धाम पतनेश्वर महादेव मन्दिर, मलयपुर, जिला– जमुई,'' के नाम से ही रहेगा, इसमें किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–(1) **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/ बदलैन/विक्रय/ पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।**

(2) यह अधिसूचना पर्षदद्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

आदेश

26 जून 2024

सं0 899––लहेरी मठ, ग्राम–लहेरी, थाना–करगहर, कोचस, सासाराम, जिला–रोहतास, जो पर्षद में सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है जिसकी निबंधन सं0–213 है। उक्त मठ की देखभाल एवं व्यवस्था हेतु दिनांक–02/07/2021 को बादशाह सिंह को अस्थायी रूप से 02 वर्ष के लिए न्यासधारी बनाया गया था जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। बादशाह सिंह दिनांक–14/05/2024 को पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर अपने कार्यकाल विस्तार करने का अनुरोध किया, उनका कथन है कि मठ की सारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिसके विरूद्ध वह कई न्यायालय में केस लड़ रहे हैं। न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु इनके कार्यकाल को न्यास समिति गठन किए जाने तक अस्थायी रूप से विस्तार दिया जाता है।

1. श्री बादशाह सिंह–न्यासधारी, **लहेरीमठ, ग्राम–लहेरी, थाना–करगहर, कोचस, सासाराम, जिला–रोहतास,** के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में 15 दिनों के अन्दर खाता खोलें तथा पास बुक दाखिल करें।
2. मंदिर में जो पीली और सफेद धातु चढ़ाई जाती है, उसको एक अलग रजिस्टर में प्रत्येक दिन के आय को अंकित करेंगे।
3. ये न्यास की सम्पत्ति का संरक्षण करेंगे।
4. यदि कोई चल या अचल सम्पत्ति किसी के द्वारा अधिगृहित या अतिक्रमित है, तो उसे, वापस लाने के लिए पर्षद की अनुमति से कानूनी कार्रवाई करेंगे।
5. ये न्यास की चल या अचल सम्पत्ति का हस्तांतरण (बिक्रय), बदलैन या लीज अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के विपरित किसी के पक्ष में नहीं करेंगे। अगर किसी प्रकार का हस्तांतरण बदलैन या लीज किया जाता है तो वह अवैध एवं अमान्य होगा तथा आपराधिक विचारण प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।
6. सम्पत्तियों का दुरूपयोग या स्वार्थवश उपयोग नहीं करेंगे।
7. किसी भी अपराधिक कृत्य में संलिप्त नहीं रहेंगे।
8. 10,000/– (दस हजार) रू0 से अधिक राशि का खर्च चेक के माध्यम से करेंगे।
9. प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरांत विगत वर्ष में प्राप्त आय–व्यय, पर्षद को देय शुल्क, विकासात्मक कार्यों (फोटो) आदि का सम्यक् प्रेषण पर्षद को करेंगे।
10. अंचल के भू–राजस्व में भूमि ''**लहेरी मठ, ग्राम–लहेरी, थाना–करगहर, कोचस, सासाराम, जिला–रोहतास**'' के नाम का इन्द्राज लगातार रहेगा, उसमें कोई नामान्तरण व संशोधन नहीं होगा।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

अधिसूचनाएं

3 जुलाई 2024

सं0 1020––श्री श्री भारत माता मंदिर, ग्राम– लंगर टोली चौराहा, थाना– पीरबहोर, अंचल–सदर, जिला–पटना, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–$\frac{4777}{2023}$ है।

भारत माता मंदिर, लंगर टोली चौराहा के प्लॉट संख्या– 770, शीट संख्या– 68, वार्ड– 08 (पुराना) 40 (नया), हो० संख्या– 02 मात्र 554 वर्ग फीट भूमि पर अवस्थित है। इसकी चौहद्दी, पुरब– बारी पथ सड़क, लंगर टोली, पश्चिम– सुभाष मार्केट, दक्षिण– गोल्ड हाउस दुकान एवं उत्तर– सब्जी बाग सड़क है। मंदिर की स्थापना वर्ष 1926 में की गयी थी। वर्तमान में मंदिर के तीन कक्ष में भगवान महादेव, देवी भारत माता एवं शनि देव की प्रतिमा स्थापित है तथा दो कमरों में किराया पर दुकान संचालित होता है। इसमें 1500/– रू० प्रति माह किराया प्राप्त होता है। मंदिर का दैनिक पुजा–पाठ, राग–भोग आदि चढ़ावा व किराया से प्राप्त आय से होता है। मंदिर को सार्वजनिक धार्मिक न्यास घोषित किया जा चुका है। मंदिर की व्यवस्था हेतु न्यास समिति के गठन किये जाने के संबंध में दो समुहों द्वारा अपना–अपना प्रस्तुत कर तीन–चार बार कुछ व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया, जिसमें प्रत्येक सूची में कुछ नये व्यक्तियों का नाम जोड़ा गया तथा एक सूची दिनांक–15/02/2024 को स्थानीय महिलाओं की बैठक, जो श्रीमति अंजू आर्या की अध्यक्षता में की गयी है, भी समर्पित की गयी है। दोनों पक्षों द्वारा एक–दुसरे के विरूद्ध काफी गंभीर आरोप–प्रत्यारोप गठित किये गये, जिस पर सुनवायी दिनांक–12/02/2024, दिनांक– 02/03/2024, दिनांक– 30/03/2024, दिनांक– 12/04/2024 को भी की गयी। दोनों पक्षों को यह भी अवसर दिया गया कि आपस विरोध–प्रतिरोध को भुलकर दोनों पक्ष मिलकर कुछ अच्छे व्यक्तियों का नाम का प्रस्ताव दें, जिससे समिति का गठन किया जा सके, परंतु पर्याप्त अवसर दिये जाने के पश्चात भी दोनों पक्षों में किसी प्रकार की सहमति नहीं बनी। प्रथम पक्ष, श्री सुनील कुमार दुबे द्वारा द्वितीय पक्ष द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर आरोप लगाया गया कि उनके प्रस्ताव में दो सदस्य हिन्दू समुदाय से भिन्न हैं। यह भी आरोप लगाया कि मंहती का दावा करने वाले गोरखनाथ स्वयं उस मंदिर में किरायेदार हैं और वर्तमान में उनके पुत्र द्वारा दुकान संचालित किया जाता है।

इस संबंध में पुर्व समिति एवं पक्षों के बीच स्वत्व वाद संख्या– 60/82 लाया गया था, जो मा० उच्चतम न्यायालय तक चला, जिसमें गोरखनाथ को किरायेदार के रूप में माना गया और मंदिर को सार्वजनिक घोषित किया गया। वहीं यह भी आरोप प्राप्त हुआ कि द्वितीय पक्ष ने अपने बाहुबल का प्रयोग करते हुये दिनांक– 02/12/2023 को मंदिर पुर्ण रूप से ताला बंद कर दिया गया, जिससे श्रद्धालु भक्तों को दर्शन अवरूद्ध हो गया। वहीं द्वितीय पक्ष की ओर से यह आरोप लगाया गया कि मंदिर की दीवाल तोड़ कर प्रार्थी अपने मकान का मार्ग बनाना चाहते थे। द्वितीय पक्ष का मुख्य आरोप प्रस्तावित नामों में सुनील कुमार दुबे के विरूद्ध था, जिनके विरूद्ध 10 से अधिक अपराधिक कांड विचाराधीन होने की बात और कई प्रकार के फर्जी दस्तावेज तैयार कर समिति गठित करने हेतु समर्पित करने का आरोप है। इसी प्रकार एक अन्य प्रस्तावित नाम, अनिल सहनी उर्फ लंगड़ा के विरूद्ध तीन अपराधिक कांड विचाराधीन होने की बात कही गयी। यह भी आरोप लगाया गया कि मंदिर के उपर एक बड़ा विज्ञापन का होर्डिंग लगाया गया है। उक्त कार्य सुनील कुमार, अनिल सहनी एवं टिंकु आदि ने मिलकर किया है।

दोनों पक्षों द्वारा समर्पित दस्तोवज, अभ्यावेदन, मौखिक तर्क को विस्तारपुर्वक सुना गया। पर्याप्त अवसर आपस में सहयोग कर समिति गठित किये जाने हेतु दिया गया। परंतु आपसी सहयोग नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पक्षों के बीच अपने अहम् एवं मंदिर में एकाधिकार के उद्देश्य से एक–दुसरे के प्रति विरोध–प्रतिरोध किया जा रहा है, जो मंदिर हित में नहीं है।

उपरोक्त परिस्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति को जो अपराधिक पृष्टभूमि के हैं और उन्हें एक–दुसरे के विरूद्ध आरोप–प्रत्योरोप लगाया जा रहा है, उन्हें समिति में स्थान देना उचित नहीं समझा जाता है। इस बिंदु पर पर्षद के माननीय सदस्यों के साथ भी विचारोपरांत उपरोक्त मंदिर की व्यवस्था हेतुएक योजना का निरूपण करते हुये इसके कार्यान्वयन हेतु अधिनियम की धारा– 32, 83 एवं उपविधि की धारा– 43 के तहत न्यास समिति का गठन का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–15/06/2024 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32, 83एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **श्री श्री भारत माता मंदिर, ग्राम– लंगर टोली चौराहा, थाना– पीरबहोर, अंचल– सदर, जिला– पटना**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम"**श्री श्री भारत माता मंदिर न्यास योजना, ग्राम– लंगर टोली चौराहा, थाना– पीरबहोर, अंचल– सदर, जिला– पटना**"होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम"**श्री श्री भारत माता मंदिर न्यास समिति, ग्राम– लंगर टोली चौराहा, थाना– पीरबहोर, अंचल– सदर, जिला– पटना**"जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

12. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रस्तावित 09 व्यक्तियोंकी न्यास समिति का गठन किया जाता है–

1. श्रीमति उषा दुबे पिता– श्री देव नारायण पाण्डेय – अध्यक्ष
   पता– सुभाष मार्केट, था०– पीरबहोर, लंगर टोली चौराहा, पटना– 04, 9386833923
2. श्री अनिल कुमार पाण्डेय – उपाध्यक्ष
   पिता– स्व० नरेश पाण्डेय, दरियापुर, दुबे गली, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 7903519450
3. श्री राजीव कुमार सिन्हा पिता– स्व० राज कुमार प्रसाद – सचिव
   पता– लंगर टोली गली, संध्या निवास, था०– कदमकुआं, पटना– 04, 9708288603
4. श्री रंधीर कुमार आर्या पिता– स्व० नरेश प्रसाद – कोषाध्यक्ष
   पता–आर्या हाउस, सब्जी बाग, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 9334505070
5. श्री सनोज कुमार पिता– स्व० शिव नारायण लाल –सदस्य
   पता– दुरूखी गली, बिहारी साव लेन, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 8709125464
6. श्री सुभाषचन्द्र खत्री पिता–श्री अशोक कुमार खत्री – सदस्य
   पता– दुरूखी गली, बांकीपुर, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 9431188829
7. श्री सन्नी दूबे पिता– स्व० गोपाल दुबे – सदस्य
   पता– दरियापुर, दुबे गली, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 8709833314
8. श्री पवन कुमार पाण्डेय पिता– जनार्दन पाण्डेय – सदस्य
   पता– दुबे मार्केट, लंगरटोली चौराहा, था०– पीरबहोर, पटना– 04, 9709614116
9. श्री मुन्नी देव मेहता पिता– स्व० छोटन मेहता – सदस्य
   पता– लंगरटोली गली, महावीर चबुतरा, पटना– 04, 8271348373

उक्त आदेश के आलोक में **राजस्व अभिलेख में ''श्री श्री भारत माता मंदिर, ग्राम–लंगर टोली चौराहा, थाना–पीरबहोर, अंचल–सदर, जिला–पटना''** के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय /पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

29 जून 2024

सं0 959––बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना– ब्रह्मपुर, जिला–बक्सर, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना के अन्तर्गत निबंधित सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या–$\frac{4572}{2021}$ है।

उक्त न्यास की व्यवस्था हेतु पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक–4369, दिनांक–30/12/2021 द्वारा मंदिर की आंतरिक व्यवस्था हेतु अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में व्यवस्था समिति के गठन का निर्णय लिया गया था, जिसमें पंडा समुदाय के तीनों पट्टी क्रमशः अष्टवक्र पट्टी, छटठु पट्टी, केसरिया पट्टी द्वारा प्रस्तावित नामों की समिति गठित की गयी थी। इस बीच पर्षद को समिति के विरूद्ध कुछ शिकायत प्राप्त हुयी कि समिति द्वारा चढ़ावा आदि की राशि को अवैध रूप से आपस में बांट लिया जाता है।उपरोक्त के आलोक में आंतरिक समिति के अध्यक्ष एवं सभी पक्षों को नोटिस निर्गत किया गया। इस पर आंतरिक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित हुये। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उनके समाज के कुछ लोगों द्वारा मनमाने ढ़ंग से चढ़ावा को बांटना प्रारंभ कर दिया गया और एक समिति गठित कर एक खाता भी खोला गया है, जिसकी सूचना उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष को प्रदान की गयी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पर्षदीय पत्र के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक– 787, दिनांक– 15/04/2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि समिति की व्यवस्था असहयोगात्मक है।किसी भी बैठक में सभी सदस्य उपस्थित नहीं हुये तथा समिति के सदस्यों का प्रभाव भी पंडा समाज पर नगण्य है।फलस्वरूप पंडा समाज द्वारा एक वैकल्पिक समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया है, जो विगत 06 माह से कार्यरत है। साथ ही प्रार्थना की गयी थी कि उपरोक्त वैकल्पिक न्यास समिति को मान्यता प्रदान की जाय। चुंकि पुर्व में गठित समिति अप्रभावी हो गयी थी, ऐसी स्थिति में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित नामों की मंदिर की आंतरिक व्यवस्था हेतु समिति को मान्यता प्रदान की जाती है। समिति को यह भी निर्देश दिया जाता है कि बैंक में जो खाता खोला गया है, उसके पासबुक की प्रति पर्षद को उपलब्ध करायें और अनुमंडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर मंदिर के गर्भगृह में जो चढ़ावा की राशि आती है, उसे किस प्रकार तीनों पट्टियों में वितरित किया जायेगा, इस संबंध में एक मार्गदर्शिका शीघ्र तैयार कर पर्षद को भी सूचित करें। उपरोक्त में राशि, दैनिक, साप्ताहिक या मासिक के रूप में भुगतान की जायेगी।

कितने प्रतिशत राशि किस पट्टी को दिया जायेगा और प्रत्येक पट्टी से आने वाले परिवार–सदस्यों का नाम भी अंकित करें। अनुमंडल पदाधिकारी यह भी जांच कर लें कि जो प्रस्तावित नाम दिया गया है, उसमें तीनों पट्टी आनुपातिक रूप से प्रतिनिधित्व है या नहीं।

उपरोक्त परिस्थिति में प्रस्तावित नाम एवं प्रार्थना–पत्र पर विचारोपरांत एक योजना निरूपण करते हुये इसके कार्यान्वयन हेतु अधिनियम की धारा– 32, 83 एवं उपविधि की धारा– 43 के तहत प्रस्तावित 09 व्यक्तियों की न्यास समिति का गठन पांच वर्ष के लिए किया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–07/10/2021 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए **''बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर, ग्राम–ब्रह्मपुर, जिला–बक्सर''**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया गया है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम**''बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर न्यास योजना, ग्राम+पोस्ट+थाना– ब्रह्मपुर, जिला–बक्सर''**होगा और इसे मूर्त्त रूप देने के लिए पर्षद द्वारा गठित न्यास समिति का नाम**''बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर न्यास समिति, ग्राम+पोस्ट+थाना– ब्रह्मपुर, जिला–बक्सर''**होगी, जिसमें न्यास की समस्त चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा**।
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित 09 सदस्यों की न्यास समिति का गठन पांच वर्ष के लिएकिया जाता हैः–

1. अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर–	अध्यक्ष
2. श्री भगवती पाण्डेय–	कार्यवाहक अध्यक्ष
3. श्रीकांत पाण्डेय–	सचिव
4. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी–	सह–सचिव
5. श्री रंगनाथ पाण्डेय–	कोषाध्यक्ष
6. श्री चिंताहरण पाण्डेय–	सदस्य
7. श्री ओमकार पाण्डेय–	सदस्य
8. श्री निम गोपाल पाण्डेय–	सदस्य
9. श्री अजय पाण्डेय–	सदस्य
10. श्री उमाकांत पाण्डेय–	सदस्य

बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर, ग्राम– ब्रह्मपुर, जिला– बक्सर।

नोटः– उक्त आदेश के आलोक में ''बाबा श्री ब्रह्मेश्वरनाथ महादेव मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना– ब्रह्मपुर, जिला– बक्सर'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन / विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

1 जुलाई 2024

सं0 964––श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ), ग्राम–ठकाईच बड़का, पोस्ट–ठकाईच, थाना–डुमरांव, जिला–बक्सर, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–421 है।

उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक–2046, दिनांक–09/03/2013 द्वारा ग्यारह सदस्यीय न्यास समिति का गठन किया गया था। न्यास समिति गठन के उपरांत न्यास समिति से पर्षद द्वारा लगातार अधिनियम की धारा–59, 60 एवं 70 का पालन संबंधी पत्र प्रेषित किया जाता रहा, परंतु उसका कोई प्रतिउत्तर नहीं प्राप्त हुआ। इसी बीच मंदिर के पुजारी व समिति के सदस्य अभिनंदन पाण्डे द्वारा मंदिर की प्रतिमा चोरी किये जाने के संबंध में एक प्रतिवेदन दि०–22/01/2023 को थाना में दर्ज किया गया। सौभाग्यवश वह प्रतिमा पुलिस द्वारा बरामद कर ली गयी। इसी बीच ग्रामीणों द्वारा दि०–25/01/2023 को एक बैठक आहुत कर 15 नामों का प्रस्ताव न्यास समिति गठन हेतु पर्षद को उपलब्ध कराया गया, जो सूची अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित करते हुये प्रेषित नामों पर उनसे मंतव्य की मांग की गयी, जो अप्राप्त रहा।

पुर्व न्यास समिति के तीन सदस्य क्रमशः इन्द्रासन दुबे, कामता दुबे का स्वर्गवास हो गया है। योगन्द्र दुबे ने त्याग–पत्र दे दिया। अजय प्रधान 5–6 वर्षों से गांव में निवास नहीं करते हैं तथा अभिनंदन पांडे, सच्चिदानंद और प्रार्थी कन्हैया दुबे के अतिरिक्त कोई भी सदस्य न तो बैठक में सम्मिलित होते हैं और न किसी रूप से सहयोग करते हैं।

उपरोक्त सभी परिस्थितियां स्पष्ट करती है कि पुर्व महंत/न्यासधारी द्वारा उचित देखभाल नहीं करने के कारण मौजा–परमेश्वरपुर की भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण हो गया है। वर्ष 2013 में गठित न्यास समिति द्वारा मौजा– ठकाईच की भूमि को सुरक्षित रखा गया, परंतु अधिनियम की धारा–59, 60 एवं 70 का पालन नहीं किये जाने, पर्षद से किसी प्रकार का पत्राचार, जानकारी नहीं दिये जाने से उनके कार्य को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। न्यास समिति के अधिकांश सदस्य निष्क्रिय हो चुके हैं। साथ ही न्यास समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका है।

ऐसी स्थिति में नवीन न्यास समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। ग्रामीणों द्वारा आम सभ दि०–12/09/2023 में ग्यारह व्यक्तियों के नामों का चयन किया गया है, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी से मंतव्य तथा थाना से चरित्र–सत्यापन संबंधित पत्र प्रेषित किया गया, परंतु प्रतिवेदन अप्राप्त है। अतएव मामले को आगे लंबित रखना उचित नहीं प्रतीत होता है।

उपरोक्त परिस्थिति में प्रस्तावित नामों पर विचारोपरांत अधिनियम की धारा– 83 एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास की उपविधि धारा– 43 के तहत उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुये अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए न्यास समिति का गठन किया जाता है तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्यकाल विस्तार पर विचार किया जायेगा।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–15/04/2024 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 एवं 83 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0–43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ), ग्राम– ठकाईच बड़का, पोस्ट– ठकाईच, थाना–डुमरांव, जिला–बक्सर** के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसके कार्यान्वयन हेतु एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम"**श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ) न्यास योजना, ग्राम–ठकाईच बड़का, पोस्ट–ठकाईच, थाना–डुमरांव, जिला–बक्सर**"होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम"**श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ) न्यास समिति, ग्राम–ठकाईच बड़का, पोस्ट– ठकाईच, थाना– डुमरांव, जिला–बक्सर**"जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है–

1.	श्री अजीत पाल	– अध्यक्ष
2.	श्री प्रमोद दूबे	–उपाध्यक्ष
3.	श्री कन्हैया दूबे पिता–सीताराम दुबे, बड़का ठकाईच, बक्सर– 802133	– सचिव
4.	श्री ब्रजेश्वर दूबे पिता–गोपाल दूबे, ग्रा०– ठकाईच, डुमरांव, बक्सर– 802133	– कोषाध्यक्ष
5.	श्री शिवनारायण यादव पिता–स्व० गौरीशंकर सिंह, बड़हिया, पो०– बसांव टोला	–सदस्य
6.	श्री विश्वेश्वर दूबे पिता– शिवधारी दूबे, बड़का ठकाईच, बक्सर	– सदस्य
7.	श्री अभिनंदन पाण्डे	– सदस्य
8.	श्री सुधीर दूबे पिता–नरेंद्र दूबे, बड़का ठकाईच, बक्सर– 802133	– सदस्य
9.	श्री सुरेश यादव	– सदस्य
10.	श्री छप्पन गौड पिता–डोमन गौड, बड़का ठकाईच, ठकाईच, बक्सर– 802133	– सदस्य
11.	श्री केदार सिंह पिता–श्री सिद्धनाथ सिंह, ग्रा०–ओरापुर	

शेष सभी का पता–श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ), ग्राम– ठकाईच बड़का, पोस्ट– ठकाईच, थाना– डुमरांव, जिला– बक्सर।

उक्त आदेश के आलोक में**राजस्व अभिलेख में ''श्री राम जानकी मंदिर (ठकाईच मठ), ग्राम– ठकाईच बड़का, पोस्ट– ठकाईच, थाना– डुमरांव, जिला–बक्सर''**के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

संशोधित अधिसूचना
14 नवम्बर 2023

सं0 2896––श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम–दीनादास टोला, पोस्ट–सिमराही, अंचल+थाना–राघोपुर, अनुमंडल–वीरपुर, जिला–सुपौल, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–4640 है।

उक्त मंदिर में 04 बिगहा 14 कट्ठा 15 धूर भूमि है। उक्त न्यास के सुचारू प्रबंधन, संपत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्यक् विकास हेतु अंचलाधिकारी, राधोपुर के प्रतिवेदन पत्रांक–1955–2, दिनांक–02/12/2022 द्वारा प्रस्तावित 07 सदस्यीय न्यास समिति का गठन पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक–4030, दिनांक–27/02/2023 द्वारा अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया गया था। इसी बीच अंचलाधिकारी द्वारा पुनः 09 व्यक्तियों का प्रस्ताव अपने प्रतिवेदन पत्रांक–1488–2, दिनांक–12/07/2023 द्वारा प्रेषित किया, जिसपर दोनों पक्षों को नोटिस के माध्यम से पर्षद में दिनांक–02/08/2023 को विस्तार पुर्वक सुना गया। तदोपरांत द्वितीय प्रस्ताव में नामित सदस्यों में से 03 सदस्यों को न्यास समिति में स्थान दिये जाने का प्रस्ताव है। इस संबंध में श्री गणेश कुमार यादव द्वारा लिखित प्रार्थना दिनांक–09/10/2023 द्वारा 1. श्री गणेश कुंमार यादव 2. श्री अशर्फी मंडल एवं 3. श्री सत्यनारायण मेहता को न्यास समिति में स्थान दिये जाने का प्रस्ताव दिया, जिसपर गठित न्यास समिति का कथन है

कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा पुर्व में इस न्यास के निजी का दावा करते थे कि इनके पुवर्जों द्वारा दान दिया गया है, परंतु उपस्थित सदस्यों का कथन है कि ऐसा कोई दावा उनके द्वारा नहीं किया गया है और न करेंगे।

अतः उपरोक्त परिस्थिति पर विचारोपरांत पर्षदीय आदेश दिनांक–16/10/2023 के आलोक में पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक–4030, दिनांक–27/02/2023 को संशोधित करते हुये उपरोक्त प्रस्तावित 03 सदस्यों को समिति में सम्मिलित करते हुये उक्त अधिसूचना में वर्णित नियमों/शर्त्तों के अनुसार निम्नलिखित न्यास समिति कार्यरत रहेगी। यथा–

1. श्री घनश्याम पाण्डेय, पिता–श्री लक्ष्मी ना0 पाण्डेय	अध्यक्ष
2. श्री महेश्वर पाण्डेय, पिता– स्व0 अवधलाल पा0	उपाध्यक्ष
3. श्री बबलु सदा (वार्ड पार्षद)	उपाध्यक्ष
4. श्री बिन्देश्वर पाण्डेय, पिता–स्व0 राम प्र0 पाण्डेय	सचिव
5. श्री विजय नन्दन पाण्डेय, पिता–स्व0 बहुरी पाण्डेय	कोषाध्यक्ष
6. श्री रामफल यादव, पिता–स्व0 मुनेश्वर यादव	सदस्य
7. श्री रामेश्वर पाण्डेय, पिता–स्व0 अनन्त लाल पाण्डेय	सदस्य
सभी का पता–ग्रा०–दीनादास टोला, पो०–सिमराही, अं०+था०–राघोपुर, वीरपुर, जिला–सुपौल।	
8. श्री गणेश कुमार यादव पिता–स्व० अशर्फी यादव	सदस्य
पता–ग्रा०–सिमराही, वार्ड– 01, राघोपुर, जिला–सुपौल।	
9. श्री अशर्फी मंडल पिता–स्व० मोतीलाल मंडल	सदस्य
10. श्री सत्यनारायण मेहता पिता–स्व० वासुदेव मेहता	सदस्य
दोनों का पता–ग्रा०– धर्मपट्टी, वार्ड– 01, राघोपुर, जिला–सुपौल।	

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

अधिसूचनाएं
24 जनवरी 2024

सं0 3554––श्री राधा सर्वेश्वर निकुंज ठाकुरबाड़ी, ग्राम–गोरपाड़ा, अंचल+थाना–नवहट्टा, जिला–सहरसा, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–4491/2019 है।

उक्त न्यास के संबंध में प्रार्थी श्री मणिभूषण झा द्वारा सूचित किया गया कि खाता– 352, खेसरा– 1040, क्षेत्रफल– 07 क० 10 धूर भूमि दाता के पुत्री द्वारा पैसा के लालच में बेच दिया गया है, जिसके दाखिल–खारिज रोकने के लिए पर्षद द्वारा भी कई पत्र तथा स्थानीय लोगों द्वारा भी अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया। बाबूजद अंचलाधिकारी, नवहट्टा द्वारा दिनांक– 08/12/2023 को क्रेता श्री नौसाद के नाम से नामांतरण कर दिया गया है, जो बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 44 एवं 50 का उल्लंघन है।

संचिका अवलोकन से स्पष्ट है कि पर्षदीय पत्रांक–2650, दिनांक–30/03/2019 द्वारा अंचलाधिकारी, नवहट्टा से न्यास की वर्तमान वस्तुस्थिति के संबंध में एक प्रतिवेदन की मांग की गयी थी। श्री मणिभूषण झा द्वारा दिनांक– 18/06/2019 को पर्षद में एक प्रार्थना–पत्र दिया गया, जिसमें खाता–352, खेसरा– 1040, रकबा– 07 क० 11 धूर भूमि मो० नौशाद पिता– स्व० याकुब को बिना क्षेत्राधिकार एवं स्वामित्व के अवैध विक्रय कर दिया है, जिससे वहां अशांति का वातावरण बना हुआ है, जिसकी सूचना जिलाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को दी गयी और निवेदन किया गया कि ठाकुरबाड़ी की भूमि का नामांतरण होने से रोका जाय, जिसके आलोक में पर्षद के पत्र दिनांक–09/08/2019 द्वारा जिलाधिकारी, सहरसा को न्यास हित में विधि–सम्मत कार्यवाई करने का कहा गया है।

अंचलाधिकारी, नवहट्टा ने अपने प्रतिवेदन पत्रांक–6812, दिनांक–24/07/2019 द्वारा प्रतिवेदित किया कि ठाकुरबाड़ी स्व० सिंहेश्वर झा उर्फ सनत कुमार दास पिता–स्व० विद्यानंद झा द्वारा स्थापित किया गया था। दिनांक– 15/10/1992 को श्री सिंहेश्वर झा उर्फ सनत कुमार दास ने एक अनिबंधित समर्पणनामा द्वारा अपने सहोदर भाई कपिलेश्वर झा को स्वयं के मरणोपरांत सेवायत नियुक्त करते हुये, अपने खतियान एवं केवाला द्वारा प्राप्त भूमि 03 बी० 02 क० 11 धूर (खाता– 352, खेसरा– 286, 118, 8682, 1000, 8553, 1040, 869, 871, 867) राधा सर्वेश्वर भगवान के नाम से पूजा–पाठ, राग–भोग इत्यादि हेतु अपर्ण किया।

तत्पश्चात कपिलेश्वर झा के मरणोपरांत मो० लुखिया पति– कपिलेश्वर झा ने शपथ–पत्र द्वारा जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपने छोटे पुत्र, श्री मणिभूषण झा को सम्पूर्ण उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार किये हैं।

दिनांक– 23/01/2023 को श्री मणिभूषण द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक–18/08/2022 को ग्राम पंचायत मुखिया श्री वैद्यनाथ शाह की अध्यक्षता में आम सभा बुलाकर ठाकुरबाड़ी के प्रबंधन हेतु कमिटि का गठन किया गया एवं आग्रह किया कि उसे पर्षद द्वारा मान्यता प्रदान किया जाय। पर्षदीय पत्रांक–991, दिनांक–27/062023 के आलोक में थानाध्यक्ष, नवहट्टा का चरित्र–सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त है, जिसमें उल्लेखित है कि प्रस्तावित 07 सदस्यों के विरूद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी थाना अभिलेख में अंकित नहीं है।

अतः पर्षदीयआदेश दिनांक–27/12/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 एवं 83 में एवं धार्मिक न्यास अधिनियम की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री**

राधा सर्वेश्वर निकुंज ठाकुरबाड़ी, ग्राम– गोरपाड़ा, अंचल+थाना– नवहट्टा, जिला– सहरसा की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री राधा सर्वेश्वर निकुंज ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम– गोरपाड़ा, अंचल+थाना– नवहट्टा, जिला– सहरसा''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री राधा सर्वेश्वर निकुंज ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम– गोरपाड़ा, अंचल+थाना– नवहट्टा, जिला– सहरसा''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष के सरकारी कार्यों में व्यस्त होने पर उपाध्यक्ष को बैठक आहुत तथा बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार रहेगा, परंतु शर्त्त यह होगी कि बैठक की पुर्व सूचना अध्यक्ष को दी जायेगी एवं बैठक में लिये जाने वाले निर्णय की सूचना भी समय–समय पर अध्यक्ष को लिखित रूप से अवश्य दी जायेगी।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति पांच वर्षों के लिएगठित की जाती है:–

1. श्री सत्यनारायण झा पिता– स्व० फतुरी झा– अध्यक्ष
2. श्री मणिभूषणझा पिता– स्व० कपिलेश्वर झा– सचिव
3. श्री चन्देश्वर चौधरी पिता– स्व० लक्ष्मी चौधरी– सह–सचिव

4. श्री राजेश चौधरी पिता– स्व० डोमी चौधरी– कोषाध्यक्ष
5. श्री सुनीता कुमारी पति– श्री नरेश कुमार शाह– सदस्य
6. श्री विरवल पासवान पिता– स्व० शिवनंदन पासवान– सदस्य
7. श्री जगन्नाथ साह पिता– शीतल शाह– सदस्य

सभी निवासी–ग्राम– गोरपाड़ा, अंचल+थाना– नवहट्टा, जिला– सहरसा।

नोटः– (1) न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

(2) उक्त आदेश के आलोक में**राजस्व अभिलेख में "श्री राधा सर्वेश्वर निकुंज ठाकुरबाड़ी, ग्राम– गोरपाड़ा, अंचल+थाना– नवहट्टा, जिला– सहरसा"**के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

(3) **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन / विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य, अप्रभावी एवं क्षेत्राधिकार सेबाहर होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।**

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

26 दिसम्बर 2023

सं0 3212—श्री कबीर पंथी मठ, ग्राम– बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना–उदाकिशुनगंज, जिला–मधेपुरा, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–959/66 है।

उक्त मठ की देखभाल कबीर पंथ के साधु, महंतों द्वारा की जाती थी। प्रारंभ में उक्त मठ में 28 बी० 16 क० 06 धु०भूमि थी, जिसमें लगभग 09 एकड़ भूमि विद्यालय के लिए दान दी गयी और 05 ए० भूमि पर सरकार द्वारा बासगीत पर्चा दिया गया था। अंतिम न्यासधारी के रूप में श्री नागेश्वर दास थे, परन्तु उनके द्वारा अधिनियम की धारा– 59, 60 और 70 का पालन नहीं करने के कारण, अधिनियम की धारा– 28(2) के तहत उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी और अंततः पर्षद के आदेश दिनांक– 25/01/2001 द्वारा उन्हें अपसारित करते हुए धारा– 33 के अन्तर्गत अंचलाधिकारी को अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया। तदोपरान्त प्रार्थी श्री सत्यनारायण दास वास्ते महंत नागेश्वर दास द्वारा दिनांक– 24/07/2001 को एक प्रार्थना–पत्र दिया गया कि समय पर बजट, आय–व्यय विवरणी, दाखिल नहीं करने पर क्षमा की मांग करते हुए उल्लेख किया कि मठ में 48 बी0 17 क0 06 धु0 जमीन है, जिसमें से 05 बीघा डैम्प, 05 एकड़ में बस्ती, 11.9 एकड़ कबीर गंगा मध्य विद्यालय को दिया गया है तथा शेष जमीन पर वह शुल्क जमा करने को तैयार हैं और अस्थायी न्यासधारी का आदेश वापस लिया जाये, तदोपरान्त उनके द्वारा शुल्क जमा किये जाने पर अस्थायी न्यासधारी का आदेश वापस लिया गया, परन्तु नियमित रूप से उनके द्वारा उपरोक्त आदेश का पालन नहीं किया जाता रहा।

इसी बीच ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत की गयी कि महंत जी के द्वारा वर्ष 2020–21 में लगभग 08 व्यक्तियों को विक्रय–पत्र द्वारा भूमि का विक्रय कर दिया गया है, जिस संबंध में महंतजी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।इस पर उनके द्वारा कथन किया गया कि चाहरदीवारी के निर्माण में राशि व्यय की गयी है, जबकि चाहरदीवारी का निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व किया गया है, यह स्वीकृत तथ्य है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए उनको पर्षदीय आदेश दिनांक– 04/02/2023 द्वारा न्यासधारी पद से अपसारित कर दिया गया तथा मठ की सुरक्षा हेतु अंचलाधिकारी से न्यास समिति गठन हेतु नामों के प्रस्ताव की मांग की गयी एवं अंचलाधिकारी को पत्र निर्गत किया गया कि समर्पित विक्रय–पत्र अधिनियम की धारा– 44 के अन्तर्गत अवैध और अप्रभावी हैतथा उसके आधार पर किसी प्रकार की कोई दाखिल–खारिज की कार्यवाही नहीं की जाए, जबतक की पर्षद को सनुवाई का अवसर नहीं प्राप्त हो जाता है। इसके आलोक में अंचलाधिकारी के द्वारा अपने पत्रांक– 644, दिनांक– 31/07/2023 द्वारा 07 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को प्रेषित किया गया। ग्रामीणों द्वारा पर्षद में उपस्थित होकर अंचलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित नामों के संबंध में आपत्ति दाखिल की गयी और कथन किया कि प्रस्तावित नाम में से श्री रमेश यादव असक्षम और मानसिक रोग से पीड़ित हैं, उनके स्थान पर उनके भाई श्री शिवशंकर यादव को रखा जा सकता है तथा तीन अन्य व्यक्तियों क्रमशः श्री साधुसरण यादव, श्री नीरज कुमार एवं श्री हरिनंदन यादव को समिति में स्थान दिया जाये।उपरोक्त तीनों नामों के संबंध में अंचलाधिकारी को पत्र लिख कर उनसे मंतव्य की मांग की गयी, जिस पर अंचलाधिकारी के द्वारा अपने पत्रांक– 991, दिनांक– 14/10/2023 द्वारा पूर्व में भेजे गये नामों में से तीन व्यक्तियों के नामों को विलोपित करते हुए और शेष चार व्यक्तियों को सम्मिलित करते हुए और 05 अन्य नाम उसमें जोड़ते हुए, एक नवीन सूची पर्षद को उपलब्ध करायी गयी। उक्त प्रथम सूची में श्री कैलाश साह के नाम का प्रस्ताव दिया गया था, उसके संबंध में ग्रामीणों का कथन है कि पूर्व अपसारित महंत नागेश्वर दास के नजदीकी हैं और इनका उस मठ से कोई संबंध नहीं रहा है। उपस्थित श्री कैलाश साह द्वारा कथन किया गया कि सदस्यों द्वारा जो साधुशरण के नाम का प्रस्ताव दिया गया है, वह महंत द्वारा विक्रय की गयी भूमि में विक्रय विलेख में साक्षी के रूप में है, इस कारण उनको न्यास समिति में स्थान नहीं दिया जाये।इसी बीच कबीर पंथी मठ, परबत्ता से कुछ साधुओं के नामों की मांग की गयी, जिस पर उक्त मठ के महंत संतशरण दास द्वारा, श्री युधिष्ठिर दास के नाम का प्रस्ताव लिखित रूप दिया गया।

उपरोक्त परिस्थिति में उक्त प्राप्त सभी सूची तथा आरोप–प्रत्यारोप पर विचारोपरान्त मठ के सम्यक् विकास, सुचारू प्रबंधन हेतु योजना का निरूपण किया जाता है और उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु एक न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है। न्यास समिति का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति के कार्यकाल का विस्तार किया जायेगा।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–17/10/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0–43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री कबीर पंथी मठ, ग्राम–बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना– उदाकिशुनगंज, जिला–मधेपुरा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री कबीर पंथी मठ न्यास योजना, ग्राम–बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना– उदाकिशुनगंज, जिला–मधेपुरा''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री कबीर पंथी मठ न्यास समिति, ग्राम–बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना– उदाकिशुनगंज, जिला–मधेपुरा''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**
5. मंदिर / मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा–11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/ न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक अस्थायी रूप से न्यास समितिगठित की जाती हैः–

1. अंचलाधिकारी, उदाकिशुनगंज, जिला– मधेपुरा–	अध्यक्ष
2. श्री हरिनंदन यादव, पिता–स्व0 भूमि यादव–	उपाध्यक्ष
3. श्री युधिष्ठिर दास	पुजारी सह महंत
4. श्री तारणी मंडल पिता–बानो मंडल	सचिव
5. श्री रमेश पासवान पिता–श्री फुचो पासवान	कोषाध्यक्ष
6. श्री शिवशंकर यादव पिता–स्व0 सत्यनारायण यादव	सदस्य
7. श्रीमति गुड़िया देवी पति–श्री पिंटू कुमार यादव	सदस्य
8. श्री छट्टू ऋषिदेव, पिता–मंगल ऋषिदेव	सदस्य
9. श्री शंभु मंडल पिता–राम मंडल	सदस्य
10. श्री राकेश यादव पिता–रामचरित्र यादव	सदस्य
11. श्री राजकिशोर पासवान, पिता–विन्देश्वरी पासवान	सदस्य

सभी निवासी–ग्राम– बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना– उदाकिशुनगंज, जिला– मधेपुरा।

नोटः– 1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2. उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में "श्री कबीर पंथी मठ, ग्राम– बीड़ी रणपाल, अंचल+थाना–उदाकिशुनगंज, जिला–मधेपुरा" के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3. न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य, अप्रभावी एवं क्षेत्राधिकार से बाहर होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

5 दिसम्बर 2023

सं0 3091––श्री कबीरमठ, ग्राम–अंदौली, पोस्ट–वीणा, अंचल+थाना+जिला–सुपौल, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–4174/2022 है।

उक्त मठ के महंत श्री गरभू दास ने अपनी 16 बिगहा भूमि, समपर्णनामा दिनांक– 11/09/1989 द्वारा श्री 108 कबीरदास साहब के नाम समर्पित कर दी और अपने स्वर्गवास के उपरांत उक्त मठ के संचालन हेतु महंतों की नियुक्ति के संबंध में भी प्रावधान किया था, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि प्रार्थी कोई महंत नहीं बना सके, तो पंचायत के मुखिया किसी विरक्त, वैरागी व्यक्ति को महंत नियुक्त करेंगे। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा लिखित कथन किया गया कि लगभग 10 वर्ष पुर्व उक्त महंत का स्वर्गवास हो गया, परंतु उनके द्वारा कोई शिष्य नहीं बनाया गया तथा हाटी कबीर मठ के महंत की अध्यक्षता में लगभग 150 ग्रामीणों की उपस्थिति में एक बैठक दिनांक–16/12/2022 को आयोजित की गयी। बैठक में 21 व्यक्तियों को उक्त मठ की व्यवस्था हेतु चयन किया गया था। तदोपरांत उक्त समर्पणनामा में दिये गये निर्देश के आलोक में दिनांक–15/07/2022 को पुनः एक बैठक मुखियाजी के निर्देश से की गयी, जिसमें पुर्व चयनित 21 में से 11 सदस्यों का चयन किया गया और वर्तमान मुखिया श्रीमति ज्योति कुमार द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति अपने लिखित पत्र द्वारा दी गयी। प्रस्तावित नामों का चरित्र–सत्यापन हेतु थाना को पत्र प्रेषित किया गया, परंतु प्रतिवेदन अप्राप्त है। प्रस्तावित नामों की एक न्यास समिति अस्थायी रूप से 01 वर्ष हेतु गठित किया जाना अत्यावश्यक है, क्योंकि मंदिर की भूमि का अवैध रूप से कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गयी है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–16/10/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री कबीर मठ, ग्राम–अंदौली, पोस्ट–वीणा, अंचल+थाना+जिला–सुपौल** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **"श्री कबीर मठ न्यास योजना, ग्राम–अंदौली, पोस्ट–वीणा, अंचल+थाना+जिला–सुपौल"** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **"श्री कबीर मठ न्यास समिति, ग्राम–अंदौली, पोस्ट–वीणा, अंचल+थाना+जिला–सुपौल"** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोल कर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होनेवाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/मंदिर परिसर में रहनेवाले पशुओं (गोवंश/ गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक अस्थायी रूप से एक वर्ष हेतु न्यास समिति गठित की जाती है:–

1. श्री रविभूषण कुमार पिता–स्व० राम किंकर मंडल	अध्यक्ष
2. श्री बद्रीनारायण पिता–श्री राजेश्वर मंडल	सचिव
3. श्री राम किशोर राय पिता–स्व० बौधी राय	कोषाध्यक्ष
4. श्री मोहन लाल चौधरी पिता–स्व० राम प्रसाद चौधरी	सदस्य
5. श्री अजय कुमार साह पिता–स्व० बच्चु साह	सदस्य
6. श्री रूपेश मंडल पिता–श्री बिंदेश्वरी मंडल	सदस्य
7. श्री बबलु मंडल पिता–स्व० जागेश्वर मंडल	सदस्य
8. श्री सत्यनारायण राय पिता–स्व० भेदी राय	सदस्य
9. श्री मार्कंडे चौधरी पिता–स्व० बिंदेश्वरी चौधरी	सदस्य
10. श्री उमाशंकर मंडल पिता–श्री हरिनारायण मंडल	सदस्य
11. श्री रविन्द्र मंडल पिता–स्व० नागेश्वर मंडल	सदस्य

सभी ग्रामीण–अंदौली, पो०–वीणा, भाया+था०+जिला–सुपौल।

नोटः–

1. **न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।**
2. **उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''श्री कबीर मठ, ग्राम–अंदौली, पोस्ट–वीणा, अंचल+थाना+जिला–सुपौल'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।**
3. **न्याससमिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं**

होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य, अप्रभावी एवं क्षेत्राधिकार से बाहर होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

20 दिसम्बर 2023

सं0 3179––श्री श्री 108 लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी, लक्ष्मीपुर मोहल्ला, जिला–मधेपुरा, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–1890/66 है।

उक्त न्यास के संबंध में श्री अशोक कुमार सिन्हा द्वारा दिनांक– 10/11/2022 को पर्षद में एक प्रार्थना–पत्र दिया गया कि श्री लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी की भूमि खाता– 777, खेसरा– 2163, पुराना खाता– 183, पुराना खेसरा– 4432, जो सड़क मार्ग के पश्चिम में स्थित है, उसे भू–माफियाओं द्वारा अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को उक्त अवैध कार्य पर रोक लगाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया तथा दिनांक– 30/01/2023 को पुनः श्री अशोक कुमार सिन्हा द्वारा एक पत्र पर्षद में समर्पित किया गया कि स्वयंभू समिति द्वारा उक्त ठाकुरबाड़ी का प्रबंधन किया जा रहा है। अपने प्रार्थना–पत्र के साथ दिनांक– 04/12/2022 को स्वयंभू न्यास समिति की बैठक की छायाप्रति संलग्न की है, जिसमें चार व्यक्तियों को संरक्षण समिति तथा 15 व्यक्तियों को कार्यकारिणी समिति के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया गया है। अपने प्रार्थना–पत्र के साथ उक्त मंदिर के मौजा– तुलसीबाड़ी के खाता– 777, कुल 12 खेसरा की 09 एकड़ भूमि 18 डी० भूमि एवं ग्राम– टोला डिगरा में खाता– 1498 में 08 एकड़ 12 डी० भूमि जो श्री राम जानकी देव स्थान के नाम से इन्द्राज है, की भूमि के संबंध में नेट के माध्यम से निकाली गयी जमाबंदी की प्रति भी समर्पित की गयी तथा श्री नरेंद्र नारायण सिन्हा, श्री तौफिक आलम एवं श्री अनवर द्वारा एक विक्रय–पत्र जो मनोज कुमार यादव, पिन्टू कुमार यादव के पक्ष में दिनांक– 14/01/2021 को तुलसीबाड़ी, थाना– 61, तौजी– 461 पर जमाबंदी– 54 का खाता– 328 (पुराना) 54 (नया), पुराना खेसरा– 4432 को अतिक्रमण करने के उद्देश्य से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है, जिस पर पर्षद द्वारा स्थगन लगायी गयी। चूंकि अधिनियम की धारा– 33 के अन्तर्गत किसी भी मंदिर की व्यवस्था हेतु अधिकतम ग्यारह व्यक्तियों की न्यास समिति गठित की जा सकती है तथा पुर्व स्वयंभू समिति में से ही दिनांक– 04/12/2022 को बैठक करके 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को दिया गया, जिसका चरित्र–सत्यापन भी संबंधित थाना से दिनांक– 07/08/2023 को प्राप्त हो चुका है तथा अंचलाधिकारी द्वारा भी अपने पत्रांक– 6905, दिनांक– 28/06/2023 द्वारा उक्त बैठक में लिये गये प्रस्तावित नामों पर अपनी सहमति दे दी गयी है।

दिनांक– 17/10/2023 को पर्षद के समक्ष श्री अशोक कुमार सिन्हा, श्री राजन कुमार सिंह द्वारा उपस्थित होकर मंदिर के लगभग 12 फोटोग्राफ समर्पित किये गये, जिसके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मंदिर का प्रांगण काफी भव्य है। उक्त प्रांगण में कुल 04 मंदिर है तथा भगवान श्री शिवजी का एक गुंबदनुमा मंदिर भी है। मंदिर काफी व्यवस्थित रूप से काफी स्वच्छ है। मंदिर की भूमि पर कुछ जर्जर मकान हैं। श्री सिन्हा के कथनानुसार इसका जीर्णोद्धार करके इसे धर्मशाला का स्वरूप दिया जायेगा। प्रस्तावित नामों के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति किसी अन्य के द्वारा अभी तक पर्षद में नहीं प्राप्त है। पूर्व में महंत स्व० रामदेव दास थे, उनका भी स्वर्गवास वर्ष 1977–78 में हो गया है। उसके पश्चात स्थानीय लोगों द्वारा पुजारी के रूप में श्री कमलाकांत झा को नियुक्त किया गया था। उनका भी स्वर्गवास लगभग 15 वर्ष पुर्व हो गया है। इसके उपरांत स्थानीय स्वयंभू समिति द्वारा समय–समय पर मंदिर एवं पूजा–पाठ आदि की व्यवस्था की जाती रही है।

उपरोक्त परिस्थिति विचारोपरान्त उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए प्रस्तावित नामों न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 के लिएकिये जाने का निर्णय लिया गया। समिति का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति के कार्यकाल को विस्तारित किये जाने पर विचार किया जायेगा।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–17/10/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री श्री 108 लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी, लक्ष्मीपुर मोहल्ला, जिला–मधेपुरा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **"श्री श्री 108 लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, लक्ष्मीपुर मोहल्ला, जिला–मधेपुरा"** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **"श्री श्री 108 लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, लक्ष्मीपुर मोहल्ला, जिला–मधेपुरा"** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**

5. मंदिर / मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए न्यास समिति गठित की जाती है:–

1. प्रो० विजेन्द्र नारायण यादव पिता–हृदय ना० यादव, परसाही मठाही, वार्ड– 15, मधेपुरा– अध्यक्ष
2. श्री राजन कु० सिंह पिता–राधा रमण सिंह, लक्ष्मीपुर, वार्ड–16, पो०+था०+जिला–मधेपुरा– उपाध्यक्ष
3. श्री अशोक कु० सिन्हा पिता–गौरीशंकर प्रसाद, लक्ष्मीपुर, वार्ड–17, पो०+था०+जिला–मधेपुरा– सचिव
4. श्री दीपक कु० उर्फ टिंकु पिता–श्री वीरेंद्र प्र०, लक्ष्मीपुर, पो०+था०+जि०–मधेपुरा– कोषाध्यक्ष
5. श्री रमण कु० वर्मा पिता– नारायण प्र० वर्मा, लक्ष्मीपुर वार्ड–17, पो०+था०+जिला–मधेपुरा– सदस्य
6. श्री वीरेंद्र पासवान उर्फ सदानंद पासवान पिता–कनिकलल पासवान– सदस्य
   पता– आजाद टोला, वार्ड– 07, पो०+था०+जि०–मधेपुरा।
7. श्री विनोद प्र० वर्मा पिता–त्रिभुनंदन प्र० वर्मा, गुलजारबाग, वार्ड–20, पो०+था०+जि०–मधेपुरा–सदस्य
8. श्री राजीव कुमार पिता–जर्नादन प्र० पोद्दार, लक्ष्मीपुर, वार्ड–17, पो०+था०+जि०–मधेपुरा– सदस्य
9. श्री मृत्यंजय कुमार पिता–चंद्रदेव प्र० सिंह, लक्ष्मीपुर, वार्ड–17, पो०+था०+जि०–मधेपुरा– सदस्य
10. श्री दुर्गेश कुमार पिता–सुरेश्वर प्र० श्रीवास्तव, लक्ष्मीपुर, वार्ड–17, पो०+था०+जि०–मधेपुरा– सदस्य
11. श्री सोनु कु० साह पिता–ओम प्रकाश साह, लक्ष्मीपुर, वार्ड–16, पो०+था०+जि०–मधेपुरा– सदस्य

नोटः– 1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2. उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''श्री श्री 108 लक्ष्मी–नारायण ठाकुरबाड़ी, लक्ष्मीपुर मोहल्ला, जिला–मधेपुरा'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3. न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य, अप्रभावी एवं क्षेत्राधिकार से बाहर होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

20 दिसम्बर 2023

सं0 3177––श्री कलासन ठाकुरबाड़ी, ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना– चौसा, जिला–मधेपुरा, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–1850/66 है।

उक्त मंदिर में मंदिर सहित लगभग 07 एकड़ 10 डी० भूमि है, जिसमें खाता– 1526 में 06 एकड़ 11 डी० तथा खाता– 72 में 91 डी० भूमि है और लगभग 10 डी० में मंदिर अवस्थित है। पुर्व में उक्त मंदिर का प्रबंधन श्री गौरीशंकर जायसवाल द्वारा की जाती थी, परंतु उनके द्वारा कभी किसी प्रकार का कोई पत्राचार, आय–व्यय विवरणी समर्पित नहीं किया गया।

दिनांक– 21/09/2022 को श्री नवल किशोर जायसवाल द्वारा पर्षद में उपस्थित होकर एक प्रार्थना–पत्र समर्पित किया गया कि उनके पिता– गौरीशंकर जायसवाल का स्वर्गवास हो गया है और वर्तमान में वे स्वयं मंदिर का प्रबंधन कर रहे हैं। उन्हें पर्षद में निबंधन की जानकारी नहीं थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भविष्य में पर्षद के सभी निर्देशों का अनुपालन तथा मंदिर के विकास में पुर्ण सहयोग करेंगे।

उपरोक्त परिस्थिति में सभी तथ्यों पर विचारोपरांत पर्षदीय आदेश दिनांक– 24/09/2022 द्वारा श्री नवल किशोर जायसवाल को अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया।

इसी बीच स्थानीय मुखिया, श्रीमति अलका रानी द्वारा कुछ व्यक्तियों के हस्ताक्षर से दिनांक– 17/07/2023 को पर्षद में एक पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि मंदिर पुर्ण रूप से जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। साथ ही श्री जायसवाल के विरूद्ध मंदिर की भूमि का दुरूपयोग करने का आरोप भी लगाया।

उपरोक्त आरोपों के आलोक में श्री जायसवाल से पृच्छा किये जाने पर उन्होंने स्वीकार किया कि लगभग 14–15 वर्ष पुर्व मंदिर की भूमि लगभग 02 बीघा भूमि पर ईंट–भट्टा खोला गया था, जिससे मिट्टी खुदाई के कारण वहां गढ़ा हो गया है तथा यह भी आरोप लगाया है कि 51 डी० भूमि को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया है।

उभय पक्षों को सुनने के उपरांत निर्देश दिया गया कि गांव में एक आम सभा का आयोजन करके धार्मिक एवं स्वच्छ चरित्र के व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध करायें, ताकि न्यास समिति गठन किया जा सके।

दिनांक– 17/10/2023 श्री जायसवाल द्वारा पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर दिनांक– 09/08/2023 को आयोजित आम सभा की छायाप्रति समर्पित की गयी, जिसमें लगभग 71 व्यक्तियों की उपस्थिति में 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पास कर न्यास समिति गठित किये जाने हेतु दिया गया है।

उपरोक्त परिस्थिति मेंउपरोक्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए निम्न न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–17/10/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री कलासन ठाकुरबाड़ी, ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना– चौसा, जिला–मधेपुरा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **"श्री कलासन ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना– चौसा, जिला–मधेपुरा"** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **"श्री कलासन ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना– चौसा, जिला–मधेपुरा"** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।**
5. मंदिर / मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक अस्थायी रूप से न्यास समितिगठित की जाती हैः–

1. श्री नवल किशोर जायसवाल पिता–स्व० सरयुग प्र० जायसवाल–	अध्यक्ष
2. श्री जयप्रकाश चौधरी पिता– स्व० अवध किशोर चौधरी–	उपाध्यक्ष
3. श्री विमल कुमार पिता– स्व० नन्दलाल भगत–	सचिव
4. श्री धर्मचन्द्र भगत पिता–स्व० सूर्य नारायण भगत–	कोषाध्यक्ष
5. श्री चन्द्रीका प्रसाद जायसवाल पिता– स्व० रघुनाथ भगत–	सदस्य
6. श्री उदय चन्द्र भगत पिता–स्व० दीनदयाल भगत–	सदस्य
7. श्री मुकेश कुमार मंडल पिता–स्व०श्रीलाल मंडल–	सदस्य
8. श्री रवि कुमार जायसवाल पिता– स्व० जयप्रकाश जायसवाल–	सदस्य
9. श्री सुबोध भगत पिता– स्व० सहदेव भगत–	सदस्य
10. श्री अनिल कुमार जायसवाल पिता– स्व० राधा प्रसाद जायसवाल–	सदस्य
11. श्री प्रेम चन्द्र भगत पिता– स्व० गंगा प्रसाद भगत–	सदस्य

सभी निवासी–ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना–चौसा, जिला–मधेपुरा।

नोटः– 1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2. उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''श्री कलासन ठाकुरबाड़ी, ग्राम– कलासन बाजार, पोस्ट– धुरिया कलासन, थाना– चौसा, जिला–मधेपुरा'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3. न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य, अप्रभावी एवं क्षेत्राधिकार से बाहर होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

2 मई 2023

सं0 396—श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0—लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल—गायघाट, अनुमंडल—पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला—मुजफ्फरपुर पर्षद् के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या—4643 है।

सभी पक्षों को सुनने के पश्चात पर्षद के आदेश दिनांक 25.06.2022 के द्वारा उक्त मंदिर को सार्वजनिक धार्मिक न्यास पाते हुए निबंधित किया जा चुका है। मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे श्री रामविजय चौधरी, श्री रामलला चौधरी पुत्रगण—महानंद चौधरी एवं महानंद चौधरी को भी उनके दावे के संबंध में विस्तापूर्वक दिनांक 01.12.2022 को सुना गया और उनके द्वारा दाखिल दस्तावेज से उनके दावे के संबंध में कोई ठोस सबूत नहीं पाया गया और न हीं उनके पक्ष में किसी सक्षम प्राधिकार या न्यायालय का कोई निर्णय है। अतः उनके निजी होने के दावे को अस्वीकार किया जा चुका है और मंदिर की सुचारू व्यवस्था हेतु 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव अंचल अधिकारी से मांगी गयी थी तथा ग्रामीणों को भी एक आम सभा की बैठक कर नामों का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया था, जिस संबंध में ग्रामीणों द्वारा एक बैठक दिनांक 08.08.2022 को आयोजित कर 09 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद के समक्ष दिया गया। प्रस्तावित नामों को दिनांक 27.12.2022 को अंचल अधिकारी के पास उनके मंतव्य हेतु पत्र लिखा गया कि यदि कुछ नामों को हटाना या जोड़ना चाहते हो तो अपना मंतव्य दें, परन्तु अंचल अधिकारी से कोई भी प्रतिवेदन या मंतव्य प्राप्त नहीं हुआ और चूंकि मंदिर की स्थिति दिन—प्रतिदिन क्षीण होती जा रही है और अवैध रूप से कब्जा भी किया जा रहा है।

अतःउक्त मठ, मंदिर/न्यास के परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, सुचारू प्रबंधन एवं सम्यक विकास हेतु बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 32 के अन्तर्गत एक योजना का निरूपन एवं इसके कार्यान्वन हेतु एक नवीन न्यास समिति का गठन किया जाना आवश्यक है।

उपरोक्त परिस्थति में मैं बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0—43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0—लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल—गायघाट, अनुमंडल—पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला—मुजफ्फरपुर** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, बेहतर प्रबंधन तथा सम्यक् विकास हेतु एक योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने एवं संचालन के लिए विस्तृत आदेश दिनांक—14.03.2023 के आलोक में एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा—32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0—लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल—गायघाट, अगनुमंडल—पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला—मुजफ्फरपुर न्यास योजना होगा''** तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0—लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल—गायघाट, अनुमंडल—पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला—मुजफ्फरपुर न्यास समिति''** होगा। जिसमें न्यास की समग्र चल—अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का मुख्य कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा—पाठ एवं साधु—सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समस्त आय न्यास के नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा अध्यक्ष या सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से इसका संचालन होगा।

4. न्यास की आय—व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

5. न्यास समिति बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप—विधि में वर्णित सभी प्रावधानों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चत करेंगे तथा वार्षिक आय का विवरण बजट एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बैठक का कार्यवृत एवं देय शुल्क राशि पर्षद को ससमय भेजेंगे तथा न्यास परम्परा का पालन करेंगे।

6. **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति का हस्तान्तरण, बदलैन, बिक्रय तथा पट्टा पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा अगर वे ऐसा करते है तो शुन्य वो अवैध होगा।**

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष/उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेगें।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास समिति न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्था के साथ—साथ अतिक्रमित/हस्तांतरित भूमि यदि कोई है, को वापसी के लिए समुचित वैधानिक कार्रवाई करेगी।

10. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकुल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी। न्यास के प्रतिकुल कार्य करते पाये जाने की स्थिति में सदस्य को समिति के कार्यकाल की अवधि के दौरान ही उन्हे सदस्यता से मुक्त किया जा सकता हैं।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होगें तो उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13. न्यास समिति द्वारा किसी प्रकार कोई आयोजन किया जाता है तो जिसमें 05 लाख से अधिक की राशि खर्च का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसी प्रकार यदि मंदिर के विकास या संरचना के मद में 10 लाख रूपये अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसका अनुमानित खर्च विवरणी प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति पर्षद से लेना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अन्दर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जाएगी।

14. न्यास समिति द्वारा किसी भी प्रकार का किराया/बन्दोबस्ती आदि तीन वर्ष से अधिक नहीं दिया जाएगा।

15. पशुओं के होने वाले बध और उनके प्रति होने वाली क्रुरता पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 (पी0सी0ए0) की धारा–11 भारतीय दंड संहिता (आई0पी0सी0) की धारा–428 एवं 429 के तहत् दंडनीय अपराध बनाया गया है।

अतः न्यास/मठ/मंदिर में रहने वाल पशुओं (गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षताः करना जिसका उद्देश्य ''पशु का बध) होता हों या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हों, ऐसा कोई कार्य न्यासधारी/सेवैत/महंत/न्यास समिति के सदस्य द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद् द्वारा ग्रामीणों के प्रस्ताव पर विचारोपरान्त एक योजना का निरूपण करते हुए निम्न न्यास समिति का गठन किया जाता है :–

1. अंचल अधिकारी, गायघाट, मुजफ्फरपुर	–	पदेन अध्यक्ष
2. श्री शिवचन्द्र राय	–	उपाध्यक्ष
3. श्री कमलेश प्रसाद सिंह	–	सचिव
4. श्री राधेश्याम सिंह	–	कोषाध्यक्ष
5. श्री मोहन राय	–	सदस्य
6. श्री वृजु साह	–	सदस्य
7. श्री शशि कुमार मिश्र	–	सदस्य
8. श्री ब्रह्मदेव बैठा	–	सदस्य
9. श्री संजय सहनी	–	सदस्य
10.श्री कृपाल राय	–	सदस्य
11.श्री कैलाश ठाकुर	–	सदस्य

पता :–श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0–लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल–गायघाट, अनुमंडल–पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला–मुजफ्फरपुर।

समिति के सदस्यों का चरित्र सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने पर तथा एक (01) वर्ष के अन्तराल कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्यकाल की आगे विस्तार किया जाने पर विचार किया जायेगा।

NOTE:-राजस्व अभिलेख में मंदिर के सभी सम्पत्तियों का इन्द्राज मंदिर के नाम (श्री राम जानकी मठ, ग्राम+पो0–लक्ष्मण नगर, थाना+अंचल–गायघाट,अनुमंडल–पूर्वी मुजफ्फरपुर, जिला–मुजफ्फरपुर) पर ही रहेगा, किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नामान्तरण अथवा संशोधन नहीं होगा।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

26 अप्रील 2023

सं0 285—श्री राम जानकी मठ, ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर पर्षद् के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या–4670 है। उक्त न्यास का निबंधन पर्षद के आदेश दिनांक 15.02.2022 ग्रामीणों द्वारा मंदिर की सुरक्षा हेतु काफी प्रयास करते हुए मंदिर की भूमि से संबंधित दस्तावेज, खाता, खेसरा भूमि का उल्लेख तथा मंदिर का फोटोग्राफ और मंदिर में पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु एक आमसभा की बैठक दिनांक 18.07.2022 को करके 11 व्यक्तियों के नामों का चयन भी कर प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध कराया गया। उक्त प्रस्ताव पर अंचलाधिकारी से उनका मंतव्य तथा यदि कोई नाम जोड़ना या हटाना चाहते हो तो उस संबंध में पत्र दिनांक 21.01.2023 को भेजा गया। जिसके आलोक में अंचलाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक 722 दिनांक 06.03.2022 द्वारा प्रस्तावित नाम क्रय संख्या 10 गगणदेव के स्थान पर मदन पासवान के नाम का प्रस्ताव किया गया और उक्त नामों का चरित्र सत्यापन भी संबंधित थाना द्वारा दिनांक 28.01.2023 को प्राप्त हो गया है।

संचिका पर उपलब्ध निबंधित समर्पणनामा दिनांक 04.04.1952 की प्रति संलग्न है, जिसमें श्री महंत रामशील दास द्वारा 138 बी0 15 क0 03 धुर 13 धुरकी जमीन रामचन्द्र जी महाराज व जानकी जी महारानी मौजा रामभद्र व रामचौड़ा के नाम समर्पित किया गया है और उक्त समर्पणनामा में ही भूमि का पुर्ण विवरण तथा उल्लेख है कि मनमोकिर सेवायत के रूप में केवल इन्तजाम मंदिर का करते रहेगे और अपने जीवनकाल में ईमानदार लायक चेला मिल गया तो चेला बनाकर उन्हें संचालन का मूर्त्त किया करे। आगे उल्लेख है कि अगर मनमोकिर बिना चेला मुकर्रर किए स्वर्गवास कर जाए तो ऐसे हालत में छोटे गुरूभाई मोसमा भलीराम दास चेला गुरू शुकदेव दास उक्त रामचन्द्र जी महाराज व जानकी जी महारानी का सेवईत

वो मुनतजीम होंगे और इन्तेजाम पूजा–पाठ वगैरह मुन्दरजे हुआ करेगा और यदि सेवायत और मूंतजीमकार मैसुदे का बर्बाद करने व बदचलनी पाया जाए तो ऐसी स्थिति में 12 व्यक्तियों को नामित किया, जिनको अख्तियार होगा कि सेवायत और पुजारी वगैरह के श्री वैष्णव को मुकर्रर करके सेवाटहल किया करें और मेम्बरान को यह अधिकार दिया गया कि कोई पुजारी बदचलन या समर्पणनामा खुदा सम्पत्ति को नुकसान या बर्बाद करते हुए पाए तो उसे हटाकर वीरक्त वैष्णव वारदयान नियुक्त कर सकेंगे।

उपरोक्त सभी न्यासी का स्वर्गवास हो चुका है और उनके द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को मेम्बारन के रूप में नियुक्ति संबंधी कार्रवाई नहीं की गयी है।

उक्त दस्तावेज से यह स्पष्ट करता है कि महंत रामशील दास ने मंदिर की व्यवस्था हेतु भलीराम दास को अपने स्वर्गवास के पश्चात देख–भाल करने हेतु सेवायत के रूप में नियुक्त किया था, परन्तु उक्त भलीराम दास द्वारा सर्वे के दौरान समर्पण की गयी सारी सम्पत्ति को अपने नाम जमाबन्दी कायम करा लिया और उनके द्वारा उक्त समर्पणनामा में लिखित शर्तो का उल्लंघन करते हुए मंदिर की भूमि दिनांक 09.02.1968 को रघुनात सिंह वो रामश्रेष्ठ सिंह बल्दान बाबू छबीला सिंह के नाम 13 बी0 08 क0 17 धुर जमीन बिक्रय कर, उस राशि को अपने निजी प्रयोग में लिया गया तथा बहुत से लोगों को अवैध रूप से भूमि बिक्रय किया गया है। उदाहरण स्वरूप 01 बिक्रय–पत्र की प्रति ग्रामीणों द्वारा पर्षद को उपलब्ध करायी गयी और इसी बीच भू–हदबन्दी में भलीराम दास की मृत्यु हो जाने के पश्चात भू–हदबन्दी में उनकी पत्नी राधिका देवी व पुत्र जगरनाथ ठाकुर के नाम से जारी हुआ, जिसमें भू–हदबन्दी में 50 ए0 जमीन 02 यूनिट के रूप में दी गयी तथा शेष में राज्य सरकार के द्वारा अधिग्रहण की गयी। इस संबंध में भू–हदबन्दी आदेश दिनांक 31.01.1987 के द्वारा आदेश पारित कर उसका प्रकाशन दिनांक 21.05.1988 को कराया और लगातार वर्त्तमान में भी अमरनाथ ठाकुर पुत्र भलीराम दास एवं मनोज ठाकुर व सरोज ठाकुर पौत्र भलीराम दास द्वारा अवैध रूप से बिक्रय किया जा रहा है तथा कब्जा दिलाया जा रहा है, जो स्पष्ट करता है कि समर्पणनामा द्वारा नियुक्त सेवायत भलीराम दास द्वारा समर्पणनामा के शर्तो को उनके और उनके पुत्र, पौत्रों द्वारा उललंघन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में मंदिर की भूमि की सुरक्षा हेतु न्यास समिति बनाया जाना आवश्यक भी है और भूमि पर सभी प्रकार के क्रय–बिक्रय, अस्थायी/स्थायी निर्माण पर पूर्व में रोक पर्षद के आदेश दिनांक 27.08.2022 को लगाया जा चुका है, जो जारी रहेगा तथा अंचलाधिकारी द्वारा भी प्राप्त मंतव्य के आधार पर मठ, मंदिर/न्यास के परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, सुचारू प्रबंधन एवं सम्यक विकास हेतु बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 32 के अन्तर्गत एक योजना का निरूपन व इसे मूर्त्त रूप देने एवं संचालन के लिए एक न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से किया जाता है।

उपरोक्त परिस्थिति में मैं बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0–43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी मठ, ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, बेहतर प्रबंधन तथा सम्यक् विकास हेतु एक योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने एवं संचालन के लिए विस्तृत आदेश दिनांक–14.03.2023 के आलोक में एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री राम जानकी मठ, ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर न्यास योजनाहोगा''** तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री राम जानकी मठ, ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुरन्यास समिति''** होगा। जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का मुख्य कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समस्त आय न्यास के नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा अध्यक्ष या सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से इसका संचालन होगा।

4. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

5. न्यास समिति बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी प्रावधानों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चत करेंगे तथा वार्षिक आय का विवरण बजट एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बैठक का कार्यवृत एवं देय शुल्क राशि पर्षद को ससमय भेजेंगे तथा न्यास परम्परा का पालन करेंगे।

6. **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति का हस्तान्तरण, बदलैन, बिक्रय तथा पट्टा पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा अगर वे ऐसा करते है तो शुन्य वो अवैध होगा।**

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष/उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेगें।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास समिति न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्था के साथ–साथ अतिक्रमित/हस्तांतरित भूमि यदि कोई है, को वापसी के लिए समुचित वैधानिक कार्रवाई करेगी।

10. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकुल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी। न्यास के प्रतिकुल कार्य करते पाये जाने की स्थिति में सदस्य को समिति के कार्यकाल की अवधि के दौरान ही उन्हे सदस्यता से मुक्त किया जा सकता हैं।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होगें तो उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13. न्यास समिति द्वारा किसी प्रकार कोई आयोजन किया जाता है तो जिसमें 05 लाख से अधिक की राशि खर्च का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसी प्रकार यदि मंदिर के विकास या संरचना के मद में 10 लाख रूपये अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसका अनुमानित खर्च विवरणी प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति पर्षद से लेना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अन्दर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जाएगी।

14. न्यास समिति द्वारा किसी भी प्रकार का किराया/बन्दोबस्ती आदि तीन वर्ष से अधिक नहीं दिये जाएगा।

15. पशुओं के होने वाले बध और उनके प्रति होने वाली क्रुरता पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 (पी0सी0ए0) की धारा–11 भारतीय दंड संहिता (आई0पी0सी0) की धारा–428 एवं 429 के तहत् दंडनीय अपराध बनाया गया है।

अतः न्यास/मठ/मंदिर में रहने वाल पशुओं (गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/ भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षताः करना जिसका उद्देश्य ''पशु का बध) होता हों या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हों, ऐसा कोई कार्य न्यासधारी/सेवैत/महंत/न्यास समिति के सदस्य द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद् द्वारा एक योजना का निरूपण करते हुए निम्न न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए किया जाता है, एक वर्ष उपरान्तकार्यकाल संतोषजनक रहने पर न्यास समिति का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार किया जाएगा :–

1. अंचलाधिकारी, मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर	–	पदेन अध्यक्ष
2. श्री अखिलेश्वर शुक्ला सुपुत्र स्व0 राम सिंहासन शुक्ला	–	कार्यवाहक अध्यक्ष
3. श्री उमेश ठाकुर सुपुत्र स्व0 कमल ठाकुर	–	उपाध्यक्ष
4. श्री महावीर सिंह सुपुत्र स्व0 सीताराम सिंह	–	सचिव
5. श्री सौरभ कुमार सुपुत्र मोतिलाल राय	–	कोषाध्यक्ष
6. श्री मनोज कुमार मिश्रा सुपुत्र राधाकांन्त मिश्र	–	सदस्य
7. श्री अजय कुमार सुपुत्र स्व0 रामजी सिंह	–	सदस्य
8. श्री राधामोहन सिंह सुपुत्र सीताराम सिंह	–	सदस्य
9. श्री संजय कुमार सिंह सुपुत्र स्व0 रामपुकार सिंह	–	सदस्य
10.श्री मदन पासवान सुपुत्र रामचन्द्र पासवान	–	सदस्य
11.श्री पंकज कुमार पासवान सुपुत्र राजकुमार पासवान	–	सदस्य

पता :– **ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर।**

न्यास समिति को निर्देश दिया जाता है कि शीघ्र भू–हदबन्दी के पश्चात जो भूमि उक्त सेवायत की पत्नी, पुत्र को प्राप्त हुई है, उसकी सूची पर्षद में अंचलाधिकारी के यहाँ से प्राप्त कर दाखिल करेंगे, जिससे उक्त भूमि पर समर्पणनामा के आलोक में श्री रामचन्द्र जी महाराज एवं जानकी जी महारानी के नाम से दर्ज करने संबंधी प्रक्रिया की जा सके तथा न्यास समिति शीघ्र बैंक खाता खोलेगी और जितनी भी भूमि मंदिर के नाम से है, उन सभी की बन्दोबस्ती करने का एक मात्र अधिकार न्यास समिति को होगा। यदि किसी भी व्यक्ति को जो भलीराम के वंशज है, वो पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बातों को रखने के लिए स्वतंत्र है।

NOTE:-राजस्व अभिलेख में मंदिर के सभी सम्पत्तियों का इन्द्राज मंदिर के नाम (श्री राम जानकी मठ, ग्राम–बोरबारा, पोस्ट–भटौना, थाना–करजा, अंचल–मड़वन, जिला–मुजफ्फरपुर) पर ही रहेगा, किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नामान्तरण अथवा संशोधन नहीं होगा।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

---

2 मई 2023

सं0 398––हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर पर्षद् में सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में लगभग 60 वर्ष पूर्व से निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या–200 है। उक्त मठ में लगभग 50 बीघा से अधिक भूमि थी और पूर्व में इसकी देखभाल महंत कृष्ण देवदास द्वारा की जाती रही, परन्तु उनके द्वारा

भी किसी प्रकार की आय–व्यय विवरणी बजट आदि दाखिल नहीं की जाती थी। वर्ष 1992 में मठ की मरम्मती के नाम पर भूमि बेचने हेतु एक प्रार्थना–पत्र उनके द्वारा दिया गया।

इसी बीच वर्ष 1997 में राधेश्याम दास द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उक्त महंत कृष्ण देवदास का स्वर्गवास हो गया है और साधु–संतो ने प्रार्थी को चादर, पगड़ी आदि देकर के न्यासधारी बनाया है। अतः उनको पर्षद के आदेश दिनांक 20.12.1997 द्वारा अस्थायी न्यासधारी बनाया गया, परन्तु उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई आय–व्यय विवरणी, बजट आदि नहीं दाखिल किया गया और ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी कि मंदिर की भूमि का पूर्ण रूप से दोहन और निजी प्रयोग में उपयोग किया जा रहा है, अतः एक न्यास समिति बनायी जाये, जिस पर राधेश्याम दास से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, परन्तु उनके द्वारा कोई प्रति–उत्तर नहीं देने पर उनको दिनांक 03.10.2002 को अस्थायी न्यासधारी पद से अपसारित कर दिया गया और अंचल अधिकारी को धारा–33 के अन्तर्गत अस्थायी न्यासधारी बनाया गया। अवसारित किये जाने के बाद भी उक्त राधेश्याम दास मठ में हीं थें और वहां रहकर के पुनः भूमि का अवैध रूप से स्थानान्तरण कर रहे थें, जिस संबंध में ग्रामीणों द्वारा पर्षद में वर्ष 2006–07 में उनके विरूद्ध आरोप लगाते हुए 13 सदस्यीय न्यास समिति का प्रस्ताव भेजा गया। उक्त तथ्यों पर विचार करते हुए पर्षद द्वारा दिनांक03.08.2009 को न्यास समिति का गठन कर दिया गया, परन्तु गठित न्यास समिति द्वारा भी आपस में मठ की भूमि का दुरूपयोग निजी लाभ में लेने, बंदरबांट करने के आरोप–प्रत्यारोप लगते रहे। पुनः वर्ष 2020 में ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया कि मठ में रह रहे राधेश्याम दास द्वारा बिना किसी अधिकार के मंदिर की भूमि का दुरूपयोग किया जा रहा है और पूर्व न्यास समिति के कार्य भी पूर्ण रूप से संतोषजनक नहीं थें, अतः दिनांक 08.01.2020 को पूर्व न्यास समिति को भंग करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में श्री सुरज पासवान को सचिव नियुक्ति करते हुए 01 वर्ष के लिए अस्थायी दो सदस्यी समिति बनायी गयी, जिसमें राधेश्याम दास को पुजा–पाठ, राग–भोग आदि करने के लिए अधिकृत किया गया, परन्तु पुनः राधेश्याम के विरूद्ध यह आरोप लगाया गया कि 37 व्यक्तियों को मंदिर की भूमि खाता सं0–17, 21 पर पैसे लेकर अतिक्रमण करा दिया गया है, जिस संबंध में पुजारी राधेश्याम दास से स्पष्टीकरण की मांग की गयी, उनके द्वारा दाखिल स्पष्टीकरण में उनके उपर लगे आरोपों को अस्वीकार किया, परन्तु किन व्यक्तियों को जमीन उनके द्वारा दी गयी है और क्या राशि ली गयी है, इस संबंध में कुछ भी कथन नहीं किया गया है और चुंकि पूर्व न्यास समिति भंग की जा चुकी थी। अनुमंडल पदाधिकारी भी जिसमें अस्थायी न्यासधारी बनाये गये थे, सुचारू रूप से व्यवस्था करने में सफल नहीं हो पा रहे थें और मठ में रह रहे राधेश्याम दास द्वारा भी ग्रामीणों के विरूद्ध आरोप–प्रत्यारोप लगाये जाते रहे।

अत एक नयी न्यास समिति बनाये जाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी से नामों का प्रस्ताव की मांग की गयी थी, जो अनुमंडल पदाधिकारी के पत्र दिनांक 03.12.2020 द्वारा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध कराया, जिसका चरित्र सत्यापन रिपोर्ट दिनांक 18.09.2021 को प्राप्त हुआ, जिसमें राधेश्याम दास, पुजारी के विरूद्ध धारा 302 के अन्तर्गत मुकदमा विचाराधीन की बात प्रकाश में लायी गयी, जिसका थाना कांड सं0–8/2005 है, चुंकि राधेश्याम दास के विरूद्ध आपराधिक कांड होने का उल्लेख किया गया है लिहाजा उनका नाम न्यास समिति में नहीं रखा गया है, परन्तु उक्त मठ में केवल पूजा–पाठ, राग–भोग आदि का कार्य राधेश्याम दास द्वारा किया जा सकता है, जब तक कि उपरोक्त आपराधिक मुकदमें के संबंध में निर्णय यदि हो गया हो तो विचार उपरान्त असपर निर्णय लिया जायेगा।

अतःउक्त मठ, मंदिर/न्यास के परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, सुचारू प्रबंधन एवं सम्यक विकास हेतु बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा 32 के अन्तर्गत एक योजना का निरूपन एवं इसके कार्यान्वन हेतु एक न्यास समिति का गठन किया जाना आवश्यक है।

उपरोक्त परिस्थति में मैं बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0–43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर**की सम्पत्तियों की सुरक्षा, बेहतर प्रबंधन तथा सम्यक् विकास हेतु एक योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने एवं संचालन के लिए विस्तृत आदेश दिनांक–13.03.2023 के आलोक में एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर न्यास योजना होगा''** तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर न्यास समिति''** होगा। जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का मुख्य कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समस्त आय न्यास के नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा अध्यक्ष या सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से इसका संचालन होगा।

4. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

5. न्यास समिति बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी प्रावधानों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चत करेंगे तथा वार्षिक आय का विवरण बजट एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बैठक का कार्यवृत एवं देय शुल्क राशि पर्षद को ससमय भेजेंगे तथा न्यास परम्परा का पालन करेंगे।

6. **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति का हस्तान्तरण, बदलैन, बिक्रय तथा पट्टा पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा अगर वे ऐसा करते है तो शुन्य वो अवैध होगा।**

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष/उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेगें।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास समिति न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्था के साथ–साथ अतिक्रमित/हस्तांतरित भूमि यदि कोई है, को वापसी के लिए समुचित वैधानिक कार्रवाई करेगी।

10. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकुल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी। न्यास के प्रतिकुल कार्य करते पाये जाने की स्थिति में सदस्य को समिति के कार्यकाल की अवधि के दौरान ही उन्हे सदस्यता से मुक्त किया जा सकता हैं।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होगें तो उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13. न्यास समिति द्वारा किसी प्रकार कोई आयोजन किया जाता है तो जिसमें 05 लाख से अधिक की राशि खर्च का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसी प्रकार यदि मंदिर के विकास या संरचना के मद में 10 लाख रूपये अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसका अनुमानित खर्च विवरणी प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति पर्षद से लेना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अन्दर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जाएगी।

14. न्यास समिति द्वारा किसी भी प्रकार का किराया/बन्दोबस्ती आदि तीन वर्ष से अधिक नहीं दिय जाएगा।

15. पशुओं के होने वाले बध और उनके प्रति होने वाली क्रुरता पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 (पी0सी0ए0) की धारा–11 भारतीय दंड संहिता (आई0पी0सी0) की धारा–428 एवं 429 के तहत् दंडनीय अपराध बनाया गया है।

अतः न्यास/मठ/मंदिर में रहने वाल पशुओं (गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/ भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षताः करना जिसका उद्देश्य ''पशु का बध) होता हों या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हों, ऐसा कोई कार्य न्यासधारी/सेवैत/महंत/न्यास समिति के सदस्य द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद् द्वारा एक योजना का निरूपण करते हुए निम्न न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए की जाता है :–

1. अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिम, मुजफ्फरपुर	–	पदेन अध्यक्ष
2. डॉ0 विजय सिंह पिता स्व0 रामचन्द्र सिंह	–	उपाध्यक्ष
3. श्री विशंभर नाथ तिवारी पिता कैलाश तिवारी	–	सचिव
4. श्री अरूण साह पिता स्व0 हरदेव साह	–	कोषाध्यक्ष
5. श्री शिवजी चौधरी पिता स्व0 रामजन्म चौधरी	–	सदस्य
6. श्री राजनन्दन बैठा पिता रामाशिष बैठा	–	सदस्य
7. श्री श्री उमेश चौधरी पिता स्व0 प्रहलाद चौधरी	–	सदस्य
8. श्री कोदई भगत पिता स्व0 नारायण भगत	–	सदस्य
9. श्री परमेश्वर पासवान पिता स्व0 प्रकाउ पासवान	–	सदस्य
10.श्री दिनेश दास पिता नवाब दास	–	सदस्य
11.श्री उमाशंकर पटेल पिता जमुना पटेल	–	सदस्य

पता :– हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर।

न्यास समिति को मंदिर की सभी भूमि पर खुली डाक के द्वारा बंदोबस्ती करने के लिए अधिकृत किया जाता है और जिन व्यक्तियों के द्वारा मंदिर की भूमि पर पूर्व में बंदोबस्ती ली गयी है और बंदोबस्ती की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है उन सभी भूमि की नये सिरे से बंदोबस्ती करायी जाये।

NOTE:-राजस्व अभिलेख में मंदिर के सभी सम्पत्तियों का इन्द्राज मंदिर के नाम (हठिलवा मठ, ग्राम–हठिलवा, पो0–कमलापुर, थाना–बरूराज, अंचल–मोतिपुर, जिला–मुजफ्फरपुर) पर ही रहेगा, किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नामान्तरण अथवा संशोधन नहीं होगा।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

28 दिसम्बर 2023

सं0 3239—मुजफ्फरपुर नगर सरैयागंज मुहल्ला स्थित सेवा संघ न्यास पर्षद के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन संख्या 3992 है। इस न्यास की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण, सुचारू प्रबंधन तथा सम्यक विकास हेतु पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक 2010, दिनांक 07.10.2016 द्वारा एक योजना का निरूपण तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए निम्नांकित व्यक्तियों की एक न्यास समिति का गठन पाँच वर्षो के लिए किया गया था, जिसके कार्यकाल समाप्ति उपरान्त पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक 3340, दिनांक 28.12.2022 द्वारा एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया था।

1. श्री सरेश चन्द्र पाण्डेय (अ0 प्रा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) – अध्यक्ष,
2. श्री सच्चिदानन्द प्रसाद, पुत्र स्व0 चर्तुभुज साह, –उपाध्यक्ष,
3. श्री दिलीप जालान, पुत्र स्व0 पशुपति जालान –सचिव,
4. श्री रेवती प्रसाद गोयनका, पुत्र स्व0 नन्दलाल गोयनका –कोषाध्यक्ष,
5. श्री राजेन्द्र पटेल, पुत्र स्व0 भगवान सिंह –सदस्य,
6. प्रो0 मनोज सिंह, पुत्र स्व0 शिवपूजन सिंह –सदस्य,
7. डॉ के0 सी0 सिन्हा, पुत्र डॉ0 जे0 के0 सिंह –सदस्य,
8. श्री गोनौर महतो, पुत्र स्व0 धनाई महतो –सदस्य,
9. श्री पंचम राय, पुत्र स्व0 विश्वनाथ राय –सदस्य,
10. श्री अशेश्वर राय, पुत्र स्व0 रामअवतार राय, –सदस्य,
11. श्री अनील कुमार महतो, पुत्र श्री विश्वनाथ महतो –सदस्य,

न्यास समिति द्वारा मंदिर और मंदिर की भूमि की व्यवस्था हेतु सुचारू रूप से कार्य किया जा रहा है तथा न्यास के विकास हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, जो संतोषजनक प्रतीत होता है।

अतः पर्षद के विस्तृत आदेश दिनांक 20.12.2023 के आलोक में न्यास समिति का कार्यकाल दिनांक 28.12.2023 से अगले दो वर्ष (दिनांक 27.12.2025) के लिए बढ़ाया जाता है। **न्यास समिति अधिसूचना ज्ञापांक 2010, दिनांक 07.10.2016 में वर्णित शर्तो का पालन करेगी।** साथ हीं न्यास समिति के सदस्य डॉ0 के0 सी0 सिन्हा जो न्यास समिति के बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं और एक अन्य सदस्य गोनौर महतो के निधन हो जाने के कारण दोनों व्यक्तियों के स्थान पर क्रमशः **श्री प्रदीप कुमार केजरीवाल** एवं **श्री राजकुमार पासवान** को सदस्य के रूप में मनोनित किया जाता है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

2 मई 2023

सं0 394—श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ी, जिसकी निबंधन संख्या–4426 है। उक्त न्यास में 12 ए0 भूमि है, जिसमें पर्षद को जानकारी प्राप्त हुयी है कि 1.16 जमीन पूर्व न्यासधारी द्वारा अवैध रूप से बिना पर्षद की अनुमति के बिक्रय कर दिया गया है और लगभग 01 बी0 जमीन पर अतिक्रमण है। श्री रामलखन द्वारा पर्षद के निबंधन आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या–13210/15 दाखिल की गयी थी, जो दिनांक 22.04.2019 को निरस्त कर दी गयी। याची राम लखन शरण को निर्देश दिया गया कि पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर दावे के संबंध में पक्ष रखें।

उपरोक्त आदेश के आलोक में दिनांक 15.09.2019 से रामलखन शरण को लगातार अपने दावे के संबंध में कागजात दाखिल करने, स्पष्टीकरण तथा अपना पक्ष रखने के लिए लगभग 08 तिथियों से अवसर दिया जा रहा है और वह दिनांक 17.10.2020 एवं दिनांक 05.01.2021 को उपस्थित भी हुए, परन्तु उनके द्वारा अपने दावे के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज दाखिल नहीं किया और उन्हें दिनांक 05.01.2021 को अन्तिम अवसर भी दिया गया था तथा अंचलाधिकारी से न्यास समिति गठन हेतु नामों का प्रस्ताव भी मांगा गया। ग्रामीणों द्वारा समिति गठन किये जाने हेतु दिनांक 08.11.2020 को आमसभा करके दिनांक 05.01.2021 को आमसभा की प्रति दाखिल की गयी।

इसी बीच ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी कि निजी का दावा करने वाले पक्ष द्वारा भूमि का बिक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। अतः पर्षद के आदेश दिनांक 23.03.2021 द्वारा मंदिर की भूमि पर सभी प्रकार के क्रय–बिक्रय, स्थायी या अस्थायी निर्माण, बंधक आदि पर रोक लगा दी गयी है तथा सुनवाई हेतु दिनांक 05.12.2022 निर्धारित की गयी। परन्तु वह उक्त तिथि पर भी उपस्थित नहीं थे। संजीव कुमार वर्मा निजी का दावा किया जा रहा है, उनके तरफ से उनके अधिवक्ता शमा सिन्हा द्वारा कुछ कागजात दाखिल कर दावा किया जा रहा है, परन्तु सुनवायी की निर्धारित तिथि 05.12.2022 को संजीव कुमार वर्मा उपस्थित नहीं थे, निबंधित डाक पत्रांक 3723, दिनांक 30.01.2023 द्वारा आज की तिथि निर्धारित करते हुए सूचना दी गयी, परन्तु वह आज भी उपस्थित नहीं है और ग्रामीणों की तरफ से उपस्थित रामसकल साह एवं उनके अधिवक्ता का कथन है कि वर्ष 2020 से ग्रामीणों की समिति बनाकर मंदिर का संचालन किया जा रहा है।

उपरोक्त परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि मंदिर और मंदिर की भूमि की सुरक्षा, राग–भोग, पूजा–पाठ हेतु अस्थायी रूप से न्यास समिति का गठन किया जाय।

उपरोक्त परिस्थिति में मैं अखिलेश कुमार जैन, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0–43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ी** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, बेहतर प्रबंधन तथा सम्यक् विकास हेतु निम्नांकित योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने एवं संचालन के लिए आदेश दिनांक–16.03.2023 के आलोक में एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ीन्यास योजनाहोगा''** तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ी न्यास समिति''** होगा। जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का मुख्य कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समस्त आय न्यास के नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा अध्यक्ष या सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से इसका संचालन होगा।

4. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

5. न्यास समिति बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी प्रावधानों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चत करेंगे तथा वार्षिक आय का विवरण बजट एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बैठक का कार्यवृत एवं देय शुल्क राशि पर्षद को ससमय भेजेंगे तथा न्यास परम्परा का पालन करेंगे।

6. **न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति का हस्तान्तरण, बदलैन, बिक्रय तथा पट्टा पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा अगर वे ऐसा करते है तो शुन्य वो अवैध होगा।**

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेगें।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास समिति न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्था के साथ–साथ अतिक्रमित/हस्तांतरित भूमि यदि कोई है, को वापसी के लिए समुचित वैधानिक कार्रवाई करेगी।

10. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकुल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी। न्यास के प्रतिकुल कार्य करते पाये जाने की स्थिति में सदस्य को समिति के कार्यकाल की अवधि के दौरान ही उन्हे सदस्यता से मुक्त किया जा सकता हैं।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होगें तो उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13. न्यास समिति द्वारा किसी प्रकार कोई आयोजन किया जाता है तो जिसमें 05 लाख से अधिक की राशि खर्च का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसी प्रकार यदि मंदिर के विकास या संरचना के मद में 10 लाख रूपये अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसका अनुमानित खर्च विवरणी प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति पर्षद से लेना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अन्दर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जाएगी।

14. पशुओं के होने वाले बध और उनके प्रति होने वाली क्रुरता पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 (पी0सी0ए0) की धारा–11 भारतीय दंड संहिता (आई0पी0सी0) की धारा–428, 428 के तहत् दंडनीय अपराध बनाया गया है।

अतः न्यास/मठ/मंदिर में रहने वाल पशुओं (गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षताः करना जिसका उद्देश्य ''पशु का बध) होता हों या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हों, ऐसा कोई कार्य न्यासधारी/सेवैत/महंत/न्यास समिति के सदस्य द्वारा नहीं किया जायेगा।

अतः मंदिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए ग्रामीणों की आमसभा दिनांक 08.11.2020 जिसमें लगभग 200 से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे और उनके द्वारा जिन नामों का प्रस्ताव दिया गया है, उसे अस्थायी रूप से न्यास समिति का गठन 01 वर्ष के लिए किया जाता है, जो निम्न है :–

1. श्री रामसकल साह पिता स्व0 महेश साह	–	अध्यक्ष
2. श्री लक्ष्मी राय पिता स्व0 सोनफी राय	–	उपाध्यक्ष
3. श्री सुनील ठाकुर पिता श्री निर्मल ठाकुर	–	सचिव

4. श्री रामबाबू चौधरी पिता स्व0 रामदेव चौधरी	–	उप–सचिव
5. श्री लालबाबू साह पिता श्री जनक साह	–	कोषाध्यक्ष
6. श्री बैद्यनाथ महतो पिता स्व0 रामाश्रय महतो	–	सदस्य
7. श्री महेश भगत पिता स्व0 सुखा राउत	–	सदस्य
8. श्री मोहित सहनी पिता स्व0 डोमा सहनी	–	सदस्य
9. श्री रामवृक्ष पटेल पिता स्व0 सटहू महतो	–	सदस्य
10.श्री योगेन्द्र साह पिता स्व0 रामलखन साह	–	सदस्य
11.श्री संजय साह पिता श्री दीपलाल साह	–	सदस्य

पता :–श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ी।

NOTE:- राजस्व अभिलेख में मंदिर के सभी सम्पत्तियों का इन्द्राज मंदिर के नाम (श्री राम जानकी मंदिर, ग्राम+पो0–कंसार, थाना–बेलसण्ड, जिला–सीतामढ़ी) पर ही रहेगा, किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नामान्तरण अथवा संशोधन नहीं होगा।

भवदीय,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

20 जून 2024

सं0 819––कुरनिया माता का मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण जो पर्षद के अनतर्गत सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या–4781 है।

इस मंदिर के संबंध में अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि मंदिर बेतिया राज एवं बिहार सरकार की भूमि पर है। जिसपर किसी की जमाबंदी नहीं चलती है। इसलिए इसका निबंधन पर्षद में किया गया और स्थानीय ग्रामीणों की ओर से आमसभा दिनांक 03.12.2020 को की गयी, जिसमें ग्यारह सदस्यीय स्वयं–भू न्यास समिति का गठन किया गया है। इस मंदिर के संचालन कर रही स्वयं–भू न्यास समिति को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी द्वारा जलुस निकालने हेतु अनुमति तथा मेला आयोजन हेतु अनुमति समय–समय पर दी जाती रही है, इस संबंध में दस्तावेज भी दाखिल किया गया तथा मूर्ति विसर्जन आदि के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है, जो स्पष्ट करता है कि स्वयं–भू न्यास समिति द्वारा हीं पिछले अनेक वर्षो से उक्त मदिर की देख–भाल व्यवस्था आदि की जा रही है तथा मंदिर के संबंध में दाखिल नक्सा, मंदिर का फोटो आदि से स्पष्ट होता है कि मंदिर काफी विशाल रूप में है, जो पूर्ण रूप से व्यवस्थित और सुसज्जीत है। इसमें आम जनता का पूजा–पाठ करने का बिना किसी अवरोध के अधिकार है, इसमें दान–पेटी भी लगी हुई है और साप्ताहिक शुक्रवार और सोमवार को मेला लगता है, जिसमें काफी राशि चन्दे के रूप में प्राप्त होता है और स्वयं–भू समिति द्वारा ही उक्त चन्दे/दान, चढ़ावा आदि से मंदिर को काफी व्यवस्थित रूप में बनाकर रखा गया है।

अतः उपरोक्त परिस्थति में मैं अखिलेश कुमार जैन, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 एवं 83 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0–43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **कुरनिया माता का मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, बेहतर प्रबंधन तथा सम्यक् विकास हेतु निम्नांकित योजना का निरूपण करते हुए तथा इसे मूर्त रूप देने एवं संचालन के लिए विस्तृत आदेश दिनांक–18.03.2024 के आलोक में न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''कुरनिया माता का मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण''** तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''कुरनिया माता का मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण न्यास समिति''** होगा। जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. इस न्यास समिति का मुख्य कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

3. न्यास की समस्त आय न्यास के नाम किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलकर जमा किया जायेगा तथा अध्यक्ष या सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से इसका संचालन होगा।

4. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

5. न्यास समिति बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी प्रावधानों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चत करेंगे तथा वार्षिक आय का विवरण बजट एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बैठक का कार्यवृत एवं देय शुल्क राशि पर्षद को ससमय भेजेंगे तथा न्यास परम्परा का पालन करेंगे।

6. न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति का हस्तान्तरण, बदलैन, बिक्रय तथा पट्टा पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा अगर वे ऐसा करते है तो शुन्य वो अवैध होगा।

7. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक की कार्यवृत पर्षद् को प्रेषित की जायेगी।

8. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जायेगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद् को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

9. न्यास समिति न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा एवं व्यवस्था के साथ–साथ अतिक्रमित/हस्तांतरित भूमि यदि कोई है, को वापसी के लिए समुचित वैधानिक कार्रवाई करेगी।

10. इस योजना में परिर्वतन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद् में निहित होगा।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास सम्पत्ति से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकुल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी। न्यास के प्रतिकुल कार्य करते पाये जाने की स्थिति में सदस्य को समिति के कार्यकाल की अवधि के दौरान ही उन्हे सदस्यता से मुक्त किया जा सकता हैं।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होगें तो उनकी अर्हता के संबंध में उनका पक्ष सुनकर पर्षद फैसला लेगी।

13. न्यास समिति द्वारा किसी प्रकार कोई आयोजन किया जाता है तो जिसमें 05 लाख से अधिक की राशि खर्च का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति लेना आवश्यक होगा। इसी प्रकार यदि मंदिर के विकास या संरचना के मद में 10 लाख रूपये अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान हो तो उसका अनुमानित खर्च विवरणी प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति पर्षद से लेना आवश्यक है और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अन्दर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जाएगी।

14. न्यास समिति द्वारा किसी भी प्रकार का किराया/बन्दोबस्ती आदि तीन वर्ष से अधिक नहीं दिय जाएगा।

15. पशुओं के होने वाले बध और उनके प्रति होने वाली क्रुरता पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 (पी0सी0ए0) की धारा–11 भारतीय दंड संहिता (आई0पी0सी0) की धारा–428, 429 के तहत् दंडनीय अपराध बनाया गया है।

न्यास/मठ/मंदिर में रहने वाल पशुओं (गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षताः करना जिसका उद्देश्य ''पशु का बध) होता हों या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हों, ऐसा कोई कार्य न्यासधारी/सेवैत/महंत/न्यास समिति के सदस्य द्वारा नहीं किया जाये।

पर्षद द्वारा 01 वर्ष के लिए निम्न न्यास समिति का गठन किया जाता है, न्यास समिति निम्न प्रकार है :–

1. श्री विनय प्रसाद यादव, पुत्र–स्व0 जईलाल प्रसाद यादव, ग्राम–भसेड्वा, पोस्ट–खुरहिया, थाना –घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चंपारण – **अध्यक्ष**
2. श्री निर्भय राज, पुत्र–श्री रवि नारायण प्रसाद यादव, ग्राम+पोस्ट–कदमवा (यादव टोला), थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सचिव**
3. श्री कामेश्वर गीरी, पुत्र–स्व0 विधार्थी गीरी, ग्राम+पोस्ट–महदेवा, थाना–धोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **कोषाध्यक्ष**
4. श्री धर्मनाथ राय, पुत्र–श्री मीठू राय, ग्राम+पोस्ट–कदमवा (यादव टोला), थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
5. श्री विनय कुमार उर्फ राम विनय यादव, पुत्र–श्री शिवमंगल राय, ग्राम+पोस्ट–जगीरहा, थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
6. श्री संजय सिंह, पुत्र–स्व0 बालक सिंह, ग्राम–जगीरहा कोठी, पोस्ट–पुरनहिया, थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
7. श्री उपेन्द्र सिंह, पुत्र–स्व0 राजेन्द्र सिंह, ग्राम+पोस्ट–पुरनहिया, थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण, – **सदस्य**
8. श्री राजदेव राय, पुत्र–स्व0 शिवनाथ राय, ग्राम+पोस्ट–कदमवा (गुमस्ता टोला), थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
9. श्री उपेन्द्र राय, पुत्र–श्री गोरख राय, ग्राम+पोस्ट–कदमवा (यादव टोला), थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
10. श्री भरत साह, पुत्र–श्री उधो साह, ग्राम+पोस्ट–लक्ष्मीपुर लौखान, थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण – **सदस्य**
11. श्री रोहित कुमार, पुत्र–श्री विनय प्रसाद यादव, ग्राम–भसेड्वा, पोस्ट–खुरहिया, थाना –घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चंपारण – **सदस्य**

NOTE:- राजस्व अभिलेख में मंदिर के सभी सम्पत्तियों का इन्द्राज मंदिर के नाम **''कुरनिया माता का मंदिर, ग्राम+पोस्ट+थाना–घोड़ासहन, जिला–पूर्वी चम्पारण''** पर ही रहेगा, किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नामान्तरण अथवा संशोधन नहीं होगा।

NOTE:-यह अधिसूचना पर्षद द्वारा सर्वसम्मती से अनुमोदित है।

भवदीय,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

29 जून 2024

सं0 957––आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ फतुहां, दरियापुर, जिला–पटना बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–307है।

आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ, फतुहां कबीर पंथ की मुख्य शाखाओं में से एक है। कबीर पंथ के इतिहासकारों के अनुसार कबीर साहब के निर्वाण के पश्चात तत्वा और जीवा नामक संत के शिष्य, संत श्री गणेश दास द्वारा फतुहां कबीर पंथी मठ की स्थापना की गयी थी। डॉ० डेविड लॉरेन्सन ने अपनी पुस्तक ''Branches of Kabir Pant'' में कबीर पंथी मठ, फतुहां का उल्लेख किया है। इस न्यास की भूमि को लेकर तीन महंतों की हत्या हो चुकी है। न्यास की व्यवस्था हेतु पर्षद द्वारा पारित आदेश दिनांक– 23/09/2019 दिनांक– 21/04/2022 के विरूद्ध मा० उच्च न्यायालय में CWJC No.- 24051/2019 एवं CWJC No.- 9415/2022 दाखिल किया गया, जिसे सुनवायी के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक– 07/08/2023 द्वारा पर्षद के उपरोक्त आदेश को निरस्त करते हुये यह निर्देश दिया कि जिलाधिकारी, पटना एवं अनुमंडल पदाधिकारी, पटना स्थानीय समाचार पत्र में आम सूचना द्वारा सम्मानित एवं महत्वपुर्ण नागरिकों के नाम का प्रस्ताव प्राप्त कर, जिनका कोई अपराधिक इतिहास न हो, एक नियमित न्यास समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाय और किसी ऐसे व्यक्ति को भी जिनके विरूद्ध मठ की सम्पत्ति, वित्तीय अनियमितताओं का आरोप हो, न रखा जाय। उपरोक्त समिति बोर्ड के सदस्यों द्वारा सम्पुष्ट हो, प्रकाशित की जाय।

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जिलाधिकारी को पर्षदीय पत्रांक– 1887, दिनांक– 22/08/2023, दिनांक– 2142, दिनांक– 12/09/2023, दिनांक– 3850, दिनांक– 21/02/2024, पत्रांक– 26, दिनांक– 03/04/2024 को निबंधित डाक द्वारा भेजा गया। इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को पत्रांक– दिनांक– 2143, दिनांक– 12/09/2023, पत्रांक– 3849, दिनांक– 21/02/2024, पत्रांक– 27, दिनांक– 03/04/2024 भेजा गया।

पर्षद के उपरोक्त पत्र के आलोक में उप विकास आयुक्त, पटना का पत्रांक– 792, दिनांक– 10/04/2024 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी का पत्रांक– 716, दिनांक– 30/09/2024 जो प्रभारी वरीय उप समाहर्त्ता को तथा पत्रांक– 230, दिनांक– 12/03/2024 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रक्रिया का पालन करते हुये 44 व्यक्तियों की सूची उपलब्ध करायी गयी, जिसमें क्रम सं०– 1, 39, 41, 42, 44 के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में विचाराधीन होने का उल्लेख किया है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्राप्त सूची में से उक्त 06 व्यक्ति, जिनके विरूद्ध अपराधिक विचारण संबंधी प्रतिवेदन दी है, उन्हें छोड़कर शेष व्यक्तियों के नामों पर विभिन्न स्रोतों से जानकारी प्राप्त कर उक्त मठ की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुये अधिनियम की धारा– 32 के तहत स्थायी न्यास समिति का गठन किया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक– 21/04/2022 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए **आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ, फतुहां, दरियापुर, जिला–पटना** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति गठित की जाती है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ न्यास योजना, फतुहां, दरियापुर, जिला–पटना''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ न्यास समिति, फतुहां, दरियापुर, जिला–पटना''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. **न्यास के खाते का संचालन तीन सदस्यों (अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा, जिसमें एक सदस्य के रूप में कोषाध्यक्ष रहेंगे तथा अध्यक्ष या सचिव में से कोई एक सदस्य के संयुक्त हस्ताक्षर से किसी भी राशि की निकाशी की जा सकेगी।**
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।
9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण प्रतिवर्ष करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अहर्ता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. **अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में अध्यक्ष के सभी दायित्व का निर्वहन कार्यकारी अध्यक्ष सम्पादित करेगें।**
14. न्यास में अवस्थित सभी दुकानों, किरायेदारों तथा शाखा मठ, विद्यालय का किराया/आय की संग्रह का दायित्व सचिव एवं सह–सचिवों का होगा। ये न्यास की आय को संकलन कर कोषाध्यक्ष को हस्तगत करायेगें तथा कोषाध्यक्ष उपरोक्त राशि को न्यास के खाते में जमा करेगें। इस कार्य में पुरी पारदर्शिता स्थापित की जायेगी।
15. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
16. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
18. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1980 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास/मठ/मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक न्यास समिति 05 (पांच) वर्ष के लिए गठित की जाती हैः–

1. जिलाधिकारी, पटना –पदेन अध्यक्ष
2. श्री बिहारी दास चेला–गुरु सहाय –उपाध्यक्ष
पता–कबीर आश्रम, बखरी बाजार, तहसील–बखरी, जिला–बेगुसराय–848201
3. श्री बाल्मीकि सिंह पिता– श्री देव नारायण सिंह – सचिव
पता– पटेल नगर, फतुहां, जिला– पटना।
4. श्री विनोद कुमार पिता– श्री रामचन्द्र प्रसाद यादव –कोषाध्यक्ष
पता–रायपुरा, फतुहां, जिला– पटना।
5. श्री शिवानंद दास चेला महंत रामनरेश दास –सदस्य
पता–कबीर मठ, फतुहां, जिला– पटना।
6. श्रीमति शारदा देवी पति–श्री हदय नारायण झा –सदस्य
पता–कबीर मठ, फतुहां, जिला– पटना।
7. श्री दयानंद प्रसाद सिंह पिता– श्री रामाशिष सिंह – सदस्य
मिर्जापुर नोह्टा, फतुहां, जिला– पटना।
8. श्री नेमन सिंह पिता– श्री मुन्नी लाल सिंह – सदस्य
नोहटा, फतुहां, जिला– पटना।
9. थानाध्यक्ष, फतुहां, जिला– पटना – सदस्य

उक्त न्यास समिति का कार्यकाल अधिसूचना प्रकाशन की तिथि से 05 (पांच) वर्ष तक होगा।

उक्त आदेश के आलोक में **''आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ, फतुहां, दरियापुर, जिला–पटना''** के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन / विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————

3 जुलाई 2024

सं0 1028––श्री शंकर भगवान मंदिर,ग्राम+पोस्ट–अईमा, थाना+अंचल– खिजरसराय, जिला–गया,बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–$\frac{4773}{2023}$ है।

उक्त न्यास के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक प्रार्थना–पत्र एवं क्रमिक खतियान, थाना– 94, खाता– 343, खेसरा– 152, रकबा– 0.24 एकड़ भूमि, जो शंकर भगवान सेवायत राम दास के नाम से राजस्व अभिलेख में इन्द्राज है। उपरोक्त भूमि के संबंध में पर्षद को आरोप प्राप्त हुआ कि एक रामचन्द्र पासवान द्वारा दिनांक– 23/10/1990 को खेसरा– 153, 152, खाता– 459 एवं 343 की भूमि को अपने नाम से ही रामचन्द्र बालिका उच्च विद्यालय के नाम दान किया। पुनः उसी भूमि में से कुछ अंश को दिनांक– 09/04/2012 को खाता– 343, खेसरा– 152, कुल रकबा– 01.24 डी० में 40 डीसमिल भूमि का विक्रय अवैध रूप से बिना किसी अधिकार के आदित्य कुमार के पक्ष मे कर दिया और उक्त भूमि पर पुनः विक्रय एवं निर्माण करना चाहते हैं।

भूमि की सुरक्षा हेतु न्यास समिति गठित किये जाने के संबंध में ग्रामीणों द्वारा दिनांक– 26/07/2023 को एक बैठक कर पांच नामों का प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध कराया गया, जिसके चरित्र–सत्यापन हेतु संबंधित थाना को पत्र दिया गया। उक्त अवैध विक्रय के आधार पर नामांतरण के प्रार्थना–पत्र की जांचोपरांत अंचलाधिकारी द्वारा खारिज किया जा चुका है। रामचन्द्र पासवान एवं क्रेता को भी अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस निर्गत किया गया, परंतु उनके द्वारा कोई कथन आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया।

उपरोक्त परिस्थिति में प्रस्तावित नाम एवं प्रार्थना–पत्र पर विचारोपरांत एक योजना का निरूपण करते हुये इसके कार्यान्वयन हेतु अधिनियम की धारा– 32, 83 एवं उपविधि की धारा– 43 के तहत प्रस्तावित 07 व्यक्तियों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से किया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–18/04/2024 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 मेंएवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **श्री शंकर भगवान मंदिर, ग्राम+पोस्ट– अईमा, थाना+अंचल– खिजरसराय, जिला– गया**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्री शंकर भगवान मंदिर न्यास योजना, ग्राम+पोस्ट– अईमा, थाना+अंचल– खिजरसराय, जिला– गया''**होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''श्री शंकर भगवान मंदिर न्यास समिति, ग्राम+पोस्ट– अईमा, थाना+अंचल– खिजरसराय, जिला–गया''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।
8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।
10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।
11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।
12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।
13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।
14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।
15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।
16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।
17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।
18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रुप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है–

1. अंचलाधिकारी, खिजरसराय, जिला– गया – अध्यक्ष
2. श्री युगल यादव पिता– स्व० रामस्वरूप यादव – उपाध्यक्ष
3. श्री रविशंकर कुमार – सचिव
4. श्री शिवजी पंडित पिता– स्व० रामकिशुन प्रजापत – कोषाध्यक्ष
5. श्री मुसाफिर यादव पिता– स्व० बंधु यादव –सदस्य
6. श्री विनोद प्रसाद यादव पिता– स्व० बृजनंदन यादव – सदस्य
7. श्री अरविन्द यादव पिता– स्व० भुई यादव – सदस्य

सभी निवासी– ग्राम+पोस्ट– अईमा, थाना+अंचल– खिजरसराय, जिला– गया।

उक्त आदेश के आलोक में **राजस्व अभिलेख में ''श्री शंकर भगवान मंदिर, ग्राम+पोस्ट–अईमा, थाना+अंचल–खिजरसराय, जिला–गया''** के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

1 अप्रील 2024

सं0 01––पंचरूपी हनुमान मंदिर,राजवंशी नगर, शास्त्रीनगर मोड़, थाना+पोस्ट– गवर्नर हाउस, बेली रोड, जिला–पटना,बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–3656 है।

उक्त न्यास की व्यवस्था हेतु पर्षदीय पत्रांक– 1769, दिनांक– 10/11/2008 द्वारा एक न्यास समिति का गठन श्री राजेन्द्र खाँ (पुव डी०आई०जी०) की अध्यक्षता में किया गया है। इस न्यास समिति में 09 सदस्य थे। शेष रिक्त दो पदों पद दिनांक– 05/05/2010 को नियुक्ति की गयी। पर्षदीय आदेश पत्रांक– 1872, दिनांक– 08/01/2014 द्वारा कार्यरत न्यास समिति के कार्यकाल को विस्तारित किया गया। वर्ष 2018–19 की जो प्रति प्रस्तुत की गयी, उससे स्पष्ट हुआ कि मात्र

पांच–छः सदस्य ही उपस्थित होते हैं। चुंकि समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो चुकी है। तदनुसार नवीन न्यास समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

पर्षद को दिनांक– 05/09/2023 को श्री सुरेन्द्र दुबे उर्फ त्यागी जी द्वारा ग्यारह नामों का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। स्थानीय लोगों द्वारा दिनांक– 11/12/2023 को ग्यारह नामों का प्रस्ताव दिया गया। कार्यरत न्यास समिति के अध्यक्ष श्री राजेंद्र खाँ वर्ष 2022–23 की विवरणी समर्पित करते हुये प्रस्तावित नामों के संबंध में कुछ तथ्य इंगित किया गया।पर्षद द्वारा पुर्व में गठित न्यास समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष एवं एक सदस्य का कार्य न केवल संतोषजनक रहा है, बल्कि प्रशंसनिय भी रहा है। शेष सदस्य, न तो समिति की बैठक में उपस्थित होते हैं और न मंदिर के किसी प्रकार के विकास आदि में सहयोग करते हैं। समिति के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा शारीरिक स्थिति, अधिक आयु के कारण आगे समिति में रहने के लिए अपनी असमर्थता व्यक्त की है। कार्यरत न्यास समिति ने भी दिनांक– 28/12/2024 द्वारा 10 नामों का प्रस्ताव दिया है। स्थानीय जनता द्वारा दिनांक– 12/09/2023 द्वारा सदस्यों के नामों का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

मंदिर में नियमित रूप पूजा–अर्चना तथा मंदिर में श्रद्धा रखने वाले पुलिस महानिरीक्षक से भी पर्षद द्वारा संपर्क कर उस मंदिर की व्यवस्था में सहयोग हेतु कुछ नामों के प्रस्ताव की मांग की गयी थी। उनके द्वारा 09 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया।

उपरोक्त सभी सूचियों में मंदिर की व्यवस्था हेतु अधिनियम की धारा– 32, 83 एवं बिहार राज्य धार्मिक न्यास की उपविधि धारा– 43 के तहत अन्तर्गत एक योजना का निरूपण करते हुये एक न्यास समिति का गठन 05 वर्षों के लिये किया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–02/03/2024 द्वारा अनुमोदन के पश्चातबिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 एवं 83 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **पंचरूपी हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर, शास्त्रीनगर मोड़, थाना+पोस्ट– गवर्नर हाउस, बेली रोड, जिला– पटना**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम**''पंचरूपी हनुमान मंदिर न्यास योजना, राजवंशी नगर, शास्त्रीनगर मोड़, थाना+पोस्ट– गवर्नर हाउस, बेली रोड, जिला– पटना''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम **''पंचरूपी हनुमान मंदिर न्यास समिति, राजवंशी नगर, शास्त्रीनगर मोड़, थाना+पोस्ट– गवर्नर हाउस, बेली रोड, जिला– पटना''** जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।
2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।
3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।
4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।
5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।
6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।
7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा
